3 | राजधानी
आज थम जाएगा प्रचार मतदान की तैयारियां पूरी

6 | अभिमत
सशक्तीकरण से ही संभव है महिला सुरक्षा

9 | राष्ट्रीय
खरीद मामले में तीन आरोपियों को जमानत

10 | विदेश
कोयला खदान में धमाका नौ श्रमिकों की मौत

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 30
नई दिल्ली, शुक्रवार, 2 दिसम्बर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



ब्राजील से भिड़ने से बचना चाहेगा पुर्तगाल
स्पोर्ट्स-12

# पहले चरण में 60 फीसद पड़े वोट




**भाषा।** अहमदाबाद

**गुजरात** विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्ण ढंग से पूरा हो गया। निर्वाचन आयोग के मुताबिक 60 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस चरण में 19 जिलों के कुल 89 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले गए। आयोग के मुताबिक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में गड़बड़ी की कुछ शिकायतों को छोड़कर सुबह आठ बजे शुरू हुई मतदान प्रक्रिया कमोबेश हर जगह शांतिपूर्ण से पूरी हुई।

कुछ जगह थोड़ा.बहुत सामान्य विरोध की शिकायतें मिलीं। गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 89 विधानसभा सीटों पर बृहस्पतिवार शाम पांच बजे तक औसतन 59.24 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। निर्वाचन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मतदान सुबह आठ बजे शुरू हुआ था और शाम पांच बजे समाप्त हुआ। मतदान के अंतिम आंकड़े अधिक रहने की संभावना है क्योंकि मतदान प्रक्रिया अभी जारी है। जो मतदाता शाम पांच बजे से पहले मतदान केंद्रों पर पहुंच गए थे, वे मत डालने के लिए अभी कतारों में खड़े थे।

पहले चरण में 788 उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला होगा। इस चरण में सौराष्ट्र-कच्छ और दक्षिणी क्षेत्रों के 19 जिलों की 89 सीट के लिए मतदान हुआ। कुछ छिटपुट घटनाओं और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में गड़बड़ी की कुछ शिकायतों को छोड़कर सुबह आठ बजे शुरू हुई मतदान प्रक्रिया कमोबेश शांतिपूर्ण रही। निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदान का अंतिम आंकड़ा आना अभी बाकी है क्योंकि कुछ मतदान केंद्रों के आंकड़े प्राप्त नहीं हुए है और इसमें डाक मतपत्र भी शामिल नहीं थे। तापी जिले में सबसे अधिक 72.32 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। आदिवासी-प्रभुत्व वाले जिले में व्यारा और निजार दो विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। लगभग 68.09 प्रतिशत मतदान के साथ, नर्मदा जिला दूसरे स्थान पर रहा।

सौराष्ट्र क्षेत्र में भावनगर में शाम पांच बजे तक सबसे कम 51.34 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। नर्मदा के अलावा, चार अन्य जिलों में 60 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया जिनमें नवसारी (65.91 प्रतिशत), डांग (64.84 प्रतिशत), वलसाड (62.46 प्रतिशत) और गिर सोमनाथ ( शेष पेज 8 )

## मोदी का अहमदाबाद में 30 किमी लंबा रोड शो

**भाषा।** अहमदाबाद



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को अपने गृह राज्य गुजरात के तूफानी दौरे के दौरान अहमदाबाद में 30 किलोमीटर से अधिक लंबे रोड शो में हिस्सा लिया और तीन रैलियों को संबोधित करते हुए कांग्रेस की रावण वाली टिप्पणी के लिए मतदाताओं से पार्टी को विधानसभा चुनाव में सबक सिखाने का आह्वान किया।

पंचमहल जिले के कलोल में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि वह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का सम्मान करते हैं, लेकिन विपक्षी दल के आलाकमान के आदेशों के चलते खरगे को इस तरह की टिप्पणी करने के लिए मजबूर होना पड़ा। गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत बृहस्पतिवार को 89 सीटों पर मतदान हुआ, जबकि अहमदाबाद शहर की 16 सीटों समेत बाकी 93 सीटों पर पांच दिसंबर को वोट डाले जाएंगे। खरगे ने सोमवार को अहमदाबाद शहर में आयोजित एक रैली में कहा था कि प्रधानमंत्री सभी चुनावों में लोगों से उनका चेहरा देखकर वोट करने के लिए कहते हैं। उन्होंने पूछा था, क्या आप रावण की तरह 100 सिर वाले हैं।

बृहस्पतिवार को मोदी ने कहा, मैं खरगे जी का सम्मान करता हूं, लेकिन उन्हें पार्टी आलाकमान के आदेशों का पालन करना होता है। उन्हें यह कहने के लिए मजबूत किया गया कि मोदी के रावण जैसे 100 सिर हैं। उन्होंने कहा, लेकिन कांग्रेस इस बात से अनभिज्ञ है कि गुजरात राम भक्तों का प्रदेश है।

जिन लोगों ने भगवान राम के अस्तित्व पर कभी यकीन नहीं किया, वे सिर्फ मुझे गाली देने के लिए रामायण के रावण को लेकर आए हैं। कांग्रेस के नेताओं को लगता है कि मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल और देश के प्रधानमंत्री का अपमान करना उनका अधिकार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता इस तरह ( शेष पेज 8 )

# अमेरिका के साथ सैन्य अभ्यास चीन को भारत का कड़ा जवाब

- पड़ोसी देश की आपत्तियों पर विदेश मंत्रालय ने कहा- किसी तीसरे देश को वीटो नहीं दे सकते
- संयुक्त युद्ध अभ्यास का चीन के साथ 1993 और 1996 के समझौते से कोई लेना देना नहीं



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


**भारत** ने उत्तराखंड के ऑली में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास अमेरिका के साथ संयुक्त युद्ध अभ्यास पर चीन की आपत्तियों को सिरे से खारिज करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि वह ऐसे मुद्दों पर किसी तीसरे देश को वीटो नहीं दे सकता है।

चीन पर निशाना साधते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने संवाददाताओं से कहा कि ऑली में अमेरिका के साथ संयुक्त युद्ध अभ्यास का चीन के साथ 1993 और 1996 के समझौते से कोई लेना देना नहीं है। बागची ने कहा, चूंकि चीनी पक्ष ने इस मुद्दे को उठाया है, ऐसे में मैं इस बात को रेखांकित क-रूंगा कि चीन को 1993 और 1996 के समझौते के उसके द्वारा किए गए उल्लंघन करने के बारे में स्वयं सोचना चाहिए। उन्होंने कहा, भारत किसके साथ युद्ध अभ्यास करता है, उसको लेकर किसी तीसरे पक्ष वीटो प्रदान नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत का अमेरिका के साथ संबंध है और इसे कोई वीटो नहीं कर सकता।

ज्ञात हो कि चीन ने अमेरिका के साथ उत्तराखंड में भारत के युद्ध अभ्यास का विरोध करते हुए कहा था कि चीन-भारत से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा के करीब भारत और अमेरिका के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 1993 और 1996 में चीन और भारत के बीच हुए समझौते की भावना का उल्लंघन करता है। भारत के साथ संबंधों में दखल नहीं देने की अमेरिका को चीन की चेतावनी के बारे एक खबर के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कहा कि इस पर वह क्या कह सकते हैं, क्योंकि उन्हें धमकी नहीं दी गई। गौरतलब है कि चीन ने अमेरिकी अधिकारियों को चेतावनी दी है कि वे भारत के साथ उसके संबंधों में दखल न दें। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने कांग्रेस (संसद) में पेश एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

पेंटागन ने कहा है कि वर्ष 2021 के दौरान पीएलए ने भारत-चीन सीमा के एक खंड पर सैन्य बलों की तैनाती बरकरार रखी और एलएसी के पास बुनियादी ढांचे का निर्माण भी जारी रखा। रिपोर्ट में कहा गया है कि गतिरोध के समाधान के लिए भारत और चीन के बीच वार्ता में न्यूनतम प्रगति हुई है, क्योंकि दोनों पक्ष सीमा पर अपने-अपने स्थान से हटने का विरोध करते हैं। चीन में कोविड को लेकर पाबंदी ( शेष पेज 8 )

# जी-20 अध्यक्षता: साथ मिल कर काम करने का आह्वान




**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** ने बृहस्पतिवार को औपचारिक रूप से इंडोनेशिया से जी20 समूह की अध्यक्षता ग्रहण की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की जी20 अध्यक्षता को संरक्षण, सद्भाव और उम्मीद की अध्यक्षता बनाने के लिए एकजुट होने और मानव-केंद्रित वैश्वीकरण के एक नए प्रतिमान को स्वरुप देने के लिए साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत ने आज औपचारिक रूप से इंडोनेशिया से जी20 समूह की अध्यक्षता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान उसकी प्राथमिकताओं के बारे में लेख लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के विषय से प्रेरित होकर एकता को बढ़ावा देने के लिए काम करेगा और आतंक, जलवायु परिवर्तन, महामारी को सबसे बड़ी चुनौतियों के तौर पर सूचीबद्ध करेगा जिनका एक साथ मिलकर बेहतर तरीके से मुकाबला किया जा सकता है। उन्होंने कहा, भारत ( शेष पेज 8 )

## कैब, कोच व टैक्सी चालकों को किया जा रहा प्रशिक्षित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जी-20** सम्मेलन में भारत आने वाले विदेशी मेहमानों की सुविधा के लिए कैब/कोच और टैक्सी चालकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इन चालकों को कम से कम एक विदेशी भाषा के साथ-साथ विभिन्न देशों से आने वाले प्रतिनिधिमंडल के साथ कैसे बर्ताव करना है और किस प्रकार बोलना है, यह सिखाया जा रहा है, ताकि उन पर सकारात्मक प्रभाव पड़े और उन्हें कोई असुविधा न हो भारत को बृहस्पतिवार को एक साल के लिए जी20 की अध्यक्षता मिली है। इस दौरान देशभर के 55 स्थानों पर कार्यक्रम होंगे, ( शेष पेज 8 )

# अदालत में पेश नहीं हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वामी चिन्मयानंद

**भाषा।** शाहजहांपुर

**पूर्व** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती उच्चतम न्यायालय के आदेश के बावजूद बृहस्पतिवार को शाहजहांपुर की विशेष एमपी-एमएलए (सांसद-विधायक) अदालत में हाजिर नहीं हुए। अदालत ने उन्हें पेश होने के लिए और समय देने से इनकार करते हुए पुलिस को उन्हें गिरफ्तार कर आगामी नौ दिसंबर को न्यायालय में पेश करने के लिए कहा है।

एमपी-एमएलए अदालत की विशेष शासकीय अधिवक्ता नीलिमा सक्सेना ने बताया कि स्वामी चिन्मयानंद के विरुद्ध उनकी शिष्या द्वारा शहर कोतवाली में दर्ज कराए गए यौन शोषण के एक मामले में अदालत ने बृहस्पतिवार को फिर उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। इसमें उन्हें नौ दिसंबर को न्यायालय में पेश होने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि स्वामी चिन्मयानंद ने उच्च न्यायालय में मुकदमा वापस लेने की अपील की थी जो खारिज हो जाने के बाद उन्होंने उच्चतम न्यायालय में अपील की थी। लेकिन वहां से भी उनकी अपील खारिज हो गई। सक्सेना ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया था कि वह 30 नवंबर तक शाहजहांपुर न्यायालय में हाजिर हों, लेकिन वे हाजिर नहीं हुए थे। सक्सेना ने बताया कि बृहस्पतिवार को शाहजहांपुर की एमपी-एमएलए अदालत में चिन्मयानंद को पेश होना था, मगर वह पेश नहीं हुए।

इस पर उनके अधिवक्ता ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि स्वामी चिन्मयानंद ने अग्रिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय में अर्जी दाखिल की है, जिस पर छह दिसंबर को सुनवाई होनी है लिहाजा उन्हें हाजिर होने के लिए मोहलत दे दी जाए। लेकिन एमपी-एमएलए अदालत की न्यायाधीश आसमा सुल्ताना ने समय देने से इनकार कर दिया। न्यायालय ने पुलिस को निर्देश दिया कि स्वामी चिन्मयानंद को गिरफ्तार कर नौ दिसंबर को न्यायालय में पेश ( शेष पेज 8 )

## संसद के शीतकालीन सत्र में 16 नए विधेयक पेश करने की सरकार की योजना

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** की योजना सात दिसंबर से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र में 16 नए विधेयक पेश करने की है जिनमें बहु-राज्यीय सहकारी समितियों में जवाबदेही बढ़ाने और चुनावी प्रक्रिया में सुधार से संबंधित विधेयक शामिल हैं। आगामी सत्र में राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग विधेयक भी पेश किए जाने की संभावना है। इस विधेयक में राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग की स्थापना और दंत चिकित्सक कानून, 1948 को निरस्त करने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही राष्ट्रीय नर्सिंग आयोग संबंधी विधेयक भी पेश किए जाने की संभावना है जिसमें राष्ट्रीय नर्सिंग आयोग (एनएनएमसी) स्थापित करने एवं भारतीय नर्सिंग परिषद कानून 1947 को निरस्त करने का प्रस्ताव है। बृहस्पतिवार को जारी लोकसभा बुलेटिन के अनुसार, बहु-राज्यीय सहकारी समितियां (संशोधन) विधेयक, 2022 को सहकारी समितियों में शासन को मजबूत करने, पारदर्शिता व ( शेष पेज 8 )

# न्यायिक अधिकारी के आपत्तिजनक वीडियो के प्रसारण पर रोक लगी



- हाईकोर्ट ने कहा- प्रसारण से वादी के निजता के अधिकारों का हनन होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्च** न्यायालय ने एक न्यायिक अधिकारी और एक महिला के आपत्तिजनक वीडियो को साझा करने या पोस्ट करने पर रोक लगा दी है। यह वीडियो 29 नवंबर को सामने आया था और सोशल मीडिया पर यह खूब वायरल हो रहा है। अदालत ने कहा कि इसके प्रसारण से वादी के निजता के अधिकारों का हनन होगा।

बुधवार देर रात को जारी आदेश में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने पीड़ित पक्ष की पहचान को छिपाने की अपील को मंजूरी दी और कहा अंतरिम एकपक्षीय निषेधाज्ञा कि जरूरत है क्योंकि वीडियो का प्रसारण कई कानूनों का उल्लंघन करता है। उच्च न्यायालय की पूर्ण अदालत ने स्वयं अपने प्रशासनिक पक्ष से घटना का संज्ञान लिया है और कहा कि उसके महापंजीयक ने अधिकारियों से कहा है कि वीडियो को सभी मैसेजिंग और सोशल मीडिया मंचों के साथ इंटरनेट सेवा प्रदाता (आईएसपी) पर ब्लॉक किए जाने के लिए उचित कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

अदालत ने अपने आदेश में कहा, वीडियो की सामग्री स्पष्ट रूप से यौन प्रकृति की है जिससे आसन्न, गंभीर एवं व्यक्ति के निजता के अधिकारों के हनन का अंदेशा है। ऐसे में दूसरे पक्ष की राय जाने बिना इस संबंध में फैसला सुनाना ठीक नहीं होगा। अदालत ने केंद्र से यह सुनिश्चित करने के ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 63,284 | ↑ 184 |
| निफ्टी | 18,812 | ↑ 54 |
| सोना | 53,677 | ↑ 352 /10g |
| चांदी | 65,003 | ↑ 1447 /kg |

## क्विक न्यूज

### ऑनलाइन बख्शीश मांग रहा था कोर्ट जमादार, हो गया सस्पेंड

**प्रयागराज।** आपने कर्मचारियों को बख्शीश लेते तो खूब देखा होगा लेकिन इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक कोर्ट जमादार अनोखे ढंग से बख्शीश मांगने लगा, जिसकी फोटो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। कोर्ट जमादार अपने कमर पर पेटीएम बारकोड स्कैनर लगाकर वकीलो से ऑनलाइन बख्शीश मांग रहा था। इसके बाद कोर्ट ने उसे सस्पेंड कर दिया। बारकोड के जरिए वकीलों से बक्शीस लेने वाले कोर्ट जमादार कभी फोटो वायरल होने के बाद मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने इसे गंभीरता से लियाण् और उसके खिलाफकार्रवाई के आदेश दिए, इसके बाद उसे निलबिंत कर दिया गया। निलंबन के आदेश में लिखा गया है कि न्यायालय जमादार राजेन्द्र कुमार.1 कर्मचारी नंबर 5098 के खिलाफसख्त एक्शन हुआ है।

## कश्मीरी पंडितों के अपमान का नहीं था इरादा: लापिद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**इजरायली** फिल्म निर्देशक नादव लापिद ने कहा है कि अगर फिल्म द कश्मीर फाइल्स पर उनकी टिप्पणी का गलत अर्थ निकाला गया तो वह माफी मांगते हैं। उनका उद्देश्य कश्मीरी पंडित समुदाय या पीड़ित लोगों का अपमान करना नहीं था। हालांकि लापिद ने इसी के साथ फिल्म की फिर आलोचना की। लैपिड हाल ही में गोवा में आयोजित भारत के 53वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में अंतरराष्ट्रीय जूरी अध्यक्ष थे और उन्होंने विवेक अग्निहोत्री फिल्म को अश्लील और प्रोपेगैंडा करार देकर विवाद खड़ा कर दिया था। इसके लिए इजरायली राजदूत को माफी तक मांगनी पड़ी थी, लेकिन लापिद अपनी टिप्पणी पर अडिग थे। इजरायली ( शेष पेज 8 )

# मप्र में अंतिम पड़ाव की तरफ राहुल, साथ चलीं स्वरा

- भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुईं अभिनेत्री लोगों से जुड़ने की अपील
- चार दिसंबर को राजस्थान में प्रवेश करेगी यात्रा, सरगर्मियां हुईं तेज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/उज्जैन

**मध्य** प्रदेश को मथते हुए राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा राज्य के आखिरी जिले आगर मालवा में पहुंच गई है। यहां से यात्रा चार दिसंबर को राजस्थान में प्रवेश करेगी, जहां यात्रा को लेकर पहले की सरगर्मियां तेज हो गई हैं।

मध्य प्रदेश में काफी चर्चा बटोर रही यात्रा में बृहस्पतिवार को अभिनेत्री स्वरा भास्कर भी शामिल हुईं। उन्होंने लोगों से भी इसमें साथ चलने की अपील की। अभिनेत्री स्वरा भास्कर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ उज्जैन में यात्रा से जुड़ीं। कांग्रेस के ट्विटर हैंडल से गांधी के साथ भास्कर की तस्वीर साझा की गई। ट्वीट में लिखा है, आज मशहूर अभिनेत्री स्वरा भास्कर भारत जोड़ो यात्रा का हिस्सा बनीं। समाज के ( शेष पेज 8 )



## राजस्थान में यात्रा का विरोध नहीं करेगा गुर्जर समुदाय

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान में प्रवेश करने से पूर्व गुर्जर समुदाय की लंबित मांगों को हल करने के लिए राज्य सरकार की ओर से गठित मंत्रियों की तीन सदस्यीय समिति और गुर्जर समुदाय के प्रतिनिधिमंडल के बीच वार्ता में बृहस्पतिवार को आम सहमति बन गई। इसके बाद समुदाय के नेताओं ने अपना विरोध प्रदर्शन बंद करने की घोषणा की। बैठक के बाद खेल मंत्री अशोक चांदना और गुर्जर नेता विजय बैंसला ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में विरोध प्रदर्शन बंद करने की घोषणा की। मंत्री चांदना ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि गुर्जर प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाए गए 90 प्रतिशत से अधिक मुद्दों पर निर्णय लिया गया है। सरकार और विशेष रूप से मुख्यमंत्री ने मुद्दों को हल करने के लिए एक सकारात्मक रुख व्यक्त किया। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के नेता विजय बैंसला ने कहा कि बैकलॉग रिक्तियों और पदोन्नति पर बैठक में लिया गया निर्णय आने वाली पीढ़ियों को लाभान्वित करेगा। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का राजस्थान में स्वागत है। अति पिछड़ा वर्ग (एमबीसी) के तहत आने वाले गुर्जर सहित पांच समुदाय के लोग नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में पांच प्रतिशत आरक्षण, छात्रों को छात्रवृत्ति और नौकरियों में पदोन्नति से संबंधित मुद्दों के समाधान की मांग कर रहे हैं।

## विहिप ने लव जिहाद और गैरकानूनी धर्मांतरण के खिलाफ देशव्यापी अभियान शुरू किया

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने बृहस्पतिवार को यह दावा करते हुए एक राष्ट्रव्यापी जनजागरण अभियान शुरू किया कि देशभर में लव जिहाद और अवैध धर्मांतरण हो रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अनुषंगी संगठन विहिप के एक महीने लंबे जनजागरण अभियान का उद्देश्य लव जिहाद के खिलाफ एक प्रतिरोधी बल तैयार करना है। विहिप के संयुक्त महासचिव सुरेंद्र जैन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस अभियान के तहत विहिप की युवा शाखा बजरंग दल बृहस्पतिवार से 10 दिसंबर तक देश के हर प्रखंड में शौर्य यात्रा निकालेगी। उन्होंने कहा, बजरंग दल देश के सभी प्रखंडों में शौर्य यात्रा निकालेगा, ताकि युवाओं में शौर्य की भावना विकसित हो और कोई भी हमारी बहनों एवं बेटियों को लव जिहाद का शिकार बनाने की हिम्मत न जुटा ( शेष पेज 8 )

# प्रेमी संग मिलकर युवती को मारा फिर रचा खुद की हत्या का नाटक

**● अपनी पहचान मिटाकर रिश्तेदारों की हत्या करने की रही थी साजिशः पुलिस**



**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

थाना बिसरख पुलिस ने एक युवती की हत्या कर उसके चेहरे पर तेजाब डालकर सबकी पहचान मिटाने के मामले में एक युवक और युवती को हिरासत में लिया है।

बताया जाता है कि हिरासत मे ली गई युवती के माता-पिता ने पूर्व में आत्महत्या कर ली थी। उसको शक था कि उसके रिश्तेदारों की वजह से उसके माता-पिता ने आत्महत्या की है। इस बात का बदला लेने के लिए उसने अपने आप को मृत घोषित कर, उनकी हत्या की योजना बनाई थी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना बिसरख क्षेत्र में स्थित गौर सिटी मॉल से 12 नवंबर को हेमा नामक युवती लापता हो गई थी। इस मामले की जांच में जुटी थाना बादलपुर पुलिस को पता चला कि बढ़पुरा गांव की रहने वाली पायल नामों की युवती की दोस्ती फेसबुक के माध्यम से बुलंदशहर के रहने वाले अजय ठाकुर नामक युवक से हुई। युवती ने हेमा को अपने जाल में फंसाकर अपने पास बुलाया तथा उसकी चाकू से गोदकर हत्या कर दी।

पायल ने हेमा के शरीर पर अपने कपड़े और सिंगार के सामान पहना दिये और उसके मुंह को तेजाब से जला दिया। बाद में गांव के लोगों ने युवती की पहचान पायल के रूप में की तथा उसका अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस ने अजय ठाकुर और पायल को हिरासत में लिया। जब दोनों से पूछताछ की गई तो पायल ने पुलिस को बताया कि उसके माता.पिता ने कुछ समय पूर्व आत्महत्या कर ली थी। उसे शक है कि उसके रिश्तेदारों के उत्पीडन् के चलते उन्होंने आत्महत्या की है।

अपने रिश्तेदारों की हत्या करने के लिए उसने अजय ठाकुर के साथ मिलकर प्लान बनाया।

अजय ठाकुर ने भी बुलंदशहर के सिकंदराबाद थाने में अपनी गुमशुदगी दर्ज करवा दी थी।

## बैंक के पूर्व कैशियर की संदिग्ध मौत

नोएडा। सेक्टर-20 में रहने वाले बैंक से रिटायर्ड कैशियर का शव उनके घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए थाना सेक्टर 20 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि सेक्टर.20 बी ब्लॉक में रहने वाले पवन कुमार तिवारी बैंक से कैशियर पद पर रिटायर हुए थे। वह सेक्टर 20 में अकेले ही रहते थे।

## नगर निगम के 96 कूड़ाघर होंगे खत्म, काम शुरू

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम के आयुक्त डॉ नितिन गौड़ ने औद्योगिक क्षेत्रों का गुरुवार को भ्रमण किया। उद्यमियों ने अपने क्षेत्र की सफई व्यवस्था और जर्जर सड़क मार्गों की समस्या नगरायुक्त के समक्ष रखीं। नगरायुक्त ने इन्हें हल कराने का भरोसा दिया। नगरायुक्त ने लोहा मंडी, स्वदेशी कंपाउंड तथा पटेल नगर सेकेंड में गार्बेज वूलर्नरबल पाइंट को खत्म करने के लिए चल रही कार्रवाई का जायजा लिया। नगरायुक्त ने बताया शहर के पांच जोनों में 96 कूड़ा डलावघर स्थायी रूप से समाप्त किए जाने हैं।

इसके बाद इन सभी स्थानों पर सौंदर्यकरण कराया जाएगा। अब तक पसोंडा पुलिया शौचालय के पास, वजीराबाद रोड, 80 फुटा रोड, ईदगाह रोड, रजनीगंधा अपार्टमेंट के सामने, श्याम पार्क मेट्रो स्टेशन शौचालय के पास, अकबरपुर बहरामपुर ग्रीन होटल के पास, चौधरी सीट के पास सम्राट चौक पर, रेलवे रोड कोतवाली के पास कूड़ा डलावघर खत्म करने पर काम शुरू हो चुका है।

# गाजियाबाद को अपराध मुक्त बनाने की प्राथमिकताः कमिश्नर



अजय कुमार मिश्रा

**● कमिश्नरेट सिस्टम पूरी तरह लागू होने में लगेगा दो माह का वक्त**

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

गाजियाबाद कमिश्नरेट के पहले पुलिस कमिश्नर 2003 बैच के आईपीएस अजय कुमार मिश्रा ने मीडिया से रबरू होते हुए कहा कि वह बातों में नहीं काम में विश्वास रखते हैं और दिखावे से भी दूर रहते हैं।

पत्रकारों के सवाल के जवाब देते हुए श्री मिश्रा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता कमिश्नरेट को अपराधमुक्त व आमजनों को भयमुक्त करने की होगी। उन्होंने कहा कमिश्नरेट सिस्टम का पूरी तरह क्रियांवन होने में जहां दो से चार माह लग जायेगें, वहीं न्यायायिक शक्तियों के स्थानांतरित होने में कम से कम पंद्रह दिन लगेंगे। उन्होंने बताया कि उनका पहला काम अपराध पर नियंत्रण, वारदातों का खुलासा और महिलाओं व छात्राओं के साथ घटित होने वाली घटनाओं पर अंकुश लगाना होगा।

इसके अलावा कमिश्नरेट सिस्टम को वैज्ञानिक व भौतिक स्तर पर मजबूत करने की कवायद उन्होंने शुरू कर दी है।

उन्होंने बताया कि यूपीएससी के फाइनल रिजल्ट में उनकी पांचवी रैंक आई थी। इतनी अच्छी रैंक के आने पर भी उन्होंने आईपीएस कैडर चुना, क्योंकि उनके पिता पुलिस महकमें में थे और इसी वजह से उन्हें खाकी से प्यार हो गया था।

# 25 मिनट तक लिफ्ट में फंसी रहीं 3 बच्चियां

**● सोसाइटी के एओए और सचिव के खिलाफ दर्ज कराया केस**

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**



गाजियाबाद के क्रासिंग रिपब्लिक की ऐसोटेक द नेस्ट सोसायटी में तीन बच्चियों के लिफ्ट में फंसने के मामले में बुधवार रात को रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। लिफ्ट में फंसने की घटना 29 नवंबर की शाम की है।

इस मामले में थाना क्रासिंग रिपब्लिक में सोसायटी की एओए अध्यक्ष चित्रा चतुर्वेदी और सचिव अभय झा के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। सोसाइटी के डी टावर में रहने वाले शिवम गहलोत ने बताया कि तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली उनकी बेटी तेजस्विनी 29 नवंबर को अपनी दोस्त मिषिका और वैदेही के साथ पार्क में जाने के लिए फ्लैट से निकली थी तीनों नें 11वें तल से लिफ्ट में प्रवेश किया। आरोप है कि दरवाजा बंद हुआ, लेकिन लिफ्ट नहीं चली। बच्चियों के चिल्लाने और लिफ्ट का दरवाजा पीटने की आवाज सुनकर फ्लोर पर रहने वाले लोगों ने मेंटेनेंस टीम को सूचना दी। करीब 25 मिनट बाद दरवाजा खुला तो तीनों बच्चियों को निकाला गया।

एसएचओ क्रासिंग रिपब्लिक अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने बताया कि शिकायत के आधार पर चित्रा चतुर्वेदी और अभय झा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इस संबंध में चित्रा चतुर्वेदी को फोन किया तो उनका नंबर स्विच आफ था।

अभय झा का कहना है कि शाम की घटना थी, जिसमें गार्ड ने तुरंत दरवाजा खोलने का प्रयास किया। दरवाजा नहीं खुला तो मेंटेनेंस टीम को सूचना देकर तुरंत बच्चों को बाहर निकलवा लिया गया था।

# नाले में मिले अज्ञात युवक के शव की हुई पहचान

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

सूरजपुर थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र में 29 नवंबर को नाले में मिले अज्ञात युवक के शव की पहचान हो गई है। मृतक के परिजनों ने उसकी पहचान जारचा थाना अंतर्गत ग्राम मिलक खटाना के निवासी राजपाल के पुत्र अरुण के रूप में की है।

अरुण के परिजनों ने बादलपुर थाना में नौ दिन पहले उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के प्रवक्ता ने बताया कि 29 नवंबर को सूरजपुर थाना क्षेत्र के निक्कों मोड़ औद्योगिक क्षेत्र के नाले में एक युवक का शव पुलिस को मिला था।

शव की पहचान के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से प्रयास किया। बुधवार की शाम को कुछ लोग सूरजपुर थाना पहुंचे तथा उन्होंने मृतक की पहचान अरुण कुमार के रूप में की। अरुण जीटी रोड स्थित हीरो मोटर्स कंपनी में नौकरी करता था। उसके बड़े भाई अजय ने बताया कि 20 नवंबर को अरुण कंपनी से ड्यूटी समाप्त करने के बाद दुजाना गांव में अपनी बुआ के घर गया था।

## कलह से चलते युवक ने फंदा लगाकर दी जान

नोएडा। कुलेसरा गांव में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के पीछे पारिवारिक कलह का कारण बताया जा रहा है। थाना ईकोटेक 3 प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि बीती शाम कुलेसरा गांव में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की सूचना मिली।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक जांच में पता चला कि मृतक का नाम उपेंद्र बाल्मीकि उर्फ नरेश पुत्र भगवानदास है और वह मूल रूप से बरेली का रहने वाला था।

## संक्षिप्त समाचार



जागरूकता कार्यक्रम एवं जन संवाद का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि।

### अनीमिया से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम

**गाजियाबाद।** ट्रांस हिंडन इलाके में महिलाओं में अनीमिया से बचाव के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम एवं जन संवाद का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आईएएस संतोष कुमार यादव ने दीप जला कर किया। इस अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोशिएशन के नेशनल प्रेसिडेंट डॉ हृषिकेश डी पाई, गाजियाबाद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भावतोष शंखधर,यशोदा हॉस्पिटल कौशांबी की निदेशिका डॉ उपासना अरोड़ा, डॉ जे बी शर्मा, प्रोफेसर एम्स विशिष्ट अतिथि थे। फोग्सी के नॉर्थ ज़ोन की वाइस प्रेसिडेंट डॉ यशोधरा प्रदीप एवं डॉ अल्का पाण्डेय के साथ साथ डॉ प्रियाँकुर राय चेयरपर्सन फोग्सी अवेयरनेस कमिटी एवं डॉ आशीष मुखोपाध्याय, कोलकाता ने पैनल डिस्कशन में अध्यक्षता की। कार्यक्रम में डॉ शारदा जैन, डॉ गुंजन गुप्ता, डॉ सोमना गोयल, डॉ दीपा, डॉ शालिनी अग्रवाल, डॉ गरिमा त्यागी, डॉ वंदना जैन को अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

### दिव्यांगों के पुनर्वास में गाजियाबाद अव्वल

**गाजियाबाद।** सरकारी स्तर पर विभिन्न योजनाएं आमजन के लाभ पहुंचाने के लिए लाई जाती हैं, लेकिन कई बार उन योजनाओं का लाभ आमजन तक नहीं पहुंच पाता और योजनाएं ठंडे बस्ते में चली जाती हैं। गाजियाबाद के डीएम आरके सिंह की कार्यशैली इस मामले में अलग है। वह सिर्फ जनता की समस्याएं हर दिन न सिर्फ खुद सुनते हैं, बल्कि उनके निस्तारण को लेकर भी मॉनीटिरिंग करते हैं। यही स्थिति सरकारी योजनाओं को लागू कराने में भी रहती है। योजनाओं का लाभ पात्र को मिल रहा है या नहीं इसकी मॉनीटिरिंग निरंतर डीएम आरके सिंह द्वारा की जाती है। उनके इसी प्रयास का नतीजा है कि जिले में दिव्यांगों के लिए शासन स्तर से चलाई गई योजनाओं का लाभ न सिर्फ उन तक पहुंच रहा है, बल्कि योजनाओं के तहत दिव्यांगों का पुर्नवास भी बेहतर तरीके से हो रहा है।

### एंबूलेंस मित्र सेवा हेल्पडेस्क का शुभारंभ

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मुरादनगर तहसील क्षेत्र स्थित सीएचसी में अब एंबुलेंस संबंधी जानकारी मरीजों को आराम से मिल सकेगी। गुरुवार को सीएचसी पर डिप्टी सीएमओ डॉ जीपी मथुरिया और सीएचसी प्रभारी डॉ प्रदीप यादव ने फीता काटकर एंबुलेंस मित्र सेवा हेल्पडेस्क का शुभारंभ किया। डॉ जीपी माथुरिया ने बताया कि 102 एंबुलेंस सरकारी अस्पताल में भर्ती डिलीवरी व नसबंदी के मरीजों को उनके घर तक पहुंचाती है। इस मौके पर प्रोग्राम मैनेजर जयविंदर सिंह, डॉ दवीलाल, डॉ दिनेश, डॉ नवनीत, शमशेर अहमद, मंतोष कुमार, अजीत सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

### विश्व एड्स दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

**गाजियाबाद।** विश्व एड्स दिवस पर रेडक्रॉस सोसायटी व क्षय रोग नियंत्रण विभाग द्वारा नंदग्राम स्थित मान्यवर कांशीराम राजकीय कॉलेज से जागरूकता रैली निकाली गई। डीएम आरके सिंह ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में स्कूल.कॉलेजों के छात्र.छात्राएं, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी.कर्मचारी शामिल हुए। स्कूली बैंड, एनसीसी कैडेट्स सहित अनेक छात्रों ने हाथों में तख्तियां लेकर लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस दौरान एचआईवी रोग से बचाव, निदान और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डीएम आरके सिंह ने रैली में शामिल छात्रों व अन्य लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया। यह जागरूकता रैली नंदग्राम के विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरी। रैली में गुरुनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, एसडी इंटर और मान्यवर कांशीराम राजकीय कॉलेज के छात्र.छात्राएं शामिल हुए। रैली में सीएमओ डॉ भवतोष शंखधर, जिला क्षयरोग नियंत्रण अधिकारी डॉ डीएम सक्सेना, डॉ किरण गर्ग, डीआईओएस राजेश, कॉलेज प्राचार्या प्रो अर्चना वर्मा, सुभाष गुप्ता, योगेन्द्र कुमार आदि शामिल रहे।

## सीईओ ने जल विभाग को दी चेतावनी

**नोएडा।** जल विभाग से संबंधित कामकाज की नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने समीक्षा की। समीक्षा में पानी की गुणवत्ता बढ़ाने की योजनाओं पर तेजी से काम करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा 31 दिसंबर तक शहर के आंतरिक हिस्से में गंगाजल वितरण का काम लक्ष्य के मुताबिक नहीं किए जाने पर यूआरएनएन और यूपी जल निगम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। सीईओ ने कहा कि 3 रेनीवेल के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है जबकि बाकी 3 रेनीवेल के लिए 15 दिसंबर तक टेंडर जारी कर दिए जाएं।

# कैब में छूटा आभूषण से भरा बैग, पुलिस ने ढूंढ़ निकाला

**● बेटी की सगाई के लिए ग्रेटर नोएडा आया था एनआरआई**

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**



एनआरआई को एक करोड़ रुपए मूल्य के आभूषण से भरे बैग को लौटाती पुलिस।

अपनी बेटी की सगाई के लिए ग्रेटर नोएडा के पांच सितारा होटल में आए लंदन के एक प्रवासी भारतीय (एनआरआई) परिवार का बैग निजी कैब में छूट गया जिसमें एक करोड़ रुपए मूल्य के आभूषण थे।

पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों के भीतर कैब चालक का पता लगाकर बैग ढूंढ लिया तथा उसे परिवार को वापस कर दिया। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के प्रवक्ता ने बताया कि बुधवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित पांच सितारा होटल में निखिलेश कुमार सिन्हा की बेटी की मेहंदी की रस्म का कार्यक्रम था।

सिन्हा परिवार सहित गुरुग्राम से कैब लेकर ग्रेटर नोएडा स्थित होटल पहुंचे। उन्होंने बताया कि जब वह कार से उतरे तो उनका बैग कार की डिग्गी में छूट गया जिसमें करीब एक करोड़ रुपए मूल्य के आभूषण थे। सिन्हा ने बताया कि उन्होंने घटना की सूचना बिसरख थाने में दी।

पुलिस ने निजी कैब सेवा प्रदाता कंपनी के चालक की गाड़ी का लाइव लोकेशन लिया और गाजियाबाद के लाल कुआं के पास से कैब चालक को खोज निकाला।

पुलिस ने बताया कि कैब चालक अन्य यात्री को लेकर जा रहा था और उसे बैग के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। बैग मिलने पर एनआरआई परिवार ने पुलिस को धन्यवाद दिया।

# यातायात माहः नोएडा पुलिस ने 40694 वाहनों के किए चालान

**● वाहनों के चालान कर 1659800 का समन शुल्क वसूल किया गया**

**पायनियर समाचारसेवा। नोएडा।**



ऑटो चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाते पुलिसकर्मी।

यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे यातायात नवंबर माह का बुधवार को विधिवत समापन हुआ। यातायात माह के दौरान स्कूल कॉलेजों के छात्र.छात्राओं, वाहन चालकों को नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने पर 40694 वाहनों के चालान कर 1659800 का समन शुल्क वसूल किया गया।

सेक्टर 14 ए स्थित डीसीपी ट्रैफिक कार्यालय पर यातायात माह के समापन अवसर पर डीसीपी ट्रैफिक गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि यातायात माह के दौरान लोगों को जागरूक करने के साथ साथ लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। करीब 40694 वाहनों के चालान किए गए और 280 वाहनों को सीज किया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में कुल 526128 चालान किए गए वह 28765900 रुपए समन शुल्क वसूला गया। यातायात माह के दौरान विभिन्न माध्यमों से लोगों को नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इसके अलावा अलग.अलग स्थानों पर नेत्र शिविरों का भी आयोजन करवा कर वाहन चालकों के आंखों की जांच कराई गई। यातायात माह के दौरान स्कूली छात्र, छात्राओं को यातायात संकेत व नियमों का पालन करने का प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान मुख्य रूप से जागरूकता कार्यक्रम के लिए स्कूल व शैक्षिक संस्थानों को चुना गया था। नुक्कड़ नाटक व यातायात पुलिस द्वारा निकाली गई बाइक रैली के माध्यम से भी लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि जनपद में पूर्व में चयनित 35 ब्लैक स्पॉट को एआरटीओ, पीडब्ल्यूडी व संबंधित विकास प्राधिकरण से संपर्क कर व्यापक सुधार की कार्रवाई की गई और 20 ब्लैक स्पॉट समाप्त किए गए। वर्तमान में 15 ब्लैक स्पॉट हैं जिनके सुधार की कार्यवाही चल रही है।

यातायात माह के समापन अवसर पर सभी यातायात निरीक्षक, एनजीओ तथा शहर के जागरूक लोग मौजूद थे।

**भौतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | धीरज कुमार/ मेसर्स एयर गुरु ट्रैवल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड/ शिल्पा श्रीवास्तव/मधुसूदन प्रसाद श्रीवास्तव/ LBDEL00005057084 | प्लॉट नंबर 3, टावर-डी, फ्लैट नंबर-101, फिलिप्स सीजीएचएस लिमिटेड, पहली मंजिल, सेक्टर-23, द्वारका, दिल्ली/ नवंबर 28, 2022 | जून 23, 2021 ₹ 1,55,42,193/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : दिसम्बर 02, 2022**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

**[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]**
**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है, उनका **भौतिक अधिग्रहण** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है", "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | मिस कंचन कुमारी (कर्जदार), श्री रघुनाथ शर्मा (सह- कर्जदार) LBDEL00002866980 | एलआईजी फ्लैट नंबर-276, तीसरी मंज़िल, ब्लॉक-बी2, पॉकेट-सी, नरेला, दिल्ली। क्षेत्रफल 453.16. वर्गफीट | रु. 14,91, 764.32/- (नवम्बर 28, 2022 तक) | रु. 14,25, 000/- / रु. 1,42,500/- | दिसम्बर 23, 2022 को दो. 02:00 बजे से दो. 04:00 बजे तक | जनवरी 09, 2023 सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **जनवरी 07, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इन संरक्षित संपत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में **जनवरी 07, 2023** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित **जनवरी 07, 2023** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक **जनवरी 07, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9599281817** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड व 3. मेटेक्स नेट प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : दिसम्बर 02, 2022**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

**[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]**
**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा अचल आस्तियों की बिक्री हेतु यह ई-नीलामी बिक्री सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्जदार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत जारी की जा रही है। एतद् द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, ''जैसी है जहाँ है'', ''जैसी है जो भी है'' तथा ''जो भी है वहाँ है'' आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी :

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री देवेंद्र सिंह (कर्ज़दार), श्रीमती डिंपल कुशवाह (सह-कर्ज़दार) ऋण खाता संख्या QZGRN00005009725 | हाउस नंबर 1447-सी/13, पहली मंज़िल, रियर एलएचएस, खसरा नंबर 600/93, गली नंबर 13, गोविंदपुरी, कालकाजी, नई दिल्ली क्षेत्र का परिमाप 360 वर्गफीट | रु. 12,55,653/- (नवम्बर 28, 2022 तक) | रु. 10,53, 000/- / रु. 1,05, 300/- | दिसंबर 09, 2022 को दो. 01:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | दिसंबर 26, 2022 को दो. 12:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **दिसंबर 23, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस संरक्षित संपत्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में **दिसंबर 23, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित **दिसंबर 23, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **दिसंबर 23, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9599281817** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु संलग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : दिसंबर 02, 2022**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# आज थम जाएगा प्रचार, मतदान की तैयारियां पूरी

## मतदाताओं को रिझाने के लिए राजनीतिक दलों ने झोंकी पूरी ताकत

● 4 को मतदान, 7 दिसंबर को आएंगे नतीजे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



चुनावी सामग्री ले जाते चुनाव अधिकारी। फोटोः रंजन डिमरी

दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए प्रचार अभियान शुक्रवार शाम थम जाएगा। प्रचार के अंतिम दिन राजनीतिक दलों से लेकर निर्दलीय प्रत्याशी शक्ति प्रदर्शन करेंगे। राज्य चुनाव आयोग 4 दिसंबर को होने वाले मतदान के तैयारियों शुरू कर दी है। निगम चुनाव में इस बार संवेदनशील बूथों की संख्या बढ़ी हैं। पूर्वकालिक तीनों नगर निगम के वर्ष 2017 के चुनाव में 13 हजार 138 बूथ बनाए गए थे। इसमें 3284 संवेदनशील बूथ थे। जबकि वर्ष 2022 में 250 सीटों के लिए हो रहे मतदान में 3356 संवेदनशील बूथ है। जो कि पिछले चुनाव की तुलना में 72 बूथ अधिक हैं।

दिल्ली नगर निगम चुनाव में 1,349 प्रत्याशी ही मैदान में हैं। जिसमें 640 पुरुष और 709 महिला प्रत्याशी हैं। पिछले चुनाव में 2,500 से ज्यादा प्रत्याशी थे। इस बार कम प्रत्याशी होने से कई जगह त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा। इस चुनाव में जीत का सेहरा किस दल के सिर पर सजेगा। यह तो चार दिसंबर को होने वाले चुनाव और सात दिसंबर की मतगणना के बाद ही चलेगा, लेकिन जिस हिसाब से महिला प्रत्याशियों ने नामांकन किए हैं, उससे लगता है कि इस बार महिला पार्षदों का दबदबा रहने वाला है। राज्य चुनाव आयोग के अनुसार सर्वाधिक 17 प्रत्याशियों ने नजफगढ़ वार्ड नामांकन किया है, जबकि सादतपुर समेत सात वार्ड में सबसे कम चार प्रत्याशियों ने नामांकन किए। भाजपा ने 135 सीटों पर महिला प्रत्याशियों को उतारा है, जबकि आम आदमी पार्टी ने 138 सीटों पर महिला प्रत्याशियों पर भरोसा जताया है। कांग्रेस ने 50 प्रतिशत सीटें महिला प्रत्याशियों को दी हैं।

## ड्यूटी से बचने के लिए कर्मचारियों के अजब-गजब बहाने

**नई दिल्ली।** निगम चुनाव में ड्यूटी से बचने के लिए इन दिनों कर्मचारी अजब-गजब बहाने लेकर निर्वाचन अधिकारी के समक्ष पहुंच रहे हैं। कोई खुद को बीमार तो कोई मां को बीमार बता रहा है। कोई रिश्तेदार की शादी का कार्ड लेकर आ रहा है तो कोई खुद की शादी की बात कर रहा है। कर्मचारियों के इन आढ़े-तिरछे बहानों से एक तरफ जहां निर्वाचन अधिकारी तंग आ चुके है, तो वहीं कुछ अधिकारी कर्मचारियों के चटकारे लेते हुए नजर आ रहे हैं।निर्वाचन अधिकारियों का कहना हैं कि चुनाव आयोग के पास अपने कोई स्थायी कर्मचारी नहीं होते है। निगम चुनाव के लिए शिक्षा विभाग से उन्हें जिन कर्मचारियों की सूची मिली है उनमें से कुछ कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके है और शेष चुनाव ड्यूटी से नाम हटवाने के लिए विभिन्न बहानों के साथ उनके समक्ष पहुंच रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि कुछ कर्मचारियों की दलील बिल्कुल बेबुनियाद है।

## तीन दिन नहीं बिकेगी शराब

**नई दिल्ली।** नगर निगम चुनाव के कारण शुक्रवार से रविवार तक राष्ट्रीय राजधानी में शराब की बिक्री पर पाबंदी रहेगी। दिल्ली नगर निगम के 250 वार्ड के चुनाव के लिए रविवार को मतदान होना है। मतगणना सात दिसंबर को की जाएगी।

आबकारी विभाग ने घोषणा की कि सात दिसंबर भी शुष्क दिवस के तौर पर मनाया जाएगा। शुष्क दिवस वे दिन होते हैं जब सरकार दुकानों, क्लबों, बार आदि में शराब की बिक्री पर रोक लगा देती है।

आयुक्त आबकारी कृष्ण मोहन उप्पु ने बुधवार को एक अधिसूचना में कहा कि दिल्ली आबकारी नियम, 2010 के नियम 52 के प्रावधानों के अनुसार यह आदेश दिया जाता है कि दो दिसंबर से चार दिसंबर तथा सात दिसंबर को शुष्क दिवस के तौर पर मनाया जाएगा।

## चुनाव के दौरान अतिरिक्त सतर्कता पर जोरः पाठक

● नियमित गश्त,और स्थानीय स्तर पर खुफिया जानकारी जुटाने पर ध्यान दिया जा रहाः पुलिस



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी में होने वाले निकाय चुनावों में दिल्ली पुलिस का जोर निगरानी बढ़ाने, सांप्रदायिक तनाव की आशंका पर लगाम लगाने और प्रत्याशियों को अवैध माध्यमों से मतदाताओं को लुभाने से रोकने पर होगा।

एमसीडी चुनावों से पहले दिल्ली में तेज हुई राजनीतिक सरगर्मी के बीच विशेष आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) दीपेंद्र पाठक ने कहा कि अधिकतर आबादी सिंघु से लेकर गाजीपुर तक फैले उनके अधिकार क्षेत्र वाले आठ जिलों में रहती है, लिहाजा यह इलाका विभिन्न राजनीतिक दलों का ज्यादा ध्यान आकर्षित कर रहा है।

दीपेंद्र पाठक ने कहा, पिछले छह से आठ हफ्तों से पुलिसिंग एमसीडी चुनावों पर केंद्रित है। नियमित गश्त, सतर्कता बरतने और स्थानीय स्तर पर खुफिया जानकारी जुटाने पर ध्यान दिया जा रहा है। सूचनाओं का मिलान कर रहे हैं और क्षेत्रवार आंकड़ों का विश्लेषण कर रणनीति तैयार कर रहे हैं। क्षेत्र की जनसांख्यिकीय संरचना और वहां से किस्मत आजमा रहे उम्मीदवारों का भी विश्लेषण कर रहे हैं।

सभी क्षेत्रों को स्कैन किया जाएगा, स्थानीय मुद्दों पर ध्यान दिया जाएगा और उसके अनुसार रणनीति बनाई जाएगी। इन कारकों के आधार पर स्थानीय और जिला पुलिस अपनी गश्ती की योजना तैयार कर रही है और उनका ध्यान सूचनाएं एकत्रित करने पर है।

अगर यह एक सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील इलाका है तो क्षेत्र में क्या चल रहा है, हमें इसकी विस्तृत जानकारी हासिल करने की जरूरत है। पाठक के मुताबिक, होमगार्ड, अर्धसैनिक बलों और उड़न दस्तों को उसी के हिसाब से तैनात किया जाएगा। जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों को रात में कार्यालय में रुकने का निर्देश जारी किया गया है।

# भाजपा ने लोगों को ठगाः सिसोदिया


त्रिलोकपुरी में डिप्टी सीएम सिसोदिया को फूल माला पहनाते आप समर्थक।

● डिप्टी सीएम ने त्रिलोकपुरी और पटपड़गंज में की नुक्कड़ सभाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

एमसीडी चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है। नेताओं की जुबान तीखी होती जा रही है।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर हमला बोलते हुए हुए कहा कि बच्चा-बच्चा जनता है कि एमसीडी का मुख्य काम क्या है। हर जनसभा में जब वह लोगों से पूछते है कि हम कि एमसीडी का मुख्य काम क्या है तो बच्चे-बुजुर्ग-नौजवान सभी एक स्वर में जबाव देते है कचरा साफ करना। लेकिन भाजपा पिछले 15 सालों से यही समझकर काम करती रही कि एमसीडी का मुख्य काम लोगों की जेबें साफ करना है। जनता इनसे परेशान है और अबकी बार एमसीडी चुनावों में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाकर भाजपा को निगम से बाहर का रास्ता दिखाएगी। मनीष सिसोदिया बृहस्पतिवार को कोंडली, त्रिलोकपुरी और पटपड़गंज विधानसभा के 10 वार्डों में नुक्कड़ सभाएं की और लोगों से एमसीडी में भी केजरीवाल की सरकार बनाने और अपने वार्ड में केजरीवाल का पार्षद चुनने की अपील की है।

एमसीडी में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर उन्हें समय से वेतन व सभी सुविधाएँ देंगे और साथ मिलकर दिल्ली को दुनिया का सबसे सुंदर शहर बनायेंगे। लेकिन ऐसा न हो जाये कि नगर निगम में केजरीवाल की सरकार हो और किसी इलाके में भाजपा का पार्षद बन जाये।

ऐसा हुआ तो वह केवल लड़ता रहेगा, जनता के काम रुकवाएगा। केजरीवाल काम करवाएंगे, साफ-सफाई करवाएंगे, सड़कें, गलियां बनवायेंगे, पार्कों को ठीक करवाएंगे, आवारा पशुओं से छुटकारा दिलवाएंगे।


कांग्रेस प्रत्याशी के लिए प्रचार करते चौधरी अनिल कुमार।

## आठ साल में आप ने किए सिर्फ झूठे वादे : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने नगर निगम चुनाव के लिए पटपड़गंज विधानसभा के पटपड़गंज, मंडावली और विनोद नगर वार्ड में प्रचार किया। उन्होंने वार्डों में लोगों से जनसम्पर्क के दौरान कांग्रेस उम्मीदवारों को वोट देने की अपील की।

चौ. अनिल कुमार ने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी दोनों ने पिछले 15 वर्षों और 8 वर्षों में दिल्ली के लोगों से झूठे और अधूरे वादे करके केवल धोखा किया है। क्षेत्र में सफाई व्यवस्था ध्वस्त है और कूड़े और गंदगी के ढेर लगे हुए है। हम दिल्ली को स्वच्छ वातावरण और साफ सुथरा शहर बनाऐंगे। उन्होंने कांग्रेस दिल्लीवालों की समस्याओं की हर समस्या का समाधान करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस दिल्ली को फिर से चमकती दिल्ली बनाने का संकल्प लिया है, दिल्ली भाजपा-आम आदमी पार्टी की भ्रष्टाचार और प्रदूषण मुक्त शासन चाहती है। कुमार ने कहा कि हम दिल्ली को मेरी चमकती दिल्ली बनाऐंगे।

# वोट खरीदने की तलबगार आप : अनुराग

● कांग्रेस-आप ने झुग्गी वालों को गुमराह किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


रोड शो के दौरान अभिवादन स्वीकार करते केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग ठाकुर ने एमसीडी चुनावों में बृहस्पतिवार को विकासपुरी, हरि नगर, मादीपुर, विष्णु गार्डन, राजौरी गार्डन, ख्याला व उत्तम नगर में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाएँ एवं जनसंपर्क कर आम आदमी पार्टी के संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि पहले केजरीवाल को यू-टर्न लेने के लिए जाना जाता था। अब उन्हें झूठे वायदे करने, उनको ना निभाने और फिर उससे भी ज्यादा ललचाने वाले वादे करने के लिए जाना जाता है। कट्टर भ्रष्टाचार ही आज केजरीवाल की पहचान है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देकर अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली को लूटने का काम किया है और अब एमसीडी चुनावों में झूठे दावों और वादों से यहाँ भी लूट मचाने के लिए लालायित हुए बैठे हैं। शराब घोटाले में कहीं फंस ना जाएं इसलिए सिसोदिया 14 फोन इस्तेमाल कर रहे थे, यानी उनको पीएम मोदी का खौफ है, और इसलिए उससे बचने के रास्ते निकाल रहे हैं। आज ही प्रदेश भाजपा के नेताओं ने उनके बहुचर्चित काम की हकीकत जाना तो पता चला कि 25 करोड़ रुपये की लागत से बना स्मॉग टॉवर आज बेकार पड़ा है।

हर महीने उसमें जनता की गाढ़ी कमाई के बीस लाख जा रहे हैं। चुनाव जीतने के लिए केवल लालच ही नहीं दे रहे लोगों को बल्कि टिकटें भी बेच रहे हैं, स्टिंग ऑपरेशंस ने दिखा दिया है कि हर सीट बेची गई है। आरडब्लूए वालों को लालच दे रहे हैं कि उनको मिनी पार्षद बना देंगे, सीधी सीधी चुनाव प्रक्रिया में जो नहीं हैं, उनको लालच देकर वोट खरीदना चाहते हैं।

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, राष्ट्रीय मंत्री सुनील देवधर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता कई बड़े नेता कालकाजी स्थित परिसर को देखने पहुंचे जहां उन्होंने झुग्गी वालों से बातचीत की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जहां झुग्गी वहाँ मकान के तहत कालकाजी स्थित 3024 फ्लैट्स की चाबी गरीबों को सौंपकर उनके सपने को साकार किया है।

## पूर्व क्रिकेटर को रियल एस्टेट कंपनी ने नहीं लौटाई रकम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा के बकाया रुपये नहीं देने पर दिल्ली महिला आयोग सख्त हो गया है। आयोग की अध्यक्ष स्वाति स्वाति मालीवाल ने रियल एस्टेट कंपनी शिप्रा एस्टेट लिमिटेड को समन जारी कर 9 दिसंबर तक जवाब मांगा है। चोपड़ा का आरोप है कि कंपनी ने भुगतान के बावजूद फ्लैट नहीं दिया

अंजुम चोपड़ा ने दिल्ली आयोग में एक शिकायत दर्ज की थी, जिसमें उन्होंने बताया कि उन्होंने वर्ष 2006 में इंदिरापुरम, गाजियाबाद में मैसर्स शिप्रा एस्टेट लिमिटेड की एक परियोजना में एक फ्लैट बुक किया था और वर्ष 2013 तक कुल निवेश का लगभग 60 फीसदी भुगतान कर दिया था। उक्त संपत्ति उनको नहीं सौंपी गई और कंपनी द्वारा अत्यधिक देरी के कारण उन्होंने वर्ष 2020 में कंपनी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि कंपनी उनके पैसे वापस कर देगी। उस समझौता के तहत समझौते के ढाई महीने के भीतर राशि वापस की जानी थी। लेकिन दो वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी उन्हें अब तक बकाया नहीं मिला है।

## सदर बाजार में चाकू से हमला कर व्यक्ति की हत्या

**नई दिल्ली।** सदर बाजार इलाके में सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव मिला है। मृतक के शरीर पर धारदार हथियार से चोट के निशाना पाए गए हैं। आशंका है कि रंजिश में उसकी हत्या की गई है। मरने वाले की पहचान नबी करीम के निवासी मोहम्मद शाहिद के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार बुधवार की शाम एक राहगीर ने सड़क किनारे किसी का शव पड़ा देखा और इसकी जानकारी पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने छानबीन के दौरान उसके शरीर पर चाकू से हमले के कई निशान पाए। मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## वजीफे संग प्रशिक्षण योजना केलिए 4 हजार आवेदन



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● इस योजना के तहत 110 सीटें निर्धारित की गई है : डीयू

दिल्ली विश्वविद्यालय को स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए वजीफा के साथ प्रशिक्षण प्रदान करने की योजना के तहत 3,800 से अधिक आवेदन मिले हैं। इस योजना के तहत 110 सीटें निर्धारित की गई हैं।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में उम्मीदवारों के साक्षात्कार की प्रक्रिया जारी है और चुने गए उम्मीदवारों की सूची एक सप्ताह के भीतर सार्वजनिक कर दी जाएगी। छात्र कल्याण के डीन पंकज अरोड़ा ने मीडिया से बातचीत में बताया, डीयू को वजीफे के साथ इंटर्नशिप योजना के तहत 110 सीटों के लिए करीब 3,800 आवेदन मिले हैं।

साक्षात्कार प्रक्रिया जारी है और मंगलवार तक यह पूरी हो जाएगी। एक सप्ताह में चुने गए उम्मीदवारों की सूची जारी कर देंगे और अगले दिन से ही इंटरशिप शुरू हो जाएगा। मालूम हो कि कुलपति इंटर्नशिप योजना की घोषणा विश्वविद्यालय ने गत सितंबर में किया था ताकि विद्यार्थियों को प्रायोगिक अध्ययन के साथ एकीकृत संज्ञात्मक ज्ञान से कुशल बनाया जा सके।

इस योजना के तहत नियमित और ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप होगी। योजना के तहत नियमित प्रशिक्षुओं को हर महीने पांच हजार रुपये का और ग्रीष्म प्रशिक्षु को 10 हजार रुपए महीने का वजीफा मिलेगा। साथ ही हर साल पांच प्रतिशत की दर से यह राशि बढ़ाई जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार


पुरस्कार वितरण के दौरान डीडीसीए पदाधिकारी।

### डीडीसीए लीग का वार्षिक पुरस्कार समारोह

**नई दिल्ली।** डीडीसीए लीग एंड टूर्नामेंट कमिटी ने वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन अरुण जेटली स्टेडियम में किया गया। हॉट वेदर के विजेता टेफिंकन क्लब को चार लाख रुपये और रनअप टी एनके खन्ना क्लब को तीन लाख का इनाम दिया गया। वहीं एलिट- की चैपियन टीम लाला चरण अग्रवल क्लब को एक लाख 60 हजार रुपये इनाम के रूप में मिले। इस मौके पर प्रेजिडेंट रोहन जेटली मुख्य अतिति के रूप में मौजूद रहे। सचिव सिद्धार्थ वर्मा, वाइस प्रेजिडेंट शशि खन्ना व संयुक्त सचिव राजन मनचंदा भी समारोह में मौजूद रहे।

### यूआईएल का आईपीओ बंद होगा आज

**नई दिल्ली।** यूनिपार्ट्स इंडिया लिमिटेड का प्राइस बैंड रुपये 10 अंकित मूल्य के रुपये 548 से रु. 577 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया। न्यूनतम 25 इक्विटी शेयर और उसके बाद 25 इक्विटी शेयरों के गुणक में बोली लगाई जा सकती है। ऑफर शुक्रवार से बंद होगा।

### आईएफएसईसी इंडिया एक्सपो का अनावरण



**नई दिल्ली।** बी2बी इवेंट आर्गेनाइजर, इन्फोर्मा मार्केट्स इन इंडिया का बिजनेस सिक्योरिटी कार्यक्रम, इंटरनेशनल फायर एंड सिक्योरिटी एक्जीबिशन एंड कांफ्रेंस इंडिया एक्सपो के 15वें संस्करण की शुरुआत प्रगति मैदान में हुई। इसमें 180 से अधिक ब्रांड अपने इनोवेटिव उत्पादों को प्रदर्शित कर रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि राजेश कुमार, आईपीएस जॉइंट कमिश्नर, दिल्ली पुलिस और अखिलेश श्रीवास्तव, आईटी सलाहकार, उत्तराखंड सरकार द्वारा किया गया। एक्सपो की थीम के अनुरूप, सर्विलांस, जीपीएस, गेट ऑटोमेशन और पार्किंग मैनेजमेंट ने बाजार के आकार और मांग में शानदार वृद्धि दर्ज की है।

# आफताब का नार्को टेस्ट पूरा, रिपोर्ट का इंतजार

**श्रद्धा हत्याकांड**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




● जांच पूरी तरह सफल, आरोपी का स्वास्थ्य ठीकः अधिकारी

रोहिणी के अंबेडकर अस्पताल में गुरुवार को नार्को टेस्ट के दौरान आफताब ने बेहोशी की हालत में कई अहम खुलासे किए। आरोपी ने श्रद्धा की हत्या करने की बात तो स्वीकार की ही, साथ ही उसने यह भी बताया कि हत्या के बाद उसने किन हथियारों से उसके टुकड़े किए। श्रद्धा के कपड़े कहां फेंक। करीब दो घंटे तक नार्को जांच हुई। अधिकारियों ने बताया कि पूनावाला की नार्को जांच पूरी तरह सफल रही और उसका स्वास्थ्य पूरी तरह ठीक है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आफताब पूनावाला को सुबह आठ बजकर 40 मिनट पर रोहिणी के डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर हॉस्पिटल लाया गया और नार्को जांच सुबह करीब 10 बजे शुरू हुई। जांच के बाद उसे चिकित्सीय निगरानी में रखा गया। नार्को जांच से पहले पूनावाला की रक्तचाप, नाड़ी की गति, शरीर का तापमान और दिल की धड़कन की जांच समेत अन्य सामान्य जांच की गई। इस प्रक्रिया के तहत, पूनावाला और उसकी जांच कर रही नार्को टीम की पूरी जानकारी के साथ एक सहमति फॉर्म उसके समक्ष पढ़ा गया। फॉर्म पर उसके हस्ताक्षर करने के बाद नार्को जांच की गई।

नार्को जांच में सोडियम पेंटोथल, स्कोपोलामाइन और सोडियम एमिटल जैसी दवा दी जाती है जो व्यक्ति को एनेस्थीसिया के विभिन्न चरणों तक लेकर जाती है। सम्मोहन (हिप्नोटिक) चरण में व्यक्ति पूरी तरह होश हवास में नहीं रहता और उसके ऐसी जानकारियां उगलने की अधिक संभावना रहती है जो वह आमतौर पर होश में रहते हुए नहीं बताता है। जांच एजेंसियां इस जांच का इस्तेमाल तब करती हैं जब अन्य सबूतों से मामले की साफ तस्वीर नहीं मिल पाती है।

पुलिस ने पहले कहा था कि उसने पूनावाला की नार्को जांच की मांग की है क्योंकि पूछताछ के दौरान उसके जवाब भ्रामक रहे। उच्चतम न्यायालय का आदेश है कि नार्को जांच, ब्रेन मैपिंग और पॉलिग्राफी जांच संबंधित व्यक्ति से मंजूरी लिए बिना नहीं की जा सकती हैं।

## 'पूनावाला के कबूलनामे की कोई कानूनी वैधता नहीं'

**नई दिल्ली।** श्रद्धा वालकर हत्याकांड के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के एक मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए गए बयान समेत कथित कबूलनामों की कोई निर्णायक कानूनी वैधता नहीं है। विशेषज्ञों ने यह बात कही है। पुलिस और अन्य आधिकारिक सूत्रों ने हालांकि, यह दावा किया है कि पूनावाला ने अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की हत्या करने तथा उसके शव के टुकड़े-टुकड़े करने की बात कबूल कर ली है लेकिन उसके वकील ने कहा कि पूनावाला ने इससे इनकार किया कि उसने जुर्म कबूला है।

कानूनी विशेषज्ञों ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए एक मजिस्ट्रेट के समक्ष किए गए पूनावाला के कबूलनामे पर भी सवाल उठाया और इसे आपत्तिजनक तथा अभूतपूर्व बताया। बुधवार को उसने रोहिणी की फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) में हुई पॉलिग्राफी जांच में अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। इससे पहले 22 नवंबर को दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने दावा किया था कि पूनावाला ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए मजिस्ट्रेट को बताया कि उसने आवेश में आकर वालकर की हत्या की और यह जानबूझकर नहीं किया। इसके तुरंत बाद पूनावाला के वकील अविनाश कुमार ने कहा कि उनके मुवक्किल ने कभी मजिस्ट्रेट के समक्ष ऐसा कोई कबूलनामा नहीं दिया। वीडियो कांफ्रेंस के जरिए कबूलनामे पर दिल्ली उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश आर एस सोढी ने कहा, यह पेश करने का आपत्तिजनक तरीका है। आप नहीं जानते कि वह किस तरह के दबाव में है।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलकर काम करेंगे गुरुग्राम विवि व मानव रचना विवि

### गुरुग्राम विश्वविद्यालय और मानव रचना इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के बीच साइन एमओयू

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**गुरुग्राम** विश्वविद्यालय और मानव रचना इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सहयोग विकसित करने के लिए हाथ मिलाया है। गुरुवार को कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और चांसलर प्रशांत भल्ला की अध्यक्षता में गुरुग्राम विश्वविद्यालय और मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज फरीदाबाद के बीच एमओयू साइन किया गया। गुरुग्राम विवि की ओर से कुलपति प्रो. दिनेश कुमार एवं मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज की ओर से कुलपति डॉ. संजय श्रीवास्तव ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू के तहत दोनों पक्षों के शिक्षकों की भागीदारी के साथ पर्यावरण के मुद्दों और इसके अभिनव समाधानों के बारे में जागरुकता बढ़ाने, ज्ञान/नवीनतम विकास का प्रसार करने एवं अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संगोष्ठियों, सम्मेलनों, कार्यशालाओं, समृद्ध व्याख्यान कार्यक्रमों का संयुक्त रूप से आयोजन किया जाएगा। इस एमओयू के तहत आपसी संवर्धन के उद्देश्य से स्टाफ एक्सचेंज को लागू किया जाएगा। जिससे आपसी समझ अकादमिक सहयोग और पर्यावरण सम्बन्धी विषय पर अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा। दोनों पक्ष पर्यावरणीय चुनौतियों को कम करने और बड़े पैमाने पर आम आदमी और समाज को स्थायी पर्यावरण के हित में काम करने के लिए एवं पंचमहाभूत पृथ्वी, जल, जंगल, वायु और ऊर्जा के प्रति जागरुकता एवं इसके सुधारीकरण के लिए मिलकर काम करेंगे।

इस एमओयू के तहत ठोस कचरे का बेहतर तरीके से प्रबंधन के लिए दोनों पक्ष साथ मिलकर काम करेंगे। इस अवसर पर जीयू के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि मानव रचना यूनिवर्सिटी के साथ यह एमओयू दोनों संस्थानों के लिए फायदेमंद साबित होगा। पर्यावरण संरक्षण को बेहतर बनाने की दिशा में दोनों मिलकर काम करेंगे।



गुरुग्राम विवि में पर्यावरण संरक्षण के लिए करार पर हस्ताक्षर करते गुरुग्राम विवि के कुलपति व मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज से कुलपति डॉ. संजय श्रीवास्तव।

# गुरुग्राम-पटौदी-रेवाड़ी एनएच का 12 प्रतिशत काम हुआ पूरा : राव इंद्रजीत

### केंद्रीय मंत्री ने निर्माणाधीन फोरलेन गुरुग्राम-पटौदी-रेवाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग का किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**केंद्रीय** मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने गुरुवार को पटौदी पहुंचकर निर्माणाधीन फोरलेन गुरुग्राम-पटौदी-रेवाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्य की प्रगति का जायजा लिया। यह राजमार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर-352 डब्ल्यू का हिस्सा है।

केंद्रीय मंत्री ने पटौदी पहुंचकर सर्वप्रथम पटौदी बाईपास पर चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान एनएचएआई से इस परियोजना के निदेशक धीरज सिंह ने केंद्रीय मंत्री को अवगत करवाया कि अभी तक इस राजमार्ग का करीब बारह प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। परियोजना में 168 स्ट्रक्चर ऐसे थे, जिन्होंने मुआवजा लेने के बाद भी कब्जा नहीं छोड़ा। पिछले तीन दिनों से चल रहे तोड़फोड़ अभियान मे इन स्ट्रक्चर को क्लीयर किया गया है। इसके अतिरिक्त 48 स्ट्रक्चर ऐसे हैं, जो पहले मूल्यांकन में छूट गए थे । इन स्ट्रक्चर का आंकलन कर इसकी रिपोर्ट लोक निर्माण विभाग को भेजी जा चुकी है। संबंधित विभाग से मंजूरी मिलते ही इनका अवार्ड घोषित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार अत्यधिक बारिश व बाद में एनजीटी द्वारा निर्माण कार्यों पर लगाये गए प्रतिबंधों के चलते निर्माण कार्य में कुछ देरी अवश्य हुई है, लेकिन निर्माण प्रक्रिया से जुड़े सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा कर लिया जाएगा।



गुरुग्राम-पटौदी-रेवाड़ी नेशनल हाइवे के निर्माण कार्य की निरीक्षण करने पहुंचे केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

**प्रत्येक तिमाही में निर्माण प्रति की करें समीक्षा :** एनएचएआई के अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तृत रिपोर्ट लेने उपरान्त केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह राष्ट्रीय राजमार्ग की परियोजना केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सड़क परियोजना में शामिल हैं। परियोजना को समय सीमा में पूर्ण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने की समय सीमा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक तिमाही पर इसकी निर्माण प्रगति की समीक्षा करें।

**राष्ट्रीय राजमार्ग 352डब्ल्यू एक नजर में :** गुरुग्राम से शुरू होकर पटौदी होते हुए रेवाड़ी तक बनने वाले इस हाइवे के निर्माण कार्य को नवंबर 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य है। यह राजमार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर-352 डब्ल्यू का हिस्सा है। इसकी लंबाई लगभग 46.11 किलोमीटर है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा इसके निर्माण का जिम्मा इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड को दिया गया है। परियोजना में 81 कलवर्ट, पूर्व में 20 अंडरपास थे, लेकिन अब गांव गदाईपुर, खवासपुर व बाबड़ा बांकीपुर में अंडरपास की मंजूरी मिल जाने के उपरांत इनकी संख्या अब 23 हो गयी है।

इसके साथ ही परियोजना में एक आरओबी, तीन एफओबी व 2 फ्लाईओवर शामिल है। पटौदी में एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने रेवाड़ी जा रहे केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का गांव पहाड़ी पहुंचने पर गांव पहाड़ी, गदाईपुर, शेरपुर, डाडावास, बपास व दौलताबाद कुणी की नवनिर्वाचित पंचायतों व विभिन्न ब्लॉक समिति सदस्यों ने पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया।

# जनहित में कैनविन की आज दो नई सेवाओं का होगा लोकार्पण

### माता अंगूरी देवीजी की पुण्यतिथि पर गीता भवन में कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



डॉ. डीपी गोयल। नवीन गोयल।

**कैनविन** फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल, सह-संस्थापक नवीन गोयल की माताजी अंगूरी देवीजी की चौथी पुण्यतिथि पर शुक्रवार को मनाई जाएगी। इस अवसर पर दो नई सेवाओं आईसीयू एम्बुलेंस और ब्लड ऐप की शुरुआत की जाएगी। न्यू कालोनी स्थित गीता भवन मंदिर के सभागार में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह कार्यक्रम सुबह 10:30 से दोपहर 1 बजे तक चलेगा।

कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल, सह-संस्थापक नवीन गोयल ने बताया कि इस कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी महाराज, शिक्षाविद् डा. अशोक दिवाकर, सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव, आरएसएस के महानगर संघ चालक जगदीश ग्रोवर, भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, सीएसआर ट्रस्ट हरियाणा के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी, केंद्रीय श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष सुरेंद्र खुल्लर अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। डा. डीपी गोयल ने गुरुग्रामवासियों से अपील की है कि इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर कैनविन फाउंडेशन द्वारा संचालित स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में किए जा रहे अनुकरणीय कार्यों से रूबरू हों।

कैनविन के सह-संस्थापक नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम वासियों की सेहत में सुधार लाने का उन्होंने बीड़ा उठाया है। लोगों को धीरे-धीरे हर स्वास्थ्य संबंधी सुविधा देने का प्रयास वे कर रहे हैं। एक पॉलिक्लीनिक से इसकी शुरुआत की गई थी। अब तीन पॉलि क्लीनिक संचालित किए जा रहे हैं। इसी साल एक जुलाई को आरोगय रथ शुरू किया गया। यह रथ गुरुग्राम के हर गली-मोहल्ले में जाकर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचा रहा है।

हजारों लोग आयोगय रथ के माध्यम से, 20 रुपये में ओपीडी से, स्वास्थ्य जांच कराकर, फिजियोथैरेपी कराकर सेहतमंद हो चुके हैं। अनुभवी चिकित्सकों की टीम यहां मरीजों को बेहतर उपचार देती है, ताकि बीमारी को ठीक नहीं जड़ से मिटाया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक दरबार में बिजली निगम की ज्यादा आई शिकायतें



गुरुवार को जनसमस्याओं के समाधान के लिए लगाया दरबार को संबोधित करते विधायक संजय सिंह।

**सोहना।** विधायक के जनता दरबार में बिजली निगम की सबसे ज्यादा शिकायतें आई। दूसरे नंबर पर ग्राम पंचायतों में विकास के कार्य ठप होना रहा। विधायक ने जनसमस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया। गुरुवार को विधायक संजय सिंह ने टॅरिज्म कॉम्पलेक्स परिसर में जनसमस्याओं को लेकर दरबार लगाया। जिसमें एसडीएम जितेन्द्र गर्ग, नायब तहसीलदार लछीराम समेत अन्य सभी विभागों अधिकारी मौजूद रहे। दरबार के शुरू होने से पहले विधायक ने मौजूद जनप्रतिनिधियों सीधे शब्दों में अपने कर्तव्य को निभाने को कहा गया। जनसमस्याओं पर अधिक से अधिक ध्यान देने को कहा गया। समस्याओं का समय पर समाधान कराने की प्रक्रिया अपनाए। ताकि समस्या अधिक न बढ़ सके। जनप्रतिनिधि एक दूसरे के प्रति टांग खिंचाई वाली समस्याएं या किसी के प्रति थाने में मामला दर्ज कराने जैसी समस्याओं को लेकर दरबार में न आएं। आज लगा दरबार में सबसे ज्यादा समस्या बिजली निगम की रहीं। जिसमें शिकायत पुस्तिका में शिकायत दर्ज होने पर भी समय पर समाधान न होना। कर्मचारी फोन करने के बाद भी समस्या का समाधान समय पर नहीं करने की शिकायतें मिलीं। शहरी क्षेत्र में बिजली की लटकती लाइनों पर केवल व नंगी तार का समाधान करने की मांग आई। ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था से लेकर टूटी नालियां, गंदे पानी की निकासी न होना आदि समस्या रखी गई। विधायक के दरबार में एक दिन पहले दी गई सूचना के बावजूद खाद्य आपूर्ति विभाग के खंड अधिकारी दरबार में न पहुंचे। जिनके विभाग की वार्ड.15 से पार्षद राजकुमार गोयल द्वारा उपभोक्ताओं को पूरा राशन न मिलने की शिकायत की। डिपोधारक मात्र 2 घंटा ही राशन वितरण करके खानापूर्ति करने का आरोप लगाया। एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने दरबार में ही खाद्य आपूर्ति विभााग के खंड अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश जारी कर दिए। एक मात्र महिला सरपंच पहुंची दरबार में एक तरफ चुनाव आयोग और राज्य सरकार महिलाओं का घूंघट की आड़ से बाहर निकालने के उद्देश्य से 50 फीसदी आरक्षण दिया। लेकिन परिवार के मुखिया अभी भी जनप्रतिनिधि चुनकर आई महिलाओं को घूंघट की आड़ से बाहर नहीं निकलने दे रहे हैं। विधायक के दरबार में ग्राम पंचायत मंडावार से महिला सरपंच ही अपने गांव की समस्या लेकर दरबार में पहुंची।

### सोहना निरंकारी कॉलेज में युवा महोत्सव आज से, तैयारियां पूरी

**सोहना।** निरंकारी कॉलेज में युवा महोत्सव शुक्रवार से शुरु होगा। जिसके लिए कॉलेज प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। ये युवा महोत्सव कॉलेज में तीसरी बार होगा। जिसमें करीब 20 कॉलेजों के 600 विद्यार्थी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। वहीं दूसरी ओर स्थानीय निरंकारी कॉलेज के विद्यार्थी भी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए जोरदार रिहर्सल करने में लगे हुए हैं। निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मैमोरियल कॉलेज तीसरी बार युवा महोत्सव की मेजबानी करेगा। युवा महोत्सव गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में आयोजित होगा। यह समारोह 2 से शुरू होकर 4 दिसम्बर तक चलेगा। जिसमें करीब चार दर्जन प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिसमें ग्रुप डांस, ग्रुप सॉंग, कव्वाली, कविता पाठ, थिएटर, मोनो एक्टिंग आदि शामिल हैं। युवा महोत्सव में आयोजित प्रतियोगितयों में करीब 600 विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। युवा महोत्सव का उदघाटन शुक्रवार, 2 दिसम्बर को प्रात: 9 बजे होगा। जिसके सफल आयोजन के लिए कॉलेज प्रशासन ने समस्त तैयारियां पूरी कर ली हैं। कॉलेज में युवा महोत्सव को लेकर समूचे कॉलेज को दुल्हन की तरह सजाया है। जगह जगह लड़ियां, गमले आदि से कॉलेज की छटा निराली दिखती है।

### इनेलो के दिवालियापन के लिए अभय चौटाला जिम्मेदार



**गुरुग्राम।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रचार सचिव एवं प्रवक्ता दलबीर धनखड़ ने इनेलो नेता अभय चौटाला के एक बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि अभय चौटाला का जेजेपी स्थापना दिवस को दिवालिया दिवस बताना असल में उनके दर्द को बयां करता है। उन्होंने कहा कि 2018 में जेजेपी के स्थापना के साथ ही अभय चौटाला और इनेलो का दिवालिया हो गया था। शायद इसलिए अभय चौटाला ऐसे बयान देकर अपनी बौखलाहट दर्शा रहे है। धनखड़ ने आगे कहा कि कभी मुख्य विपक्षी दल के रूप में रही इनेलो आज अभय चौटाला के नेतृत्व में खुद के रूप में केवल एक विधायक पर सिमट गई है। उन्होंने कहा कि आज सभी प्रमुख साथियों ने अभय चौटाला और उनकी पार्टी का साथ छोड़ दिया है इसलिए ऐसे हालतों में अभय चौटाला को दिवालिया दिवस मनाना चाहिए। दलबीर धनखड़ ने कहा कि दरअसल इनेलो को गर्त में ले जाने और कार्यकर्ताओं के भविष्य को अंधकार में डालने के लिए अभय चौटाला इकलौते जिम्मेदार हैं। धनखड़ ने ये भी कहा कि अभय चौटाला और उनके सलाहकारों में इनेलो को इस दिवालियेपन से निकालने और उबारने की क्षमता नहीं है।

# विवाहिता के शव का आज हुआ पोस्टमार्टम, आरोपी गिरफ्तार नहीं

### विवाहिता अंजली ने जहरीला पदार्थ पी लिया था, पति समेत अन्य ने कराया था दाखिल

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

> “ **निमौठ** चौकी प्रभारी एसआई विक्की सिंह ने बताया कि अभी तक नामजद पांच आरोपियां में से एक को भी गिरफ्तार नहीं कर सके हैं। गुरुवार को मृतक अंजली के शव में अधिक व्यस्त होने के कारण किसी भी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। लेकिन जल्द ही नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
>
> **विक्की सिंह**
> **निमौठ चौकी प्रभारी एवं जांच अधिकारी**

**दिल्ली** के सफदरजंग अस्पताल में उपचार के दौरान विवाहिता की मौत के बाद शव का गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। लेकिन पुलिस मृतक की मां द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। पुलिस जल्द ही नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

मालूम रहे कि सदर थाना के गांव किरनकी में बना फार्म हाउस में पति के साथ रही रही विवाहिता अंजली ने 25 नवंबर को जहरीला पदार्थ पी लिया था। जिसे पति राकेश और अन्य परिजन सोहना के नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए लेकर आए थे। जहां डॉक्टरों ने अंजली को गंभीर हालत में गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया। गुरुग्राम से दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में ले जाकर दाखिल कराया। जहां उपचार के दौरान बुधवार की सुबह अंजली की मौत हो गई थी। बुधवार को ड्यूटी मजिस्टेट न मिलने के कारण मृतक विवाहिता के शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका। उसके बाद गुरुवार को पोस्टमार्टम कराने बाद शव को पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया।

**पति समेत अन्य पर है मारपीट का आरोप :** मृतक विवाहिता अंजली की मां नैहनी ने पुलिस को बताया कि उसकी वह मूलरुप से उत्तर प्रदेश की निवासी कि शिकायत पर पुलिस ने पति राकेश समेत बड़ा भाई विनोद, उसकी पत्नी नैहनी, राकेश की बहन सुमित्रा व पसौदा के विवाहिता के साथ मारपीट करना और मरने के लिए मजबूर करने के आरोप में मामला दर्ज किया था।

# जागरुकता ही है एड्स से बचाव : छात्राओं से कहा

### रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से विश्व एड्स दिवस पर किया गया जागरुक

**प्रवीन शर्मा।** गुरुग्राम

**राजकीय** कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैकबपुरा में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रेड क्रसोसाइटी गुरुग्राम व सिविल अस्पताल से काउंसलर डॉ. शिखा गर्ग ने विद्यालय में सुबह प्रार्थना के वक्त नौवीं कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा के छात्राओं को एचआईवी एड्स के बारे जानकारी वह बचाव संबंधित जानकारी विस्तार में थी।

काउंसलर डॉ. शिखा गर्ग ने कहा कि भारत समेत पूरी दुनिया में एक दिसम्बर को एचआईवी के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस दिन को मनाने का मकसद लोगों में एड्स को लेकर जागरुकता फैलाना है। एड्स एचआईवी ह्यूमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस से होता है। यह वायरस इंसान के इम्युन सिस्टम को कमजोर करता देता है, जिससे शरीर की बीमारियों से लड़ने की शक्ति खत्म हो जाती है। एड्स से मौत होने की अफवाहों पर कहा कि डब्ल्यूएचओ के मुताबिक दुनिया में 2021 तक 3.84 करोड़ लोग एचआईवी के साथ रह रहे हैं। हर साल लाखों लोग संक्रमित हो रहे हैं। अगर किसी के शरीर में यह वायरस है तो इसका मतलब यह नहीं कि उसकी मौत होने वाली है। वह सही उपचार मिलने पर खुशहाल जिंदगी जी सकता है।



गुरुग्राम के जैकबपुरा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि, स्टाफ व छात्राएं।

कविता सरकार ने कहा कि मिथक यह है कि एचआईवी और एड्स दोनों को एक दूसरे से जोड़ा जा सकता है, लेकिन ये दोनों काफी अलग हैं। अगर डॉक्टर किसी को एचआईवी पॉजिटिव बताते हैं तो इसका मतलब है कि उसके शरीर में एचआईवी का संक्रमण फैल गया है। जबकि एड्स एचआईवी का उन्नत चरण है। एचआईवी वायरस का सीधा हमला शरीर के इम्युनिटी सिस्टम पर होता है, जिससे इम्यून सिस्टम कमजोर होने लगता है। यह जरूरी नहीं कि एचआईवी से संक्रमित सभी मरीजों को एड्स हो। अगर सही से उपचार हो जाए तो एचआईवी को बढ़ने से रोका जा सकता है। एड्स के फैलने के कई कारण हो सकते हैं।

प्राचार्य सुशील कुमार कणवा ने कहा कि एड्स एक जानलेवा बीमारी है। इसको खत्म करना सबकी जिम्मेदारी है। यह अच्छी बात है कि रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से समय-समय पर विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरुक किया जाता है। रक्तदान शिविर लगाए जाते हैं, ताकि जरूरतमंदों को रक्त मिल सके। इस अवसर पर जैकबपुरा कन्या स्कूल से एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी स्नेह, विद्यालय से वरिष्ठ प्राध्यापक रामकिशन वत्स, नवीन भारद्वाज, प्रीति अग्रवाल, ममता, नीलम शौकीन, रीना, शर्मिला, पूनम मीना मलिक, ओम प्रकाश, डॉक्टर ओमवीर यादव आदि सभी अध्यापक उपस्थित थे।

### पहले रैली निकाल, फिर विशेष व्याख्यान में विद्यार्थियों को एड्स के प्रति किया जागरुक

**गुरुग्राम।** गुरुवार को गुरु द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा रैली का आयोजन किया गया, जिसमें एचआईवी से जागरूकता से संबंधित पोस्टर्स उनके हाथों में थे। उसके बाद ऑडिटोरियम में मुख्य कार्यक्रम शुरू किया गया, जिसमें एचआईवी एड्स के मुख्य बिंदुओं पर जानकारी दी गई। विद्यार्थियों से सवाल-जवाब भी किए गए। इस कार्यक्रम में चिकित्सा क्षेत्र में अग्रणी काम कर रहे कैनविन फाउंडेशन के स्टाफ का भी भरपूर सहयोग रहा। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र ने इस बात का मुख्य संदेश दिया की जेंडर इक्वलिटी पर हम सबको समाज के आखिरी हिस्से तक काम करना है। उप-मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केशव ने बताया कि एचआईवी एड्स पर हमारी युवा पीढ़ी को क्या करना है। क्या नहीं करना है। इसके ऊपर अपना विचार समाज में हर वर्ग तक प्रचार और प्रसार करना है।

# नवनिर्वाचित जिला पार्षद, ब्लॉक समिति सदस्य पहुंचे भाजपा कार्यालय



**गुरुग्राम।** जिले के वार्ड नंबर-8 से नवनिर्वाचित जिला पार्षद यशपाल, फरुखनगर ब्लॉक के वार्ड-19 से नवनिर्वाचित ब्लॉक समिति सदस्य पंडित सीताराम, वार्ड-14 से नवनिर्वाचित ब्लॉक समिति सदस्य प्रवीण कुमार खंडेवला, गांव फरीदपुर से नवनिर्वाचित सरपंच प्रतिनिधि नवल सिंह राठी ने भाजपा जिला कार्यालय पहुंचकर जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ से मुलाकात की।

भाजपा जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि कार्यालय पहुंचने पर जिला अध्यक्ष ने सभी का स्वागत किया। जीत की बधाई देते हुए कहा कि आप सभी अपने अपने क्षेत्र में विकास के कार्यों को पूरी लगन और निष्ठा से करें, ताकि आपके क्षेत्र में आम जन को किसी भी की तरह की परेशानी ना हो। वार्ड- 8 से निर्दलीय जिला पार्षद निर्वाचित हुए, यशपाल व ब्लॉक समिति सदस्यों व सरपंच प्रतिनिधि ने जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ को आश्वासन दिया कि वह सभी भारतीय जनता पार्टी में पूर्ण आस्था रखते हैं। उनका पूर्ण समर्थन और सहयोग भारतीय जनता पार्टी और सरकार को रहेगा। इस दौरान जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन और पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कल्याण सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष ज्योति डेंबला, जिला सचिव जयंती चौधरी, कार्यालय मंत्री यादराम जोया सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# अमेजन फ्रेश पर सुपर वैल्यू डेज के दौरान करें क्रिसमस ग्रॉसरी की खरीदारी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### 7 दिसंबर 2022 तक ग्रॉसरी और घर के सामान, पैक्ड फूड, स्नैक्स और बेवरेज पर पाएं 45 फीसदी तक की छूट

### उपभोक्ता अमेजन फ्रेश पर नए लॉन्च किए गए पेट सिलेक्शन से अपने पालतु पशु के लिए जरूरी चीजों की कर सकते हैं खरीदारी

### 249 रुपये से अधिक के सभी ऑर्डर पर प्राइम मेंबर्स के लिए फ्री डिलीवरी

### 1000 रुपये के न्यूनतम ऑर्डर पर नए ग्राहकों को फ्लैट 150 रुपये का कैशबैक

**सर्दियों** और क्रिसमस सीजन के शुरू होने के साथ, अमेजन फ्रेश पर 7 दिसंबर तक चलने वाले सुपर वैल्यू डेज के दौरान अपनी किराना जरूरतों को पूरा जरूर कर लें, क्योंकि ग्राहक अमेजन फ्रेश पर खरीदारी करके किराना, घरेलू आवश्यक सामान, पैक्ड फूड, स्नैक्स और बेवरेज, खाद्यान्न और पालतू जानवरों के लिए लॉन्च किए गए सिलेक्शन पर 45 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं।

दावत, कैडबरी, यूनिबिक, नेस्कैफे, टाटा संपन्न, डेटॉल, पेडिग्री और आशीर्वाद जैसे लोकप्रिय ब्रांड्स के कुछ रोमांचक ऑफर्स के साथ अपने पसंदीदा ऑनलाइन शॉपिंग डेस्टिनेशन से न्यू क्रिसमस रेसिपी को आजमाएं और सर्दियों के मौसम का आनंद उठाएं। उपभोक्ता 1 से 3 दिसंबर के बीच कोटकट बैंक डेबिट और क्रेडिट कार्ड और 4 से 7 दिसंबर 2022 के बीच आईसीआईसीआई क्रेडिट और डेबिट काडसे न्यूनतम 2500 रुपये की खरीदारी पर इंस्टैंट 10त्न डिस्काउंट, रू. 300 तक हासिल कर सकते हैं।


### भूमिगत जल संरक्षण के प्रति प्रेरणा देने को हुई कार्यशाला

**गुरुग्राम।** भूमिगत जल संरक्षण संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देने को लेकर अटल भूजल योजना के तहत एक दिवसीय नीड असेसमेंट वर्कशॉप (आवश्यकता आंकलन कार्यशाला) आयोजित की गई।

यह कार्यशाला अटल भूजल योजना के तहत सिंचाई विभाग तथा अटल भूजल योजना की डीपीएमयू इकाई के सहयोग से कैपेसटी बिल्डिंग एजेंसी इंटेको टेक्नीकल सर्विसेज पीवीटी, एलटीडी लखनऊ द्वारा आयोजित की गई थी। अटल भूजल योजना गुरुग्राम के नोडल अधिकारी एवं सिंचाई विभाग के सुप्रेटेंडिंग इंजीनियर डा. शिव सिंह रावत गुरुग्राम की अध्यक्षता में यह कार्य.शाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में संबंधित विभागों के साथ अटल भूजल योजना के डीपीएमयू और डीआईपी की टीम के सदस्य शामिल थे।



# अमेजन डॉट इन पर होम शॉपिंग स्प्री के साथ अपने घर को सर्दियों के मौसम के लिए कीजिए तैयार

**गुरुग्राम।** सर्दियों का मौसम आने से पहले, अमेजन डॉट इन पर होम शॉपिंग स्प्री के दौरान एक ही छत के नीचे शानदार ऑफर्स के साथ इस सीजन से जुड़े प्रोडक्ट की खरीदारी कीजिए। चाहे खेल से जुड़े सामान हों या अपने गर्मागर्म बिस्तर पर बैठकर अपनी पसंदीदा फिल्में और शो का मजा लेना हो, ग्राहक अपनी सभी खास जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्पादों के विशाल संग्रह में से अपने पसंदीदा प्रोडक्ट की शॉपिंग कर सकते हैं।

खरीदारी के दौरान ग्राहक 1 से 4 दिसंबर 2022 के बीच वेगा, बजाज, हैवेल्स, क्रॉम्पटन, मिल्टन, फिलिप्स, यूरेका फोर्ब्स, उषा, लिवप्योर, स्लीपी कैट, मॉर्टिन, प्लांटेक्स, ग्रीन सोल आदि जैसे ब्रांडों के होम एवं किचन अप्लायंसेस सहित सर्दियों के सीजन से जुड़ी चीजों पर 70 फीसद तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। अमेजन डॉट इन पर होम शॉपिंग स्प्री के दौरान, ग्राहक कूपन एकत्रित कर सकते हैं और 1500 रुपये और उससे अधिक की खरीदारी पर 150 रुपये तक का 10 फीसद कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, यदि आप एक फुटबॉल प्रेमी हैं, तो 2022 फीफा विश्व कप के दौरान अपनी टीम के रंग में रंगकर अपनी पसंदीदा टीम को चीयर्स करें। विशेष रूप से तैयार किए गए फुटबॉल वर्ल्ड कप स्टोर से अपने घर बैठे खरीदारी करें। अमेजन डॉट इन पर यह स्टोर 2 से 4 दिसंबर तक लाइव रहेगा।

# शारवी गर्ग ने गोल्ड जीतकर किया शहर का नाम रोशन

कविता। फरीदाबाद

**सोनीपत** स्थित साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल में आयोजित सीबीएसई नार्थ जोन-दो रोलर स्केटिंग का तीन दिवसीय टूर्नामेंट आयोजित किया गया। जो 29 नवंबर से एक दिसंबर तक आयोजित किया गया। जिसमें सेक्टर-75 स्थित ग्रीन पावर रेजिडेंसी में रहने वाली शारवी गर्ग ने स्केटिंग में गोल्ड मेडल जीतकर अपने परिवार के साथ-साथ शहर का नाम रोशन किया है। शारवी गर्ग सुमन गर्ग और पंकज गर्ग की बेटी है। वह सेक्टर-75 में स्थित होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में पढ़ रही है। शारवी ने 300 मीटर और 500 मीटर की इनलाइन स्केटिंग में अंडर आठ में खेलकर दो गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। अब वह राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने की तैयारी कर रही है।

**2500 खिलाड़ियों ने लिया भाग :** बता दे कि इस प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, जम्मू एवं कश्मीर के स्कूलों से करीब 2500 खिलाड़ियों ने भाग लिया। दूसरे दिन अंडर-8 से अंडर-19 आयु वर्ग के मुकाबले कराए गए। बुधवार को मोहाली, चंडीगढ़, सोनीपत, कुरुक्षेत्र, अंबाला, लुधियाना, अमृतसर, जालंधर, गुरुग्राम, फरीदाबाद, जम्मू, फतेहगढ़, पानीपत व हिसार की टीमों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें शारवी अंडर 8 में भाग लेते हुए दो गोल्ड मेडलों पर अपना शिकंजा कसने में कामयाब हो गई। टूर्नामेंट में बृहस्पतिवार को फाइनल मुकाबले खेले गए। इस अवसर पर ग्रुप के वाइस चेयरमैन रोहित खत्री, भावना कालरा, डा. ममता सचदेवा ने विजेताओं को सम्मानित किया।



प्रथम नम्बर की स्केटिंग खिलाड़ी शारवी गर्ग व अन्य विजेताओं संग आयोजन।



स्केटिंग का अभ्यास करती शारवी गर्ग

**खेलों को बढ़ावा देने पर हरियाणा सरकार का जोर :** सरकार राज्य में खेल-कूद को हमेशा प्राथमिकता देती है। बीते दिनों ही सरकार की ओर से 1330 अनुसूचित जाति के अंतर्गत आने वाले खिलाड़ियों के लिए चार करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति जारी की गई थी। इसे लेकर विभाग की तरफ से कागजी प्रक्रिया पूरी करने काम किया जाना है, जिसके बाद खिलाड़ियों के खाते में राशि भेज दी जाएगी।

# टीचर के तबादले के विरोध में ग्रामीणों ने हंगामा कर जड़ा स्कूल पर ताला

### अध्यापक पूरे हो रहे है, तबादला होते ही दूसरा टीचर तैनात कर दिया : बीईओ

पायनियर सामचार सेवा। फरीदाबाद

**एक** ही स्कूल में वर्षों से तैनात अध्यापकों के अब तबादले हो रहे हैं, तो वह छात्रों और अभिभावकों के जरिये राजनीति पर उतरने को मजबूर हो रहे हैं। अपने तबादले रूकवाने के लिए अध्यापक अब छात्रों का सहारा ले रहे हैं, जोकि पूरी तरह से गलत है।

यह बात बल्लभगढ़ के ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर सतीश ने कोराली के गर्ल्स हाई स्कूल के एक गेस्ट टीचर के तबादले पर ग्रामीण और विद्यार्थियों के द्वारा जताए गए विरोध प्रदर्शन के विषय में विशेष बातचीत में कही। उन्होंने बताया कि कोराली से टीचर लोकेश शास्त्री का तबादला 15-16 साल बाद किया है, जोकि सरकारी पॉलिसी के अनुसार हुआ है। उनके स्थान पर दूसरे टीचर की तैनाती तुरंत कर दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद भी विरोध और प्रदर्शन करने वालो को उन्होंने समझाया कि यह गलत है।



स्कूल के बाहर प्रदर्शन करते छात्र।

जल्द ही ब्लॉक के सभी स्कूलों में खाली पड़े पद भरने वाले हैं। इस तरह के विरोध प्रदर्शन विद्यार्थियों को शोभा नहीं देता। पुलिस ने मौके से सभी को हटा दिया, लेकिन वह सभी जिलेवासियों को संदेश देना चाहते हैं कि सभी स्कूलों में टीचरों की संख्या पूरी हो जाएगी, क्योंकि सालों से रूकी हुई टीचरों की भर्तिया अब एक बार फिर शुरू हो गई। नये टीचरों के आवेदन आने शुरू हो गए हैं।

**यह था मामला :** टीचर लोकेश शास्त्री 15-16 साल से गर्ल्स स्कूल में तैनात थे। सरकार की पॉलिसी के अनुसार लोकेश का तबादला फतेहपुर के स्कूल में हो गया और उनकी जगह गीता की ज्योइनिंग हुई है, लेकिन लोकेश स्कूल से जाना नहीं चाहते हैं। लोकेश के कुछ ग्रामीणों से संबंध अच्छे हैं। जो लोकेश का स्कूल से तबादला नहीं चाहते।

ग्रामीण व स्टूडेंट्स ने गुरुवार को सुबह तबादले को लेकर विरोध जताना शुरू कर दिया। यहां तक कि स्कूल के गेट पर ताला भी लगा दिया। इस घटना की जानकारी शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी व ब्लॉक एजुकेशन अधिकारी सतीश चौधरी को दी गई। ग्रामीण अधिकारियों को मौके पर बुला कर ट्रांसफर रूकवाने की मांग करने लगे।

अधिकारियों ने तिगांव थाना प्रभारी अशोक सैनी को इस बारे में बताया। उन्होंने मौके पर पहुंच कर स्कूल के गेट से ग्रामीणों और छात्रों को हटवाया और मामला शांत करवाया। ग्रामीणों का आरोप है कि यह ट्रांसफर में लापरवाही बरती गई है और इस बारे में अधिकारियों को पता है। आखिर में लोकेश को स्कूल से रिलीव कर दिया गया।

# ब्लैकमेल कर महिला से दुष्कर्म और ठगी करने वाला गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** बल्लभगढ़ कुशल सिंह द्वारा महिला विरुद्ध अपराधों में त्वरित कार्रवाई करने के दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए महिला थाना बल्लभगढ़ प्रभारी इंस्पेक्टर इंदु तथा सिटी बल्लभगढ़ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सत्यवान की टीम ने दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम प्रदीप (28) है, जो यूपी के सहारनपुर का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ सिटी थाना बल्लभगढ़ में दुष्कर्म की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें आरोपी ने एक महिला के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देकर उसकी फोटो तथा वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और बार-बार उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। पुलिस को दी अपनी शिकायत में महिला ने बताया कि पिछले वर्ष उसकी मुलाकात आरोपी के साथ हुई थी। अप्रैल 2021 में आरोपी ने



बहला-फुसलाकर महिला के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया और उसकी फोटो तथा वीडियो बना ली। इसके पश्चात आरोपी बार-बार उसे अपने पास बुलाता रहा और नहीं आने पर उसकी फोटो तथा वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करता। इस प्रकार आरोपी ने कई बार महिला के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। महिला ने बताया कि आरोपी ने उसे ब्लैकमेल करके उससे 3 लाख रुपए भी लिए जिसकी अभी जांच की जा रही है। महिला की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले में कार्रवाई शुरू की गई। आगे की कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को 29 नवंबर को गिरफ्तार कर लिया। मामले में गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपी को अदालत में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

# विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए एलुमनाई संवाद सत्र



लुमनाई संवाद सत्र के दौरान समूह चित्र में पूर्व छात्रों के साथ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के शिक्षक एवं विद्यार्थी।

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा करियर मार्गदर्शन पर विद्यार्थियों के लिए एलुमनाई संवाद सत्र 'इलेक्ट्रोबज-2022' का आयोजन किया गया।

सत्र की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग एवं विभाग की अध्यक्षा डॉ. अंजू गुप्ता ने की। इस सत्र में विभाग के प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों ने भाग लिया और छात्रों का करियर, प्लेसमेंट, उच्च अध्ययन और बिजनेस स्टार्टअप पर मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर डीन (इंस्टीट्यूशन) प्रो. संदीप ग्रोवर और डीन (एफईटी) प्रो. एमएल अग्रवाल भी उपस्थित थे। सत्र का संचालन विभाग की फैकल्टी सदस्यों डॉ. साक्षी कालरा और डॉ. अनुभा गौतम ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक उद्घाटन समारोह के साथ गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद डॉ. अंजू गुप्ता द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। सत्र को संबोधित करते हुए डीन (इंस्टीट्यूशन) प्रो. ग्रोवर ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का हिस्सा हैं। पूर्व छात्रों के साथ बातचीत सत्र हमेशा छात्रों को प्रेरित करता है और उन्हें अपनी करियर समस्याओं को हल करने का अवसर प्रदान करता है। छात्रों को ऐसे अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। डीन (एफईटी) प्रो. एम.एल. अग्रवाल ने इस तरह के आयोजन के लिए विभाग द्वारा की गई पहल की सराहना की और कहा कि विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता और प्लेसमेंट में सुधार करने में पूर्व छात्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# स्कूल संचालकों को किया साइबर क्राइम के प्रति जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए साइबर थाना सेंट्रल ने चाइल्ड हेल्पलाइन के साथ मिलकर मेट्रो हॉस्पिटल में जिले के सभी प्रधानाचार्य को साइबर, महिला व बाल अपराध के बारे में जागरूक किया। सभी प्रधानाचार्य को बच्चो की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानून और साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर सीएम फ्लाइंग से एसीपी राजेश चैची, साइबर थाना से इंस्पेक्टर सतीश, जिला बॉल संरक्षण इकाई से अपर्णा, चाइल्ड हेल्पलाइन की जिला कॉर्डिनेटर सुनीता बैसला और मैट्रो हॉस्पिटल की सीईओ सानाजी उपस्थित रहे।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि सुनीता देवी ने सभी अथितियों को स्वागत किया। एसीपी राजेश चेची ने सभी को बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए बनाए गए कानून के बारे में जानकारी दी। उसके बाद सेंट्रल साइबर थाना इन्चार्ज इंस्पेक्टर सतीश ने सभी को आए दिन होने वाले साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया। इंस्पेक्टर सतीश ने बताया कि आए दिन बच्चे ही नही बड़े लोग भी साइबर क्राइम का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि अगर आपके साथ में कोई भी साइबर अपराध होता है, तो आप घबराए नही ओर न ही डरे। इसके बारे में आप 1930 जो साइबर क्राइम टोल फ्री नम्बर है। इसपर या अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन में शिकायत कर सकते हैं। उसके बाद सुनीता देवी ने जुवेनाइल जस्टिस एक्ट 2015 के बारे में बताया जिसके अंतरंगत चाइल्ड हेल्पलाइन की सेवाओ के बारे में बताया कि आप किसी भी बच्चे के साथ ऐसा कोई भी अपराध होता है तो आप इसकी जानकारी 1098 पर दे। बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों को रोकने के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन ओर पुलिस का साथ दे उसके बाद जिला बाल संरक्षण इकाई से आई अपर्णा ने सभी प्रिंसिपल को पोक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी। जिसके अंतर्गत छोटे बच्चों के साथ होने वाले यौन शोषण के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के समापन पर मेट्रो हॉस्पिटल द्वारा जागरूक करने के लिए आए सभी कर्मचारियों का तहे दिल से धन्यवाद किया।



मेट्रो अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में साइबर क्राइम के बारे में जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

# नवनिर्वाचित पंचायती राज सस्थानों के सदस्य कल लेंगे शपथ

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि आगामी तीन दिसंबर शनिवार को जिला में हुए पंचायती राज संस्थानों के चुनाव में जीते सभी नवनिर्वाचित पंचायती राज सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी।

उपायुक्त ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा व्यवस्था में परिवर्तन कर एक नई पहल की शुरुआत की गयी है। परिवर्तित व्यवस्था के तहत शनिवार 03 दिसम्बर को पंच एवं सरपंचों को ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम संरक्षक द्वारा प्रातः 11 बजे शपथ दिलाई जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि पंचायत समिति के सभी सदस्यों को ब्लॉक हेड क्वार्टर पर एसडीएम या बीडीपीओ द्वारा तथा जिला परिषद के सभी सदयों को जिला हेड क्वार्टर पर उपायुक्त द्वारा शपथ दिलाई जाएगी। पहले सभी सरपंचों व पंचों को किसी एक स्थान पर एकत्रित करके शपथ दिलाई जाती थी। शपथ ग्रहण करने के बाद सभी नव निर्वाचित सदस्य पंचायतों में विधिवत रूप से कार्य शुरू कर सकते हैं। पढ़े-लिखे सरपंच योजना बनाकर गांव का विकास करेंगे। सर्वसम्मति से चुने गए सरपंच, पंच को सरकार की ओर से गांव के विकास के लिए ईनाम के तौर पर 50 हजार रुपये 11 लाख रुपये तक की प्रोत्साहन राशि भी मिलेगी।

# तैयारियां पूरी आज से गीता जयंती महोत्सव

### हवन के साथ होगा जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी होगा आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**उपायुक्त** विक्रम सिंह ने बताया कि सेक्टर-12 स्थित एचएसवीपी कन्वेंशन हॉल में आज से आगामी 4 दिसम्बर यानी रविवार तक धूम-धाम से जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव 2022 का आयोजन किया जा रहा है।

उपायुक्त ने बताया कि 02 से 04 दिसंबर तक होने वाले गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ पवित्र हवन से किया जाएगा। तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव में प्रतिदिन सुन्दर-सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। उन्होंने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन करीब 2500 बच्चे एक साथ गीता के श्लोकों का उच्चारण करेंगे। जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों तथा सरकारी विभागों द्वारा स्टालें भी लगाई जाएंगी। आमजन सरकारी विभागों की स्टाल पर जाकर सम्बंधित विभाग द्वारा चलाई जा रही परियोजनाओं का लाभ व सेवाएं भी प्राप्त कर सकते हैं। महोत्सव में अक्षय उर्जा विभाग, नगर निगम, शिक्षा, कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, जिला कल्याण विभाग, पशुपालन और प्रदूषण विभाग, मत्स्य पालन विभाग सहित अन्य कई विभाग द्वारा स्टालें लगाई जाएंगी। उपायुक्त ने कहा कि तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव में प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य हरियाणा की मिट्टी से निकले विश्व के सबसे बड़े धार्मिक ग्रंथ गीता का संदेश का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करना है। ऐसे में जिला का प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में गीता के संदेश को धारण करे और नई पीढ़ी तक हम इन विचारों को पहुंचाने का कार्य करेंगे।

उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव के पहले दिन हवन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का भव्य शुभारंभ होगा। लोक कलाकारों और स्कूली बच्चों द्वारा गीता जयंती महोत्सव में बेहतर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी।



गीता जयंती महोत्सव की तैयारियों की जानकारी लेते डीसी विक्रम सिंह।

# श्रीलंका में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया

### कंपनी ने इसाबेला लिमिटेड, श्रीलंका की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी प्राप्त करने के लिए उचित प्रक्रिया शुरू कर दी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हैदराबाद** फिलाटेक्स फैशन लिमिटेड (एफएफएल), प्रीमियम क्वालिटी सॉक्स के सबसे बड़े निर्माताओं में से एक, इसाबेला (पी) लिमिटेड, श्रीलंका की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने का इरादा रखता है, जो कि ऐपरल मैन्युफैक्चरिंग के व्यवसाय में यूएस-7.55 मिलियन की कीमत रखती है। कंपनी ने इसाबेला (पी) लिमिटेड, श्रीलंका की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी प्राप्त करने के लिए उचित प्रक्रिया शुरू कर दी है।

श्रीलंका की इसाबेला 25 से अधिक वर्षों से मोजे और टाइट्स को बनाकर जर्मनी, फ्रांस, कनाडा और चेक रिपब्लिक में विभिन्न क्लाइंट्स को सप्लाई कर रहा है। यह 48 मिलियन जोड़े की वार्षिक क्षमता के साथ दक्षिण एशिया में मोजे और टाइट्स का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता है। कंपनी अंतरराष्ट्रीय मानकों का अनुपालन करने वाली स्थिरता, विश्वसनीयता, लचीलेपन और उच्च गुणवत्ता के साथ इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस को अपनाती है। इसाबेला 2000 से अधिक कर्मियों की ताकत के साथ विदेशी सहयोग और टेक्नोलॉजी विशेषज्ञता से समृद्ध है। वे कपास, बांस, विस्कोस, ऐक्रेलिक आदि से बने विभिन्न धागों का उपयोग करके विभिन्न प्रकार के मौजे, जैसे बिजनेस, कैजुअल, फैशन आदि का उत्पादन करती हैं।

फिलाटेक्स फैशन लिमिटेड (एफएफएल) दो दशकों से अधिक समय से परिचालन में है। संयंत्र हैदराबाद, तेलंगाना राज्य, भारत में स्थित है। यह पूरी तरह से वातानुकूलित यूनिट एक अति-आधुनिक इकाई है। जिसकी उत्पादन क्षमता 70 लाख मौजे प्रति वर्ष है। ये मशीनरी पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत स्वचालित मशीन हैं, जो बुनाई और कढ़ाई में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी द्वारा समर्थित हैं, जिससे सबसे तेज़ प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जा सकता है। त्रुटिहीन डिलीवरी और ग्राहकों की संतुष्टि के पीछे एफएफएल का रहस्य इसकी प्रतिबद्धता और समर्पित वर्कफोर्स है जो इटली और कोरिया में प्रशिक्षित हैं, और इसके अनुभवी मैनेजमेंट कर्मचारी हैं, जो कंपनी को बाजार में सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी मूल्य प्राप्त करने में सक्षम बनाते हैं। इसाबेला (पी) लिमिटेड, श्रीलंका के इस रणनीतिक अधिग्रहण से एफएफएल स्ट्रांग सिनर्जि हासिल करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व एड्स दिवस पर कार्यक्रम हुआ आयोजित



**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के दिशा निर्देशन में 1 दिसंबर, 2022 को महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब और यूथ रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस पर एड्स जागरुकता को लेकर महाविद्यालय के 67 वालंटियर्स द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर इस असाध्य रोग के प्रति एकजुटता से लड़ने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर एक वार्ता का भी आयोजन किया गया जिसमें पंकज नागर, काउंसलर (इंटीग्रेटेड काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सेंटर, सिविल हॉस्पिटल, बल्लभगढ़) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने महाविद्यालय के वॉलंटियर्स को संबोधित करते हुए एचआईवी एड्स संक्रमित लोगों के प्रति सहानुभूति दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में एड्स के कारणों और उपचारों के बारे में भी चर्चा की गई। महाविद्यालय प्राचार्य ने एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का प्रचार एवं प्रसार करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छमा एमश एसश्सीश गणित फाइनल ने प्रथम, भूमिका बीश्कॉम ऑनर्स सेकेंड ईयर ने दूसरा तथा ईशा गोयल बीकॉम ऑनर्स सेकेंड ईयर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में आंचल एमएससी गणित फाइनल ने प्रथम, रश्मि एमए अर्थशास्त्र प्रीवियस ने दूसरा तथा भावना एमएससी गणित फाइनल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन डा. जयपाल सिंह (संयोजक, रेड रिबन क्लब) की देखरेख में पूजा, सुभाष कैलोरिया, लवकेश, काउन्सलर, यूथ रेडक्रॉस और नेहा गोयल (काउंसलर, रेड रिबन क्लब) व डॉ. देवेंद्र, काउंसलर, सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड द्वारा संपन्न किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने आयोजन समिति व विजेताओं को बधाई दी।

### समाज का हित सर्वोपरि : बबली



**फरीदाबाद।** करनाल में 11 दिसम्बर को होने वाले ब्राह्मण महाकुंभ को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के सेक्टर-81 ग्रेटर फरीदाबाद स्थित कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की। बबली ने जानकारी देते हुए बताया करनाल मे होने वाले ब्राह्मण महाकुंभ सम्मेलन में मनोहर लाल खट्टर मुख्यमंत्री हरियाणा मुख्य अतिथि है। समाज के विभिन मुद्दों को रखा जाएगा व समाज के लिए बहुत सी घोषनाएं भी मुख्यमंत्री करेंगे। इस कार्यक्रम के लिए बनाई गई समन्वय समिति पूरे राज्य का दौरा कर सम्मेलन में सभी सादर आमंत्रित किया गया है। सभी करनाल पहुंचे व कार्यक्रम की शोभा बढाएं।

### धरने को सेक्टर-75 आरडब्ल्यूए ने समर्थन दिया



**फरीदाबाद।** दर्जनों गांवों के लोग दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के चंदावली मोड पर व्हीकल अंडरपास बनवाने के लिए धरना दे रहे हैं। लोग मोहना-बल्लभगढ़ सड़क के चंदावली मोड पर व्हीकल अंडरपास बनवाने की मांग कर रहे हैं। यहां से 80 गांवों के अलावा खादर के गांवों के लिए जाने के लिए यह सड़क ही एकमात्र विकल्प है। गुरुवार को ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर-75 के क्यू ब्लॉक आरडब्ल्यूए की प्रधान सीमा भारद्वाज व्हीकल अंडरपास की मुहिम को समर्थन देने पहुंचीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वे मच्छगर गांव की निवासी हैं। नारी शक्ति के लिए भी इस अंडरपास का बनना जरूरी है। गांव का स्कूल भी इस अंडरपास के न बनने से दूर हो जाएगा। नौकरीपेशा लोगों को समस्या झेलनी होगी। इस आंदोलन को अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर हेमंत शर्मा, किशन सिंह चहल, ईश्वर लांबा, जसवंत सैनी, सतवीर मास्टर आदि दर्जनों लोग धरने में पहुंचे।

### स्मार्ट अकेडमी ने चार विकेट से जीता मैच

**फरीदाबाद।** छठीं ऑल इंडिया रविन्द्र फागना अंडर 17 क्रिकेट टूर्नामेंट 2022 का मैच रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी के ग्राउंड पर खेला गया और यह सेमीफाइनल मैच स्मार्ट क्रिकेटर्स और स्पोर्टस क्यूब क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच में स्मार्ट क्रिकेटर्स ने स्पोर्ट्स क्यूब क्रिकेट अकादमी को 4 विकेट से शिकस्त दी। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया यह मैच 40 ओवर का था और स्मार्ट क्रिकेटर्स अकादमी ने पहले टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। स्पोर्टस क्यूब ने पहले बैटिंग करते हुए 40 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 220 रन बनाए। स्पोर्टस क्यूब की ओर से बल्लेबाजी करते हुए वैभव तिवारी ने 47 गेंदों पर 7 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 70 रन, रिदम गुप्ता और ऋतिक मिश्रा ने 26/26 रन का योगदान दिया।

### मंझावली पुल का निर्माण तेजी से पूरा करें: डीसी



**फरीदाबाद।** जिला उपायुक्त विक्रम सिंह ने वीरवार को ग्रेटर नोएडा से सीधी और सुगम कनेक्टिविटी की निर्माणाधीन अहम कड़ी मंझावली पुल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तैयार हो रहे मंझावली पुल के कुछ अहम बिंदुओं पर अधिकारियों से जानकारी ली व जरूरी दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुल बनाते समय यह खास ध्यान रखा जाये की पुल बनने के बाद बरसात होने पर पुल पर पानी ना खड़ा होने पाए। पानी की निकासी के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माणाधीन पुल की गुणवत्ता में कोई कमी न हो और पुल का निर्माण सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार तेजी से पूरा किया जाए। वर्तमान स्थिति में पुल के ऊपर रेलिंग बनाने का कार्य प्रगति पर है और पुल के दोनों ओर अप्रोच सडक़ बनाने का काम शेष है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने उपायुक्त विक्रम सिंह को बताया कि पुल के दोनों ओर अप्रोच रोड बनाने का काम अप्रैल तक पूरा कर लिया जाएगा। साथ ही डीसी विक्रम सिंह ने मंझावली पुल से खेड़ी पुल को कनेक्ट करने वाले मास्टर रोड पर चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। यह मास्टर रोड चार लेन की बनाए जाना प्रस्तावित है। इस दौरान एक्सईएन पीडब्ल्यूडी प्रदीप सिन्धू,एसडीओ प्रकाश लाल, जेई सिद्धार्थ ओर अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 2 दिसम्बर, 2022



## जी-20 अध्यक्षता

### भारत का बढ़ा कद

**जी-20** देशों के समूह की अध्यक्षता से भारत सबसे बड़े वैश्विक मुद्दों के समाधान की स्थिति में आ गया है जिनमें यूक्रेन में युद्ध भी शामिल है। भारत द्वारा पहली दिसंबर को जी20 की अध्यक्षता संभालने के बाद वैश्विक टकरावों व प्रमुख मुद्दों के समाधान की उम्मीद बढ़ गई है। विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा है, 'भारत अपनी क्षमता प्रदर्शित कर अपने सभ्यतामूलक मूल्यों से दुनिया को बदल रहा है।' हो सकता है कि इस कथन में थोड़ी अतिरंजना हो, पर इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दिल्ली के रूस और ईरान जैसे देशों से काफी प्रगाढ़ संबंध हैं। इस प्रकार वह विभिन्न झगड़ों को ईमानदारी से सुलझाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। दुनिया आज यूक्रेन में युद्ध के रूप में संभवत: सबसे बड़े संकट का सामना कर रही है जिसके आर्थिक, राजनीतिक, सैनिक व सांस्कृतिक प्रभाव पड़ रहे हैं। लगभग अन्य सभी लोगों की तरह रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन को भी विश्वास था कि युद्ध गंभीर नहीं होगा। यूक्रेन बहुत छोटा और कमजोर देश है तथा वह शक्तिशाली रूसी सेना की क्षमताओं के सामने टिक नहीं सकेगा। अमेरिकी जनरल भी इसे स्वीकार करते थे। परंपरागत समझदारी थी कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की चाहे जितनी सैनिक क्षमता एकत्र कर लें, वह रूस के सामने नहीं टिक सकेगी। लेकिन यह एक प्रकार से धीरे-धीरे डेविड-गोलियथ टकराव में बदलता जा रहा है, पुतिन की सेनाओं को झटके लग रहे हैं और उनको वे क्षेत्र खाली भी करने पड़े हैं जिन पर आक्रमण के शुरुआती दौर में कब्जा किया गया था। वर्तमान समय में एक प्रकार का न केवल सैनिक, बल्कि राजनीतिक गतिरोध भी पैदा हो गया है। पुतिन भले ही युद्ध समाप्त करना चाहते हों, पर इसके लिए उनको सम्मानजनक रास्ता मिलना चाहिए जिससे वे अपनी छवि बचा सकें। संयुक्त राज्य अमेरिका में ऐसा करने की क्षमता नहीं है जिसका कारण मुख्यत: राष्ट्रपति जो बाइडेन की अक्षमता है। पिछले साल उन्होंने पुतिन को 'हत्यारा' कहा था जिससे न केवल रूसी नेता, बल्कि रूसी जनता भी नाराज हो गई थी। यूरोपीय नेता युद्ध छेड़ने के कारण मास्को के अत्यधिक कटु आलोचक रहे हैं, इसलिए पुतिन व उनके साथी ऐसे लोगों के साथ सहज नहीं हो सकते हैं।




चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग शांति-स्थापना के बजाय अपनी आक्रामकता के लिए अधिक जाने जाते हैं। इस भू-राजनीतिक परिदृश्य में भारत ऐसे प्रस्ताव पेश कर सकता है या उनको बढ़ावा दे सकता है जिन पर विभिन्न देश खुले मन से विचार कर सकें। यह सच है कि भारत द्वारा रूसी हमले की निन्दा करने से इनकार करने के कारण यूक्रेन भारत से नाराज है, लेकिन समान रूप से यह भी सच है कि जेलेन्स्की सरकार ने अपनी यह शिकायत कभी बहुत मजबूती से सामने नहीं रखी है। इसके साथ ही कीव इस तथ्य को अनदेखा नहीं कर सकता है कि भारत दशकों से गुट-निरपेक्षता के रास्ते पर चलता रहा है। वैसे भी हर हाल में नई दिल्ली द्वारा पक्ष लेने से इनकार करने का अर्थ यह है कि अन्य प्रस्तावों की तुलना में मास्को द्वारा भारत की प्रस्तावित युद्धविराम योजना पर ज्यादा गौर करने की उम्मीद है। भारत की स्थिति तीन अन्य कारणों से भी मजबूत है। पहला, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कभी अन्य देशों व नेताओं के बारे में अपशब्दों का प्रयोग नहीं किया है। बालाकोट व गलवान संकट के समय भी उनकी भाषा संयमित रही है। दूसरा, उनको देशों के बीच संबंध सुधारने का अनुभव है। मुख्यत: आज उनके हस्तक्षेपों के कारण अरब देशों से बहुत अच्छे संबंध हैं। इसके साथ ही आमतौर से भारत तथा भारतीयों की दुनिया भर में बहुत अच्छी छवि है। इन सभी आयामों के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जी20 की अध्यक्षता सफलतापूर्वक संचालित करने का अवसर मिलेगा।

# जी-20 से भारतीय किसानों को लाभ

सरकार तथा सिविल सोसाइटी की पहलकदमियों के परिणामस्वरूप छोटे व सीमान्त किसानों के सामूहिक व सहकारी संगठन उभर रहे हैं।



**विनोद आनंद**
(लेखक, प्रधानमंत्री एमएसपी समिति के सदस्य हैं)

अनादि काल से व खासकर पिछली शताब्दियों में अनाज का व्यापार महाद्वीपों को पार कर होता रहा है। रेशम व मसाला मार्गों के साथ विभिन्न गठबंधनों व एजेंसियों की कार्रवाइयों से मानवजाति ने वस्तुओं के व्यापार में बढ़ोत्तरी देखी है जो वैश्वीकरण का एक प्रमुख आयाम है। वर्ष 2023 में जी20 देश अपने सदस्य देशों की महत्वाकांक्षाओं व संबंधों की विभिन्न योजनाओं की चर्चा करेंगे। ये देश वैश्विक जीडीपी में 85 प्रतिशत के भागीदार हैं और विश्व व्यापार में इनका हिस्सा 75 प्रतिशत से अधिक है। वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के विभिन्न आयामों में अनेक प्रकार की विविधतापूर्ण बाजार शक्तियों तथा कुछ लोगों के हित जुड़े हैं। इस आयाम के अनेक संभावित परिणाम भी हैं जिनमें से कुछ के लिए किसान सामूहिकताओं की सहभागिता की विस्तृत रणनीतियों पर चर्चा जरूरी है। राज्य एवं गैर-राज्य कारकों की सहभागिता तथा उनके परस्पर अंत: संबंधों से नए क्षितिज उभर रहे हैं।

इसलिए इस वर्ष को नए गठबंधनों के लिए याद किया जा सकता है जिससे लोकतांत्रिक व भारत-नीत वैश्विक मूल्य श्रृंखलायें बन सकती हैं। यह भारतीय कृषि को दुनिया से जोड़ने का अवसर है जिससे निर्यात के अवसर बढ़ेंगे तथा भारतीय शैली में वैश्विक व पोषण सुरक्षा मजबूत होगी। इस मोड़ पर कृषि राजनयिक समुदाय की व्यापक सहायता कर सकती है। इससे न केवल एसडीजी उद्देश्यों को स्थानीय स्तर पर पूरा करने में सहायता मिलेगी, बल्कि मूल्य श्रृंखलाओं का लोकतांत्रीकरण भी होगा।

आगामी जी20 बैठक से खाद्य राजनय का एक नया अध्याय भी खुल सकता है। उदाहरणार्थ, उत्तर प्रदेश का काला नमक चावल, एटा व कासगंज की चिकोरी, इलाहाबाद का लाल अमरूद, मलिहाबाद की दशहरी तथा बिहार में हाजीपुर का मालभोग केला, आदि ऐसी चीजें हैं जिन पर भारतीय राजनयिकों का ध्यान जा सकता है। विभिन्न सरकारी विभागों व सिविल सोसाइटी संगठनों की पहलों से छोटे व सीमान्त किसानों की सहकारितायें उभरी हैं और उन्होंने प्रभावशाली वित्तीय लेनदेन किया है। भारत सरकार लगातार सुनियोजित प्रयास कर रही है ताकि कृषि निर्यात क्षेत्र में सुधार हो और इसे राजनयिक कार्रवाइयों का आधार बनाया जाए। कृषि निर्यात नीति के क्रियान्वयन के साथ ही सहकारिता मंत्रालय व कर्ज सहायता व्यवस्था बनाए जाने के कारण इन सहकारिताओं व सामूहिकताओं की व्यापार क्षमता में असाधारण परिवर्तन आया है। उदाहरण के लिए, महाराष्ट्र में 6 क्लस्टर बनाए गए हैं जो सामूहिक रूप से अंगूर, आम, अनानास, केला, संतरा व प्याज का व्यापार कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्यों की सक्रिय सहभागिता व सक्रिय कार्रवाइयों से उन्होंने अपनी निर्यात नीति को राष्ट्रीय नीति के अनुरूप ढाला है जिससे इस क्षेत्र को काफी बढ़ावा मिला है। उत्तर प्रदेश की बहु-प्रतीक्षित वेयरहाउसिंग एंड लाजिस्टिक पालिसी, 2018 तथा यूपी फूड प्रोसेसिंग पालिसी, 2017 ने न केवल मजबूत सप्लाई श्रृंखला बनाई है, बल्कि इसने एफपीओ को विदेशी बाजारों में व्यापार के काफी अवसर दिए हैं।

भारतवर्ष में हर साल लगभग 600 मिलियन टन कृषि व बागवानी उत्पाद तैयार होते हैं। उद्योगपति भी कृषि क्षेत्र में प्रवेश कर सकते हैं क्योंकि इससे न केवल किसानों को लाभ होगा, बल्कि उनकी अपनी आमदनी भी बढ़ेगी। न केवल खुशबूदार मसाले, बल्कि भारतीय झींगे, बासमती व गैर-बासमती चावल, अंगूर, केला, अनार, आलू जैसी सब्जियां, प्रसंस्कृत व मूल्य संवर्धित उत्पाद, काजू, पौधों के हिस्से, मूल्य संवर्धित औषधीय जड़ी-बूटियां, हर्बल औषधियां, खाद्य आधारित न्यूट्रास्यूटिकल्स, एरोमैटिक्स तथा जीरा, हल्दी व कालीमिर्च जैसे मसालों के साथ इथनिक व आर्गेनिक फूड, आदि ऐसे कुछ क्षेत्र हैं जो सारी दुनिया की जनता को पोषण व खाद्य सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं। मूल्यवर्धित श्रृंखला में विभिन्न प्रकार के पक्ष शामिल हैं जिनका संबंध इन्पुट सप्लाई, उत्पादन, प्रसंस्करण, मार्केटिंग तथा उपभोग से है। हालांकि, संस्थागत परिवेश में काम करने से इन सुविधाओं की क्षमताओं में बाधा भी आ सकती है।

कृषि मूल्य श्रृंखला की इस नई व्यवस्था में किसानों की सहकारितायें सभी तीन प्रमुख स्तरों पर सहभागिता कर सकती हैं। पहला, वे उत्पादन, प्रसंस्करण या व्यापार के माध्यम से उत्पादों से सीधे जुड़ सकते हैं। वे स्टार्टअप, एफपीओ व सहकारिताओं के माध्यम से सहायक के रूप में काम कर उत्पादों से परोक्ष रूप से जुड़ सकते हैं, लेकिन उनकी सेवाओं से खोज में योगदान होगा तथा बाद में सप्लाई श्रृंखला सुधरेगी। जी20 राजनयिकों के इस आयोजन से उनको सहायता मिलेगी और उनके वैश्विक संपर्क व नेटवर्क मजबूत होंगे। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय समूहों से उनके दीर्घकालीन संबंध विकसित होंगे।

जी20 के माध्यम से वर्ष भर चलने वाले राजनयिक आयोजन नए एग्रीबिजनेस मूल्य श्रृंखला कारकों को हमारे सामने ला सकते हैं जिनसे कृषि उत्पादन के पहले उर्वरक, बीज, कीटनाशक, औजार व कृषि मशीनरी, आन-फार्म उत्पादन, प्राथमिक खाद्य प्रसंस्करण व उत्पाद, संवर्धित उपोत्पाद तथा कृषि उत्पादन के बाद वाली गतिविधियों में सहायता मिल सकती है जिनमें द्वितीयक खाद्य प्रसंस्करण, पैकेजिंग व संरक्षण शामिल हैं। वैश्विक कृषि मूल्य श्रृंखलाओं को लोकतांत्रिक बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय संपर्कों का महत्व राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजारों में परस्पर-निर्भरता से सामने आता है। एग्रोइंडस्ट्री इसी क्षेत्र में काम करती है। वैश्विक मूल्य श्रृंखला-जीवीसी की विशेषता है कि बाजार शक्तियां सीधे विदेशी बाजारों से संपर्क करती हैं जिनमें वैश्विक थोक व फुटकर व्यापारी शामिल हैं जो अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ताओं तक पहुंचते हैं। भारतीय सहकारिताओं के फुटकर क्षेत्र व सहायक व्यवस्थाओं के सहयोग से वर्चुअल प्लेटफार्म एक नया अध्याय लिख सकते हैं। एग्रीबिजनेस में कानून, विनियम, नीतियां, अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौते, सामाजिक मानक तथा जन कल्याण, आदि शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप हमारे राजनयिक 'ग्लोबल नार्थ' के अपने समकक्षों के साथ इन सभी विषयों पर विचार करेंगे। यह एक ऐसा परिवेश है जिसमें आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक व जनसंख्या संरचना जैसे आयाम अपना योगदान करते हैं। इनसे भारत के विकास लक्ष्य तथा रणनीतियां प्रभावित होती हैं और मूल्य श्रृंखला का लोकतांत्रीकरण होता है। नीतियों के अनुरूप संस्थागत संपर्क भी महत्वपूर्ण हैं। ये संबंध विभिन्न प्रकार के संगठन बनाते हैं जो एग्रोइंडस्ट्री उत्पाद श्रृंखला में काम करते और परस्पर संवाद करते हैं। इनसे उत्पादन श्रृंखलाओं की गतिशीलता तथा अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच प्रभावित होती है।

इन वार्ताओं से अलग-अलग बटे किसानों के बजाय अंतत: किसान सहकारितायें लाभान्वित होंगी। कृषि मूल्य श्रृंखलाओं के खरीदार-संचालित होने के कारण किसान सहकारिताओं को विदेशी बाजारों से जोड़ना भी महत्वपूर्ण है। हमारे यहां अनेकानेक एफपीओ व सहकारितायें हैं जो संगठित व समन्वित हैं तथा विश्व उपभोक्ता बाजार की गतिविधियों पर नियंत्रण कर सकती हैं क्योंकि हमारे स्थानीय उत्पादों की भारी मांग है। इसलिए जी20 द्वारा जीवीसी के समर्थन के संदर्भ में हमारी सहकारितायें व सामूहिकतायें 'खेल के नियम' निर्धारित कर सकती हैं। इससे वैश्विक कृषि उत्पादन में हमारा हिस्सा बहुत बड़ा हो सकता है। इसके लिए राज्य एवं सिविल सोसाइटी के सहयोग की जरूरत है।

इन सहकारिताओं व सामूहिकताओं की आर्थिक गतिविधियों के प्रति जनता का ध्यान आकर्षित हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2023 को 'इंटरनेशनल इयर आफ मिलेट्स' घोषित किया है। किसानों के नेतृत्व वाली जीवीसी विकासशील देशों के स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने का काम करेंगी। लेकिन इस मामले में सामने आने वाले अवसरों व चुनौतियों पर चर्चा जरूरी है। विश्लेषण किया जाना चाहिए कि क्या इससे छोटे किसानों, प्रमुख फर्मों व सार्वजनिक संस्थाओं को लाभ होगा। अनेक देश एक व्यापक व विविधतापूर्ण पक्षों को अपनी डिजाइन में शामिल करना चाहते हैं। अभी यह कहना कठिन है कि यह कितना व्यापक होगा। अभी यह भी स्पष्ट नहीं है कि यह प्रक्रिया कितनी समावेशी होगी। सामान्य रूप से प्रासांगिक सिविल सोसाइटी पक्षों की सहभागिता से किसान सहकारिताओं को अपने स्वर सामूहिक रूप से उठाने में सहायता मिलती है। इससे हम उस भावी परिदृश्य की कल्पना कर सकते हैं जब कहा जाएगा कि 'भारतीय कृषि व्यवस्था कितनी आश्चर्यजनक थी।'

# सशक्तीकरण से ही संभव है महिला सुरक्षा

"हमें यह पूछने की जरूरत है कि ऐसा क्या है जिसने आफताब को एक ऐसी महिला की भीषण हत्या करने का अधिकार दिया।"

**रुचि सैनी**
(लेखिका एक शोधकर्ता हैं)

लिव इन रिलेशनशिप एक गलत प्रथा है। ये अपराध की ओर ले जा रहे हैं। इसका खामियाजा 'पढ़ी-लिखी' लड़कियां भुगत रही हैं। इस पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगना चाहिए- 27 वर्षीय श्रद्धा वाकर की हत्या के बारे में एक राज्य मंत्री के ये विचार थे।

श्रद्धा को उनके लिव-इन पार्टनर आफताब पूनावाला ने उनके दिल्ली के फ्लैट में गरमागरम बहस के बाद कथित तौर पर गला घोंट दिया था, जिसने उसके शरीर को काट कर रेफ्रिजरेटर में रख दिया था। पंचायती राज मंत्री के अनुसार, हत्या 'लव जिहाद के माध्यम से हिंदू लड़कियों को लक्षित करने के लिए देश में हो रही एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा है। लाखों श्रद्धाएं शिकार बनती हैं।' महिलाओं, धर्म और आधुनिकता के बारे में अपने संकीर्ण विचारों को आगे बढ़ाने के लिए दक्षिणपंथी और पितृसत्तात्मक समर्थकों द्वारा महिलाओं के खिलाफ हिंसा के एक भयानक मामले को फिर से हथिया लिया गया है। इसका उद्देश्य आधुनिक, स्वतंत्र और शिक्षित भारतीय महिला को एक स्पष्ट संदेश देना है : 'हिंदू समाज के नियमों का उल्लंघन करें, और लिंग अपराध का शिकार बनने का जोखिम उठाएं।' इन संहिताओं में विवाह की विषमलैंगिक संस्था का महत्व और हिंसा से महिलाओं के लिए सुरक्षा के रूप में अंतर-धार्मिक विवाह का निषेध शामिल है।

आश्चर्यजनक रूप से, सत्यापित होने पर इनमें से कोई भी दावा अपने आधार पर खड़ा नहीं होता है। भारत में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस 2019-21) के नवीनतम दौर के अनुसार, लगभग 30 प्रतिशत विवाहित भारतीय महिलाओं ने घरेलू और यौन हिंसा का सामना किया, और हिंदू और गैर-हिंदू विवाहितों द्वारा रिपोर्ट की गई हिंसा में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं देखा गया। इसके अतिरिक्त, जिन





उत्तरदाताओं ने शारीरिक शोषण का अनुभव करने की सूचना दी, उनमें से अधिकांश गरीब और अशिक्षित पृष्ठभूमि के थे। स्पष्ट रूप से, विवाहित या कम शिक्षित होना भारत में महिलाओं को हिंसक अपराधों से नहीं बचाता है, और न ही अपराधियों की धार्मिक संबद्धता। यह पूछने के बजाय कि श्रद्धा ने अपनी हत्या को रोकने के लिए क्या किया होगा, हमें यह पूछने की जरूरत है कि ऐसा क्या है जिसने आफताब को एक ऐसी महिला की भीषण हत्या करने का अधिकार दिया, जिसने उसके लिए अपना परिवार छोड़ दिया। इसके अलावा, ऐसा क्या है जिसने श्रद्धा को उसकी स्वतंत्रता और शिक्षा के बावजूद उसकी हत्या से पहले आफताब द्वारा दिए गए दुर्व्यवहार को सहने के लिए शक्तिहीन बना दिया? जवाब मौजूदा लिंग और सेक्सिस्ट सामाजिक संरचनाओं को सुधार सकते हैं जो इस तरह के दुरुपयोग की सुविधा प्रदान करते हैं। यह पीड़ित महिला की जीवनशैली पसंद नहीं है, बल्कि पुरुष अपराधी के मानदंड, विश्वास और प्रेरणाएं हैं जो लैंगिक हिंसा का स्रोत हैं।

समाज जल्दी से पीड़ितों को दोष देता है - कपड़े, वैवाहिक स्थिति, या धार्मिक संबद्धता पर। जो लोग सोच रहे हैं कि अपमानजनक रिश्ते से बचने के लिए श्रद्धा ने व्यक्तिगत और पेशेवर नेटवर्क का सहारा क्यों नहीं लिया, मेरा सुझाव है कि वे इस्लामोफोबिया, पीड़िता को दोषी ठहराने और उसकी हत्या के बाद सोशल और प्रिंट मीडिया पर फैलाए गए स्लट-शेमिंग पर एक सरसरी नज़र डालें।

भारत में एक सार्वजनिक विश्वविद्यालय में महिला छात्रों के साथ मेरे वर्तमान शोध अध्ययन में, कई लोगों ने साझा किया कि कैसे लैंगिक हिंसा के शिकार-उत्तरजीवियों के लिए उपलब्ध व्यक्तिगत और व्यावसायिक सहायता प्रणालियां बड़े पैमाने पर लिंगवाद, दुराग्रह और पूर्वाग्रह से ग्रस्त हैं। रोष केवल लैंगिक हिंसा के घातक पीड़ितों, या शारीरिक हमलों के स्पष्ट निशान वाले लोगों के लिए नहीं होना चाहिए, बल्कि उस पत्नी के लिए भी होना चाहिए जो परिवार को एक साथ रखने के लिए अपने पति से मौखिक दुर्व्यवहार सहती है, बहू जो आर्थिक अभाव को सहन करती है सामाजिक कंडीशनिंग के कारण, और ट्रांस फ्रेंड को उनके परिवार ने बच्चे की खुशी पर सामाजिक मेलों की प्राथमिकता के कारण अस्वीकार कर दिया। विषमलैंगिक और पितृसत्तात्मक समाज के कौन से पहलू इन भयानक कृत्यों को बनाए रखने में मदद करते हैं?

हमारे परिवारों, कार्यस्थलों, या पारस्परिक संबंधों में मनोवैज्ञानिक या मौखिक हिंसा को बनाए रखने में हमारी मिलीभगत की सीमा पर भी सवाल उठाया जाना चाहिए। यह वास्तव में समतावादी राष्ट्र बनाने में मदद कर सकता है ताकि महिलाओं और लैंगिक अल्पसंख्यकों को फलने-फूलने, समृद्ध होने और राष्ट्रीय सफलता में योगदान देने के लिए एक सुरक्षित स्थान मिल सके।

## आप की बात

### मानवीय संवेदनाएं

**जी-20** की पिछली अध्यक्षताओं के दौरान वृहद आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने, इंटरनैशनल टैक्सेशन तर्कसंगत बनाने और विभिन्न देशों के सिर से कर्ज के बोझ को कम करने समेत कई महत्वपूर्ण परिणाम सामने आए। भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलने से समूचे विश्व के लिए मानवीय संवेदनाओं के नए स्त्रोत खुलने के आसार बन गए हैं। जिस खूबी से मोदी जी गत 8 वर्षों से भारत की बागडोर संभाल रहे हैं और विश्व स्तर पर उनकी ख्याति को देखते हुए यह आशा बंधती है कि उनके माध्यम से भारत विश्व को नई राह दिखाएगा! अधिनायकवादी सोच को छोड़कर विश्व मंगल की कामना करने वाले राष्ट्राध्यक्ष इस दुनिया में बहुत ही कम है! और यदि उन्हें अन्य राष्ट्रों का सहयोग मिले तो विश्व जो भरी धन युद्ध सामग्रियों पर लुटा रहा है वह धन मानव कल्याण पर खर्च होने लगे तो यह दुनिया ही स्वर्ग बन जाए! साथ ही युद्ध रत रूस यूक्रेन या चीन ताइवान को समझना चाहिए कि उनकी अंधी लालसा से समूचा विश्व संकट में पड़ा हुआ है। अब रूस यदि बर्बाद हो चुके यूक्रेन को जीत भी लेता है तो उसे फिर से बसाकर पूर्वक स्थिति में लाने में उसके भी पसीने छूट जाएंगे!

- **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### संभलकर बोलें

**कांग्रेस** के नए अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी की तुलना रावण से कर के एक तरह से स्वयं की कांग्रेस पार्टी का ही सम्मान जनता के सामने घटाया है कारण आजकल इन दिनों जिस तरह की छवि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भारत एवं विश्व भर में बनी हुई है उसके कारण उन्हें तो इन बातों का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है मगर इस तरह की बातों के कारण हमेशा स्वयं कांग्रेस पार्टी को ही अधिक नुकसान होने की संभावना रहती है। कारण पिछले उदाहरण देखिए श्रीमती सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री को मौत का सौदागर कहा था इसी तरह से फिर राहुल गांधी ने भी एक बार प्रधानमंत्री को चौकीदार चौर है कहा था इन दोनों ही बातों को फिर जनता ने काफी गंभीरता से लिया था तथा फिर इसी का कारण कांग्रेस पार्टी को काफी नुकसान भी उठाना पड़ा था। आज भी जब जब राहुल प्रधानमंत्री को कुछ भी अपशब्द बोलते हैं तो फिर उसका भी काफी प्रभाव पड़ता है । अत: हम तो कांग्रेस अध्यक्ष खरगे से यही कहना चाहते हैं कि आप संभल कर बोलिए। कारण कांग्रेस अध्यक्ष ने जब प्रधानमंत्री को सों मुंह वाला रावण कह दिया तो यह भी उन्होंने एक तरह से अपनी पार्टी का ही नुकसान कर लिया है।

- **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### बढ़ती मुद्रास्फीति

**अंतरराष्ट्रीय** श्रम संगठन (आईएलओ) ने बुधवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा कि बढ़ती मुद्रास्फीति ने कई देशों में वास्तविक मासिक वेतन में भारी गिरावट का कारण बना है, जिसमें गरीबी, असमानता और सामाजिक अशांति को रोकने के लिए नीतियों की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है।अध्ययन में पाया गया कि वर्ष की पहली छमाही में वैश्विक मासिक वेतन वास्तविक रूप से -0.9 प्रतिशत तक गिर गया, जो इस सदी में नकारात्मक वृद्धि का पहला उदाहरण है। आय का घटना ऊपर से मुद्रास्फीति का बढ़ना, इससे लोगों का जीना ,मुश्किल हो गया है। क्या इसका मतलब विश्व आर्थिक मंदी के कगार पर पहुंच गया है ? आईएलओ ने केवल वेतन में गिरावट वाला खंड पर अपना जांच प्रतिवेदन को सिमित रखा है मगर, पिछले तीन वर्षों में जिस तरह से, बेरोजगारी बढ़ी है। नौकरियां लोगों की लाखों की संख्या में गई है। जिसके कारण बच्चो की पढ़ाई छूटी है। उनकी क्रय शक्ति कम से कम होती जा रही है। ऐसा मध्यम एवं निम्न मध्यमवर्ग में व्यापक रूप से देखा गया है।

- **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

## फरमाया



**गुजरात** के सूरत शहर के हीरा व्यवसायियों और जौहरियों को देश की अर्थव्यवस्था में उनके योगदान के लिए भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए।

- **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**नाटो** ब्लैक से बाल्टिक सागर तक अपनी उपस्थिति को मजबूत करेगा।

- **एंटोनी ब्लिंकेन**
अमेरिकी विदेश सचिव



**राज्य** में कांग्रेस एकजुट है और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि यह एक उत्कृष्ट सफलता होगी।

- **जयराम रमेश**
कांग्रेस नेता

# कूड़ा स्थलों को स्वच्छ बनाने के लिए राज्य स्तरीय अभियान की शुरुआत

● हमारा यूपी, सुनहरा यूपी बनाने के संकल्प को पूरा करना होगा:शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने उत्तर प्रदेश को कूड़ा वाले स्थानों से मुक्त प्रदेश बनाने के लिए गुरूवार प्रात: 7 बजे महाराणा प्रताप चौराहा, हुसैनगंज, लखनऊ से साफ -सफाई एवं कूड़ा स्थलों को स्वच्छ बनाने के लिए राज्य स्तरीय अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यह अभियान 1 से 3 दिसम्बर तक अनवरत 75 घंटे साफ -सफाई एवं कूड़ा उठान व कूड़ा स्थलों को गंदगी से मुक्त करने के लिए सभी जनपदों में चलाया जायेगा और प्रदेश को साफसुथरा एवं सुनहरा बनाकर हमारा यूपी, सुनहरा यूपी बनाना होगा। नगर विकास मंत्री ने अभियान की शुरुआत करते हुए नागरिकों से अपील की है कि वे लोग अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों से कूड़ा निकाल कर इधर-उधर न फेंके, बल्कि सूखा एवं गीला कूड़ा को अलग-अलग कर समय से निकायों को उपलब्ध कराएं जिससे कि इस कूड़े का सदुपयोग किया जा सके। उन्होंने अभियान की शुरुआत में आह्वान किया कि प्रदेश को हमारा यूपी, सुनहरा यूपी बनाना है। उन्होंने कूड़ा स्थलों व गंदे स्थानों को साफ सुथरा बनाकर उपयोगी एवं यादगार स्थानों के रूप में विकसित करने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी नगरीय निकाय आज शुरू हुए 75 घंटे के अभियान के दौरान सड़क व खाली प्लाटों में कचरा डालने वालों की रेकी भी करेंगे, जो लोग ऐसे स्थानों पर कूड़ा डालते हैं उन्हें चिन्हित भी करेंगे तथा अभियान में जन सहभागिता के लिए लोगों को अपने आसपास की साफसफाई बनाए रखने के लिए भी जागरूक किया जाए। मंत्री ने हुसैनगंज स्थित लाल कुआ ओवर ब्रिज के पास नेकी की दीवार बनाने को भी कहा, जिससे कि लोग अपने घरों के अनुपयोगी सामान को यहां पर दान दे सके और इससे गरीबों की मदद की जा सके।

## सपा हार से पहले बहाने गढ़ने में कर चुकी है महारत हासिल: भूपेंद्र चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी हार से पहले हार के बहाने गढ़ने में महारत हासिल कर चुकी है। उन्होंने कहा कि अनवरत पराजय से हताश अपने कार्यकर्ताओं को हताशा से उबारने के लिए अखिलेश यादव पहले ही हार के बहाने गढ़ लेते हैं। अखिलेश यादव उपचुनाव में अपनी हार के डर से अभी संवैधानिक संस्थाओं व प्रशासन पर आरोप लगा रहे हैं और आगे ईबीएम पर आरोप लगाएंगे। उन्होंने कहा कि मैनपुरी रामपुर व खतौली में जनता का आशीर्वाद भाजपा को मिलेगा और कमल खिलेगा।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मैनपुरी में विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि सपा की सरकार में जब सरकारी नौकरियां निकलती थी तो पूरा सैफई कुनबा थैला लेकर धन उगाही के लिए निकल पड़ता था जबकि आज योगी जी के नेतृत्व की भाजपा सरकार में सभी सरकारी नौकरियों में पूर्ण पारदर्शी व्यवस्था से युवाओं को नौकरी मिली है।

उन्होंने कहा कि अखिलेश सरकार में अवैध कब्जों व अवैध खनन से पूरा प्रदेश आहत था, पूरे प्रदेश को दंगों की आग में झोंक दिया गया था और दंगाईयों को सरकार का संरक्षण प्राप्त था जबकि आज योगी सरकार में गुंडागर्दी, अराजकता, बेईमानी, अपराध पर अंकुश लगा है और दंगाई घरों में दुबके बैठे हैं। श्री चौधरी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी व सर्वसमावेशी के लक्ष्य को प्राप्त कर रही है। हम सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास की नीति पर चलकर अंत्योदय लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए सतत कार्य कर रहें हैं।

## 1440 छात्रों को अटल आवासीय विद्यालयों में मिलेगा प्रवेश

● सीएम योगी के निर्देश पर आगामी सेशन में 18 मंडलों में खुलेंगे अटल आवासीय विद्यालय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार ने गरीब और वंचित छात्रों को शिक्षा से जोड़ने की जो मुहिम शुरू की है उसमें दिन पर दिन नए मुकाम जुड़ते जा रहे हैं। इसी क्रम में पूरे प्रदेश में आगामी एकेडमिक सेशन में 1440 छात्रों को अटल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश दिया जाएगा। प्रत्येक विद्यालय में 2 सेक्शन में कुल 80 छात्रों को प्रवेश दिए जाने की तैयारी है। इसके लिए प्रदेश के विभिन्न 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालय तैयार किए जा रहे हैं। इनमें से 7 बनकर पूरी तरह तैयार हैं। यदि किसी वजह से समय पर बाकी विद्यालय तैयार नहीं हो सके तो बाकी बच्चों को करीब के संचालित आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिलाया जाएगा। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के समक्ष हुई हाई लेवल मीटिंग में यह जानकारी दी गई है। प्रिंसिपल एवं स्टाफ की नियुक्ति की प्रक्रिया भी जल्द शुरू कर दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में कहा था कि अटल आवासीय विद्यालय के निर्माण की बड़ी कार्रवाई को सरकार ने अपने हाथों में लिया है। प्रदेश के सभी मंडलों में अटल आवासीय विद्यालय स्थापित किए जाने की कार्रवाई राज्य सरकार द्वारा की जा रही है। प्रथम चरण में प्रदेश की 18 कमिश्नरी में 18 अटल आवासीय विद्यालय प्रदेश में स्थापित करने जा रहे हैं। प्रदेश की 18 कमिश्नरी मुख्यालय पर 12 से 15 एकड़ के क्षेत्रफल में ये विद्यालय बनेंगे। छात्रों का चयन स्टेट रिजर्वेशन पॉलिसी के अनुसार किया जाएगा। शुरुआती वर्षों में छात्रों का चयन सीबीएसई के द्वारा किया जाएगा जबकि बाद में मंडल संचालन समिति छात्रों का चयन करेगी। फिलहाल एडमिशन पॉलिसी का प्रॉसेस पूरा हो चुका है शासन से स्वीकृति मिलने के बाद नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा और फिर परीक्षा के जरिए चुनिंदा छात्रों की काउंसिलिंग के माध्यम से एडमिशन किया जाएगा। आगामी सेशन के लिए स्टाफ का सेलेक्शन भी जल्द किया जाएगा। परमानेंट स्टाफ का का सेलेक्शन सीबीएसई के जरिए होगा। प्रत्येक स्कूल में एक प्रिंसिपल, एक एडमिन और 11 टीचर्स का स्टाफ होगा। टेंपरेरी स्टाफ के लिए प्रिंसिपल की जो अर्हता रखी गई है उसके अनुसार अभ्यर्थी नवोदय या सैनिक स्कूल के प्रिंसिपल पद से रिटायर हुआ हो। 60 से 65 की उम्र के बीच अभ्यर्थी का स्वास्थ्य भी अच्छा होना चाहिए। इसी तरह एडमिन के लिए एक्स आर्मी गजटेड ऑफिसर होना अनिवार्य है। उम्र 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसी तरह टीचर्स के लिए नवोदय, सैनिक स्कूल, केवी स्कूल या माध्यमिक के टीचर पद से रिटायर अभ्यर्थी को ही योग्य माना जाएगा। इनकी उम्र भी 60 से 65 के बीच होनी चाहिए। अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन शुरू होने के बाद छात्रों का चयन और स्कूलों का संचालन व निगरानी मंडल संचालन समिति के जरिए होगी। यह एक तरह से डिस्ट्रिक्ट लेवल मॉनीटरिंग कमेटी होगी जो जनपदों में प्रवेश प्रक्रिया को देखेगी। इस कमेटी में जनपद के कमिश्नर अध्यक्ष होंगे जबकि डीएम उपाध्यक्ष होंगे।

### राजनाथ आज करेंगे बंगला बाजार ओवरब्रिज का लोकार्पण

**लखनऊ।** बंगला बाजार ओवर ब्रिज का रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को लोकार्पण करेंगे। रक्षामंत्री शुक्रवार को लखनऊ पहुंचेंगे और शनिवार को बंगलौर के लिए प्रस्थान करेंगे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को शहीद पथ के किनारे स्थित नव निर्मित बंगला बाजार ओवरब्रिज का उदघाटन करेंगे। इसके बाद यह पुल आज जनता के लिए खोल दिया जाएगा। इस पुल के शुरू हो जाने से बंगला बाजार, टीपीनगर, बिजनौर, आशियाना, मानसरोवर नगर सहित आस-पास की करीब पांच लाख से अधिक आबादी को ट्राफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी। राजनाथ सिंह दो दिसबंर की शाम साढ़े पांच बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरेंगे और वहां से बंगला बाजार जाएंगे। शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे लखनऊ से बंगलौर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### अखिलेश ने पूर्व विधायक बदन सिंह के निधन पर शोक जताया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पूर्व विधायक बदन सिंह (97 वर्ष) के निधन पर गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। बदन सिंह पांच बार आगरा के फतेहपुर सीकरी से विधायक चुने गए थे। बदन सिंह का चौधरी चरण सिंह से गहरा सम्बंध था। उनके सुपुत्र डॉ. एसपी सिंह भी समाजवादी पार्टी के आगरा से प्रत्याशी रहे है।

### लखनऊ परिक्षेत्र में 725 लाख रुपए शमन शुल्क वसूला गया

**लखनऊ।** प्रदेश के परिवहन मंत्री के निर्देशों का अनुपालन करते हुए परिवहन विभाग द्वारा अनधिकृत बस संचालन एवं ओवरलोड वाहनों के खिलाफ पहली नवम्बर से 30 नवम्बर तक लखनऊ परिक्षेत्र में कुल 14055 वाहनों का चालान किया गया तथा 1536 वाहनों को बंद किया गया और इससे कुल 725.01 लाख रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया। परिवहन उपायुक्त निर्मल प्रसाद ने बताया कि अनधिकृत बस संचालन एवं ओवरलोड वाहनों के खिलाफ पहली नवम्बर से 30 नवम्बर तक की गई कार्रवाई में 557 बसों, 2053 ट्रकों तथा 11445 अन्य वाहनों का चालान किया गया। इसी प्रकार 122 बसों, 681 ट्रकों व 733 अन्य वाहनों को इस दौरान बन्द करने की कार्रवाई की गयी।

## अर्ली वार्निंग सिस्टम को लेकर खरीदे जा रहे पांच डॉपलर रडार

● आपदा न्यूनीकरण पर पीएम के दस सूत्रीय एजेंडे पर कार्य कर रही है सरकार: मुख्य सचिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव डीएस मिश्रा ने कहा कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों का दो दिवसीय तृतीय सम्मेलन आपदा न्यूनीकरण के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि हम आपदाओं से निपटने के लिए तैयार हैं परन्तु अभी भी काफी कुछ किया जाना आवश्यक है।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यों के आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के क्षेत्रीय सम्मलेन का दूसरा दिन विभिन्न तकनीकी सत्रों एवं नदियों की कटान को रोकने, आपदा न्यूनीकरण को लेकर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा संचालित परियोजनाओं, आपदा शमन के लिए वित्तीय प्राविधानों तथा अर्ली वार्निंग सिस्टम का विकास एवं सशक्तीकरण, जागरूकता कार्यक्रमों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अन्तर्गत आपदा मित्रों का प्रशिक्षण आदि से आच्छादित रहा। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री के दस सूत्रीय एजेण्डा को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश सरकार आपदा प्रबंधन के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने वर्षों पूर्व हुई जापान की त्रासदी का जिक्र करते हुए कहा कि जापान ने अपनी जिजीविषा के साथ मजूबती से वापसी की और दुनिया में तकनीक एवं विकास के क्षेत्र में अपना लोहा मनवाया। हमें आपदा मित्र योजना के माध्यम से गांव-गांव तक पहुंचना है और आपदा प्रबंधन को ग्राम स्तर पर पहुंचाना है। तहसीलों में आटोमैटिक वेदर स्टेशन और प्रदेश के सभी ब्लाकों पर आटोमेटिक रेनगेज लगवाये जाने का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है जिससे अर्ली वार्निंग सिस्टम को मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि आपदाएं समुदायों को प्रभावित करने के अलावा व्यक्तिगत क्षतियां भी पहुचाती हैं, इसको ध्यान में रखकर हमें तैयारी करनी होगी। उन्होंने बताया कि अर्ली वार्निंग सिस्टम को मजबूत करने के लिए पांच डॉप्लर राडार खरीदे जा रहे हैं जिससे प्रदेश का कोई भी कोना अब सूचनाओं एवं पूर्व चेतावनियों से वंचित नहीं रहेगा। इस अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई जिसकी सराहना मुख्यमंत्री द्वारा की गई। डीआईजी एनडीआरएफ ने कहा कि आपदाओं से निपटने के लिए एनडीआरएफ सदैव तत्पर है। उन्होंने बताया कि 15वें वित्त आयोग अन्तर्गत आपदा शमन के लिए पन्द्रह सौ करोड़ रूपए तथा पुनर्वास के लिए एक हजार करोड़ रूपए के बजट का प्राविधान किया गया है। उन्होंने कहा कि चूंकि नीति अभी प्रथम चरण में है, इसलिए राज्यों से भी सुझाव आमंत्रित हैं। नेपाल से सटे तराई क्षेत्रों में नदियों के कटान तथा नदियों में जमा होने वाली सिल्ट तथा जल के प्रवाह की गति को नियंत्रित करने के लिए भी सम्बन्धित विभिन्न संस्थाओं के समन्वय से कार्यवाही की जा रही है। सम्मेलन के दूसरे सत्र में सूखा, लू, आकाशीय विद्युत, शीत लहर, नाव दुर्घटनाएं, डूबने से होने वाली मृत्यु से बचाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

### मुख्य सचिव ने लोक भवन में कैंटीन का शुभारंभ किया



**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने लोक भवन सचिवालय के सी-ब्लॉक में आईआरसीटीसी द्वारा संचालित कैंटीन का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कैंटीन का निरीक्षण किया और बनाये गए उत्पादों को चखा। उन्होंने कहा कि उत्पाद बनाते समय गुणवत्ता एवं साफसफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव सचिवालय प्रशासन हेमन्त राव, अपर मुख्य सचिव वित्त प्रशांत त्रिवेदी, अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक डॉ देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव आयुष ,आराधना शुक्ला, प्रमुख सचिव लोक निर्माण नरेंद्र भूषण समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## 2030 तक एड्स पर नियंत्रण के लिए सभी की सहभागिता जरूरी



● विश्व एड्स दिवस पर रूमी गेट पर जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप्र** एड्स कंट्रोल सोसायटी के तत्वावधान में गुरूवार को विश्व एड्स दिवस पर रूमी गेट पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस अवसर पर सोसायटी की परियोजना निदेशक अमृता सोनी ने कहा कि एचआईवी, एड्स पर नियन्त्रण के लिए जरूरी है कि अधिक से अधिक युवाओं को कार्यक्रम से जोड़ा जाए और उन्हें जागरूक बनाया जाए। युवाओं को शुरुआत से ही एचआईवी, एड्स से बचाव, लक्षण और उपचार के बारे में जागरूक बनाने पर फोकस करना बहुत जरूरी है। इसके अलावा उन असमानताओं को दूर करना है जो कि एड्स नियंत्रण कार्यक्रम में बाधक हैं। परियोजना निदेशक ने कहा कि एचआईवी से जुड़ी भ्रांतियों और असमानता को ख़त्म करने के लिए सभी का एकजुट होना जरूरी है। एचआईवी, एड्स के संक्रमण पर पूरी तरह नियन्त्रण पाने का लक्ष्य वर्ष 2030 तय किया गया है जो कि सभी की सहभागिता से ही संभव है। श्री सोनी ने कहा कि विश्व एड्स दिवस की हर साल अलग-अलग थीम निर्धारित की जाती हैए इस बार की थीम है.समानता। थीम के मुताबिक़ समानता से सम्मान तक पर फोकस करते हुए यह तय करना है कि किसी भी एचआईवी ग्रसित के साथ कोई भेदभाव न होने पाए। उन्होंने कहा कि एचआईवी ग्रसित व्यक्ति नियमित उपचार और सही देखभाल से सामान्य जीवन व्यतीत कर सकता है। उन्होंने बताया कि इस समय प्रदेश के विभिन्न एआरटी सेंटर के माध्यम से करीब 1.22 लाख एचआईवी एड्स ग्रसित मरीज दवाएं प्राप्त कर रहे हैं।

## सात निकायों की 978.70 लाख की 54 परियोजनाओं का लोकार्पण



● नगर विकास मंत्री ने पीएम आवास योजना शहरी के 610 लाभार्थियों को प्रदान की आवास की चाबी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बृहस्पतिवार को जल निगम के फील्ड हॉस्टल संगम लखनऊ में पीलीभीत की 7 निकायों के 3 नगर पालिका परिषदों तथा 4 नगर पंचायतों के लिए 978.70 लाख रुपए के 54 कार्यों, परियोजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण किया। साथ ही सभी निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 610 लाभार्थियों में से प्रत्येक निकाय में 5 पत्रों को आवास की सांकेतिक चाबी भी प्रदान की गई।

लोकार्पित कार्यों में नगर पंचायत बिलसंडा में कुल 276.44 लाख रुपए के 28 कार्यों का लोकार्पण किया गया। इसमें पुलिया निर्माण, विद्यालयों का कायाकल्प, तार फेंसिंग, सड़क निर्माण, नाली निर्माण आदि कार्य कराए गए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 40 लाभार्थियों में से 5 लाभार्थियों को सांकेतिक रूप से चाबी प्रदान की गई।

## अभियान के तहत नवंबर तक 99.56 प्रतिशत सड़कें की गईं गड्ढामुक्त

● बचे हुए कार्यों को भी प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा: जितिन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** के निर्देशों के क्रम में लोक निर्माण विभाग द्वारा अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्य 60497.07 किमी. लम्बाई के सापेक्ष 30 नवम्बर 2022 तक 60232.93 किमी लम्बाई के मार्ग को गड्ढामुक्त किया जा चुका है जो कि गड्ढामुक्ति के लिए निर्धारित लक्ष्य का 99.56 प्रतिशत है।

लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा 11040.62 किमी. लम्बाई के मार्ग के नवीनीकरण के लक्ष्य के सापेक्ष 30 नवम्बर 2022 तक 6377.23 किमी. लम्बाई में नवीनीकरण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है जो कि लक्ष्य के सापेक्ष 57.76 प्रतिशत है। साथ ही विशेष मरम्मत के अन्तर्गत 12563.33 किमी लक्ष्य के सापेक्ष 6946.73 किमी लम्बाई में सड़कों के विशेष मरम्मत का कार्य पूर्ण किया चुका है जो कि लक्ष्य के सापेक्ष 55.29 प्रतिशत है। बचे हुए कार्यों को भी प्राथमिकता पर कराया जा रहा है। लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे गड्ढामुक्ति अभियान के तहत 30 नवम्बर तक वाराणसी क्षेत्र में 4421.22 किमी के लक्ष्य के सापेक्ष 4416.11 किमी (99.88 प्रतिशत) मार्ग, सहारनपुर क्षेत्र में 1823.26 किमी के लक्ष्य के सापेक्ष 1823.26 किमी (100 प्रतिशत) मार्ग, मुरादाबाद क्षेत्र में 3725.78 किमी के लक्ष्य के सापेक्ष 3725.78 किमी (100 प्रतिशत) मार्ग, झांसी क्षेत्र में 2239.96 किमी के लक्ष्य के सापेक्ष 2239.96 किमी (100 प्रतिशत) मार्ग, तथा अन्य जनपदों में भी बहुतायत में मार्गों को गड्ढामुक्त किया जा चुका है।

### एयरपोर्ट सरीखा होगा 23 बस अड्डों का विकास

**लखनऊ।** प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने कहा कि बस अड्डों को एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं से युक्त करने का निर्णय मुख्यमंत्री ने लिया है। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में 23 बस अड्डों को पीपीपी माडल पर तैयार किया जायेगा। शीघ्र ही लोगों को अत्याधुनिक सुविधा मुहैया होगी। दयाशंकर सिंह ने कहा कि बस अड्डे 90 वर्ष की लीज पर दिए जाएंगे। बस अड्डों पर शापिंग माल, शौचालय, अच्छी गुणवत्ता के रेस्टोरेंट इत्यादि की सुविधाएं उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि यात्रियों को सभी जगहों के लिए बसें (जैसे हवाई अड्डा, स्टोर, रेलवे स्टेशन, पर्यटक स्थलों) उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम का प्रयास है कि यात्री बस अड्डों पर उतरे तो एक अच्छी सुविधा मिले, फिर यहां से उनकी आगे की यात्रा प्रारम्भ हो। सिंह ने कहा कि प्रथम चरण में 23 बस अड्डों का विकास किया जायेगा।

### नवगठित तीनों कमिश्नरेट में आठ एसीपी की तैनाती

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने नवगठित तीनों कमिश्नरेट में आठ सहायक पुलिस आयुक्तों (एसीपी) की तैनाती के आदेश जारी कर दिए हैं। इनमें गाजियाबाद में तीन, आगरा में दो और प्रयागराज में तीन सहायक पुलिस आयुक्त तैनात किए गए हैं। एडीजी कानून-व्यवस्था ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस आयुक्त प्रणाली में स्मार्ट एवं जनोन्मुख पुलिसिंग, त्वरित रेस्पांस टाइम एवं अपराध नियंत्रण पर लगातार बल देते हुए पुलिस मुख्यालय द्वारा कुशल एवं योग्य अधिकारियों की तैनाती की जा रही है। उन्होंने बताया कि नवगठित तीनों पुलिस कमिश्नरेट में सहायक पुलिस अधीक्षक आयुक्त स्तर के आठ तेजतर्रार, दक्ष एवं अनुभवी पुलिस उपाधीक्षकों की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में फिरोजाबाद से अभिषेक श्रीवास्तव, हमीरपुर से रवि प्रकाश सिंह और चित्रकूट से भाष्कर वर्मा को सहायक पुलिस आयुक्त पद पर भेजा गया है। बांदा से आनंद कुमार पांडेय और कुशीनगर से पियूष कांत राय को आगरा पुलिस कमिश्नरेट में सहायक पुलिस आयुक्त के पद पर तैनात किया गया है। वहीं प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में अलीगढ़ से श्वेताभ पांडेय, बहराइच से डॉ. जंग बहादुर यादव और बाराबंकी से योगेंद्र कुमार को सहायक पुलिस आयुक्त के पद पर भेजा गया है।

## चुनाव आयोग ने मैनपुरी व इटावा के एसएसपी से मांगा स्पष्टीकरण

● मैनपुरी के छह पुलिस अफसरों को कार्यमुक्त करने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**निर्वाचन** आयोग ने मैनपुरी संसदीय क्षेत्र में चल रहे उपचुनाव के मद्देनजर पुलिस अधिकारियों के स्थानांतरण और प्रतिनियुक्ति पर आयोग के निर्देशों के उल्लंघन को लेकर एसएसपी मैनपुरी और इटावा से स्पष्टीकरण मांगा है। समाजवादी पार्टी के प्रोफेसर रामगोपाल यादव की शिकायत पर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में आयोग ने, चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे और अरुण गोयल के साथ विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया है।

आयोग ने निर्णय लिया है कि एसएसपी मैनपुरी स्थानान्तरण एवं नियुक्ति नीति के अंतर्गत आने वाले उपनिरीक्षक सुरेश चंद, कादिर शाह, सुधीर कुमार, सुनील कुमार, सत्य भान एवं राज कुमार गोस्वामी को संबंधित विधानसभा क्षेत्र जहां वे वर्तमान में तैनात हैं से तत्काल कार्यमुक्त करें। एसएसपी मैनपुरी आयोग को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें कि पुलिस कर्मियों के स्थानांतरण और प्रतिनियुक्ति करते समय आयोग के मौजूदा निर्देशों और आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का पालन न करने के लिए उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही क्यों नहीं शुरू की जानी चाहिए। एसएसपी इटावा इस बात पर अपना स्पष्टीकरण दें कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद आयोग की पूर्व अनुमति के बिना चार थानों वैदपुरा, भरथना, जसवंतनगर और चौबिया के एसएचओ को लंबी छुट्टी देने के मामले में उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को यह भी निर्देश दिया गया है कि मैनपुरी संसदीय क्षेत्र के लिए चल रहे उपचुनाव से संबंधित सुरक्षा बल की तैनाती संबंधित जनरल और पुलिस ऑब्जर्वर की देखरेख में रेंडमाइजेशन आदि की निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए सख्ती से की जाए। स्थानीय पुलिस बल का रेंडमाइजेशन निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए आयोग के मौजूदा निर्देशों की आधारशिला है।

शांतिपूर्ण चुनाव करने के लिए चुनाव वाले सभी जिलों के डीईओ को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया है कि आयोग के मौजूदा निर्देशों, कानून के प्रावधानों और आदर्श आचार संहिता का अक्षरश: पालन किया जाए।

## मैनपुरी में गलत ढंग से मतदाता सूची से नाम काटने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● सपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखा पत्र

**समाजवादी** पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश लखनऊ को पत्र लिखकर मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के उपचुनाव में मतदाता सूची से गलत ढंग से नाम काटे और मतदान से समाजवादी समर्थकों को वंचित किए जाने की शिकायत की है। इसके अतिरिक्त मैनपुरी, भोगांव, किशनी, करहल एवं जसवन्तनगर विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के निर्दोश कार्यकर्ताओं, समर्थकों को घर से गिरफ्तार करने, पुलिस थाने में बर्बरतापूर्वक पिटाई करने तथा मतदान से दूर रहने की चेतावनी भी दी जा रही है। ये चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश है। नरेश उत्तम पटेल ने स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव की दृष्टि से मैनपुरी में निर्वाचन आयोग की उच्चस्तरीय अधिकारियों की टीम की निगरानी में चुनाव कराने तथा निर्वाचन आयोग को मूकदर्शक की भूमिका से ऊपर उठकर तत्काल शिकायतों की जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की भी मांग की है। उक्त पत्र बृहस्पतिवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश को केके श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चन्द्र एवं राधेश्याम सिंह ने दिया।

## अदाणी समूह मथुरा के बरसाना में लगाएगा कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● गाय के गोबर से प्राकृतिक उत्पादों से बनी गंगातिरी अगरबत्ती और धूपबत्ती जैसे प्राकृतिक उत्पाद देश विदेश तक धूम मचा रहे

**अदाणी** ग्रुप अब मथुरा के बरसाना की श्रीमाता जी गोशाला में कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) प्लांट लगाएगा। तकरीबन 13 एकड़ में लगने वाले इस प्लांट में प्रतिदिन करीब 23 मीट्रिक टन गैस तैयार होगी। इसके लिए प्लांट का शिलान्यास हुआ। प्लांट एक साल में बनकर तैयार होगा ।

ज्ञातव्य है इसके पहले अदाणी टोटल गैस द्वारा अदाणी फाउंडेशन के तत्वावधान मे वाराणसी के शहंशाहपुर मे 23 करोड़ की लागत से प्रदेश का पहला बायोगैस स्थापित किया जा चुका है। बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्री गण ने इस प्लांट का भ्रमण कर प्लांट की बारीकियां समझी और इसे सराहा था।

90 मीट्रिक टन क्षमता के इस प्लांट से 3 टन बायोगैस, 18 टन ठोस प्राकृतिक उर्वरक व 55000 लीटर तरल प्राकृतिक उर्वरक उत्पादन का लक्ष्य है।

अदाणी फाउंडेशन द्वारा वाराणसी के सेवापुरी स्थापित स्किल डेवलपमेंट सेंटर मे कार्य कर रही ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी बना रहा। यहां की ग्रामीण महिलाओं के समूह द्वारा निर्मित गाय के गोबर से प्राकृतिक उत्पादों से बनी बांस-मुक्त और रासायनिक-मुक्त गंगातिरी अगरबत्ती और धूपबत्ती जैसे प्राकृतिक उत्पाद देश विदेश तक धूम मचा रहे। हाल ही में अहमदाबाद में अदाणी ग्रुप के तत्वावधान मे ग्राम भारती के नाम से एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें इस धूप और अगरबत्ती की धूम रही और इस उत्पाद को लोगों ने हाथों हाथ लिया। अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी और अदाणी फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. प्रीति अदाणी ने इस उत्पाद से जुड़ी महिला समूहों की महिलाओं के प्रयासों की प्रशंसा की और उत्पाद को सराहा और उन्हें पुरस्कृत किया।

वर्तमान मे श्रीमाता जी गोशाला में 50 हजार से अधिक गोवंश है। अदाणी टोटल गैस लिमिटेड द्वारा बरसाना में कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) प्लांट के लिए भूमि पूजन किया गया । 13 एकड़ में लगने वाले इस प्लांट में प्रतिदिन करीब 23 मीट्रिक टन गैस तैयार होगी। प्लांट एक साल में बनकर तैयार होगा । 200 करोड़ की लागत से बनाने वाले इस प्लांट में गैस, खाद बनेगी।

# पुलिस ने किया लकड़ी व्यापारी से हुई 6 लाख की लूट का खुलासा

## ● तीन लुटेरे गिरफ्तार एक की तलाश जारी

**संवाददाता।** बरेली

**थाना बिथरी** चौनपुर पुलिस ने 23 नवंबर को लकड़ी व्यापारी के साथ हुई लूट का खुलासा कर तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया है पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस वार्ता में एसएसपी अखिलेश चौरसिया ने बताया 23 नवंबर की सुबह 7रू30 बजे उडला जागीर गांव के पास रोहिला स्कूल के सामने एक लकड़ी व्यापारी गिरीश शर्मा निवासी नरियावल अपनी लेबर को बांटने के लिए बुलेट मोटरसाइकिल की टंकी पर रख कर दो थैलों में रुपये थे एक थैला में 6 लाख थे दूसरे थैला में एक लाख रुपये लेकर जा रहे थे चार लुटेरों ने उन्हें रोक कर 6 लाख रुपये बाला थैला लूट लिया जिसकी रिपोर्ट थाना बिथरी चौनपुर में दर्ज की गई थी एसएसपी और एसपी सिटी के निर्देशन में थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह उपनिरीक्षक राम अवतार सिंह उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह उपनिरीक्षक रामनरेश सिंह हेड कांस्टेबल अर्जुन सिंह कांस्टेबल विजिल मलिक इंस्पेक्टर राम गोपाल शर्मा एसओजी प्रभारी सुनील कुमार शर्मा संजय सिंह शकील खान मोहित शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने तीन लुटेरों अरशद खां पुत्र नत्थू का निवासी उरला जागीर कलीम पुत्र नन्हे खा धनतीयका निवासी , मोहम्मद आदिल पुत्र मुबीन खान निवासी धनतिया को गिरफ्तार किया है उनके पास से लूटी हुई रकम का ?395000 और तमंचे बरामद किए हैं तथा बिना नंबर प्लेट की काली सफेद यामा मोटरसाइकिल और लूट में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल भी बरामद की है एसएसपी अखिलेश ने बताया कि अरशद और आदिल आपस में साले बहनोई हैं और कलीम का रिश्तेदार है चौथा अभियुक्त रहमत का रहने वाला जो फरार चल रहा है अरशद ने लूट की योजना बनाई गई थी को मालूम था कि गिरीश रोजाना लेकर अपने को बांटने जाते हैं और उन्होंने तरीके से लूट को अंजाम दिया पकड़े गए तीनों लुटेरों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा जा रहा है और शीघ्र ही चौथे अभियुक्त रहमत को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कार की टक्कर से ड्यूटी कर रहे सब इंस्पेक्टर की मौत

**बरेली ।** हाईवे पर ड्यूटी कर रहे एक सब इंस्पेक्टर को कार ने रौंद दिया इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।भोजीपुरा थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर बुलंदशहर के सिकंदरा थाना क्षेत्र के हलीम पुरा निवासी संजय सिंह को बीती रात भोजीपुरा स्थित टोल प्लाजा के पास बरेली –नैनीताल हाईवे पर एक कार ने टक्कर मार दी घायल सब इंस्पेक्टर को तुरंत एक निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई मृतक 1998 बैच के सब इंस्पेक्टर थे और लगभग 10 दिन पूर्व भी उन्हें पुलिस लाइन से भोजीपुरा थाने में तैनात किया गया था वह देर रात पुलिस कर्मियों के साथ भोजीपुरा टोल प्लाजा और निजी मेडिकल कॉलेज के बीच में ड्यूटी कर रहे थे इसी दौरान उन्होंने एक कार को रोकने के लिए हाथ दिया मगर कार नहीं रुकी और सब इंस्पेक्टर को टक्कर मरते हुए फरार हो गई दुर्घटना में सब इंस्पेक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए उनके साथ ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों ने उन्हें तुरंत घटनास्थल से कुछ दूरी पर स्थित निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई पुलिस ने घटना की जानकारी आला अधिकारियों को दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर टोल प्लाजा के सीसीटीवी कैमरों से टक्कर मारने वाली कार की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज तलाशने शुरू कर दिए घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई जो बरेली पहुंच गए शव के पोस्टमार्टम के बाद पुलिस लाइन में आला अधिकारियों ने मृतक को श्रद्धांजलि अर्पित की

## अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**बरेली ।** रात के समय ड्यूटी पर जा रहे एक स्कूटी सवार बिजली मिस्त्री को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई हो टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला संजय नगर निवासी 26 वर्षीय विशाल पुत्र गंगा सिंह कि बीती रात इज्जतनगर थाना क्षेत्र में सौ फुटा मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि विशाल बिजली मिस्त्री था और टयूलिप टावर पर काम करता था वह कल शाम को ड्यूटी पर गया था जहां से किसी काम से घर आने के बाद वह वापस ड्यूटी पर स्कूटी से लौट रहा था लेकिन सौ फुटा रोड पर स्थित पेट्रोल पंप के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी जिससे विशाल की मौके पर ही मौत हो गई और टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अज्ञात के रूप में जिला अस्पताल भेजा और उसके पास मिले मोबाइल फोन से घरवालों को सूचना दी जो जिला अस्पताल पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली मृतक एक बेटे का पिता था ।

## क्विक न्यूज

### धर्म परिवर्तन कर हिन्दू लड़के से शादी करने के बाद मांगी एसएसपी से सुरक्षा

**बरेली।** एक मुस्लिम लड़की ने धर्म परिवर्तन कर हिंदू लड़के से शादी करने के बाद परिवार वालों द्वारा मिल रही अनेक धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ भी अनहोनी की आशंका व्यक्त की है सुमन देवी ने एसएसपी से सुरक्षा की मांग की है ।सुमन देवी उर्फशहनाज पत्नी अजय बाबू पुत्री बादशाह एवं नाजमा निवासी सगल पुर थाना भोजीपुरा की है और उसने अपने ही गांव के प्रेमी अजय बाबू से धर्म परिवर्तन कर हिंदू रीति रिवाज के अनुसार विवाह किया लेकिन विवाह उपरांत उसके परिजनों द्वारा उसको लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं और कुछ भी अनहोनी हो सकती है सुमन देवी उर्फशहनाज को अज्ञात सूत्रों से पता चला है कि उसके परिवार वाले उसके इस कारनामे से खुश नहीं है और कोई षड्यंत्र रच रहे हैं उसके परिवार वालों की जान पहचान अपराधी नेताओं से है इसका नाजायज फायदा उठाकर उसके उसके पति के साथ कोई भी अनहोनी घटना करवा सकते हैं आज उसने एसएसपी दफ्तर पहुंचकर अपनी जान माल की सुरक्षा की मांग की है ।वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अखिलेश कुमार चौरसिया ने बताया थाना भोजीपुरा क्षेत्र की रहने वाली लड़की ने धर्म परिवर्तन कर हिंदू रीति रिवाज के साथ शादी की है उसने अपने परिवार वालों से जान का खतरा बताया है उसने सुरक्षा की मांग की है भोजीपुरा थाना को आदेश दिए हैं दोनों पति-पत्नी को सुरक्षा मुहैया कराई जाए।

### मुख्यमंत्री का प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के अवसर पर आवश्यक व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

**बरेली ।** जिलाधिकारी शिवाकान्त द्विवेदी की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रदेश के मुख्यमंत्री का प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अवसर पर आवश्यक व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने पी.डब्लू.डी को निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री का जिस रुट से आवागमन हो, उस रुट की सड़कों का निरीक्षण कर आने से पूर्व सही करा लें तथा कार्यक्रम स्थल पर मंच, कुर्सियां, टेण्ट मानक अनुसार होने के भी निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी निर्माण कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण हो गये है केवल उन्ही का शिलान्यासध्लोकार्पण कराया जाये। उन्होंने कहा कि यदि किसी का कार्य का लोकार्पण पहले हो चुका है तो उसका दोबारा से लोकार्पण न कराया जाये। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य सेवाओं सहित डाक्टर की टीम पहले से तैयार कर ली जाये। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित प्रगति रिपोर्ट तैयार कर लें। उन्होंने अपर जिलाधिकारी नगर को निर्देश दिये कि जिन चौराहों पर महापुरुषों की प्रतिमाएं ढकी हुई है या जाली लगी है उन्हें शीघ्र हटवाया जाये तथा प्रतिमाओं की उचित साफसफाई करायी जाये। उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देश दिये कि सड़कों पर जो भी डिवाईडर बने हुए है उनकी साज सज्जा करायी जाये। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देश दिये कि कार्यक्रम स्थल पर विद्युत, साउन्ड सिस्टम, तथा कैम्पस के अन्दरध्बाहर जो भी तार लटक रहे हैं उन्हें शीघ्र सही कराया जाये। उन्होने खाद्य सुरक्षा को निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री को जो भी खाद्यध्पेय पदार्थ दिये जायें उनकी गुणवत्ता की जांच अवश्य की जाये। उन्होंने एसपी सिटी को निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री के साथ उनकी सुरक्षा हेतु जो भी लोग आये उनके खान-पान तथा रहन-सहन की उचित व्यवस्था की जाये। उन्होंने कहा कि बरेली जनपद में 185 प्रोजेक्ट ऐसे हैं जिनका लोकार्पण मुख्यमंत्री के कर कमलों से किया जाना है। उन्होंने जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी को समस्त प्रोजेक्टों की सूची तैयार करने के निर्देश दिये।

### बृहस्पतिवार बाजार से नगर आयुक्त ने गरीबो के हटवाये फड़ , गरीब फड़ बाले परिवार चलाने को परेशान

**बरेली ।** सरकार का नारा है सबका साथ सबका विकास बही दूसरी तरफबरेली नगर निगम की नगर आयुक्त के नेतृत्व में गरीब फड़ बालो के ऊपर इस तरह डंडा घुमाया उनके फड़ उठा कर फेंक दिए । गरीब दुकानदारो ने अपनी दुकानें हटा ली । और बोले जब दुकाने नहीं लगाएंगे तो बच्चों को कैसे पालेंगे बृहस्पतिवार को नगर निगम की टीम ने कुतुबखाना से कोतवाली तक चला अतिक्रमण अभियान कुमार टाकीज के पास गोल मार्केट में लगे बृहस्पतिवार के बाजार को हटा दिया अधिकारियों ने चेतावनी दी यहां पर अगर दुकान लगाई तो सब का सामान जप्त कर लिया जाएगा । अतिक्रमण अभियान के बारे में नगर नगर आयुक्त से बात करना चाही नगर आयुक्त ने बात करने से इनकार कर दिया । अभियान में नगर आयुक्त निधि गुप्ता , सिटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार , सीओ प्रथम स्वेता यादव , नगर निगम अधिकारी ललितेश सक्सेना , जयपाल पटेल और कोतवाल हिमांशु निगम पुलिस फोर्स के साथ और नगर निगम की सिक्योरिटी तैनात रही ।

# कृषि विज्ञान केन्द्र अम्बरपुर में आयोजित हुई गोष्ठी

**संवाददाता।** सीतापुर

**कृषि विज्ञान** केन्द्र अम्बरपुर, सीतापुर के तत्वाधान में केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. विनोद कुमार सिंह के मार्गदर्शन में इंटीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ में अध्ययनरत बीएससी कृषि (चतुर्थ वर्ष) की छात्राओं की एक गोष्ठी कृषि विज्ञान केन्द्र अम्बर पर हुई। बता दें छात्राओं के समूह बनाकर उनको सिधौली विकास खण्ड के सरसौली, किरतापुर, हीरपुर, अटरिया, जजौर, अम्बरपुर एवं कन्टाइन गांव आवंटित किया गया है।

गोष्ठी में छात्रा अंजली वर्मा, मंजरी कुमारी, शहरीन फातिमा, नंदिनी पाण्डेय फब्रेहा यूनुस, नीलम कुमार, नैना, गीता भंडारी, मदीहा कल्याणी सोनी, हर्षिता कश्यप, खुशी रावत, सोनाली राय, ज्योति यादव ने विचार रखे। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने फसलों की लागत कम करने, गुणवत्तायुक्त उत्पादन में वृद्धि एवं उचित मूल्य प्राप्त करने के तकनीकी बिंदुओं पर चर्चा की। मुख्य अतिथि मानव विकास सेवा संस्थान के अपर निदेशक एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी अधिकारी डॉक्टर दिनेश सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष अमरनाथ सिंह, उमेश कुमार सिंह, ऋचा सिंह, डॉ. खालिद, उद्यान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सतीश यादव, डॉ. अभिनीत, अजय त्रिपाठी, अम्बरपुर ग्राम प्रधान महेंद्र शुक्ला, कुर्सी ग्राम प्रधान मायाराम, रुपेश, कैलाश कुमार मौजूद रहे।

## एड्स एक जानलेवा बीमारीः उमेश प्रताप सिंह

**संवाददाता।** सीतापुर

**एड्स एक** जानलेवा बीमारी है. इसका कोई इलाज नहीं है सिर्फसावधानी से बचा जा सकता है। यह विचार एड्स दिवस पर आर्यकुल कॉलेज के प्रचार्य उमेश प्रताप सिंह ने व्यक्त किए। इस बीमारी को दूर भागने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में डा. सशक्त सिंह, डा. उमेश प्रताप सिंह, डा. आदित्य सिंह, डा. अब्दुल रब खान, रोहित सिंह, मिस दक्षिणा, राजीव कुमार, राहुल कनोजिया, ऋषभ शुक्ल, तबस्सुम बानो, शशि प्रभा, राहिल वाकर, मिस स्वाति, अबरार आदि मौजूद रहे ।

## वोटर कार्ड में किसी भी व्यक्ति का नाम न छूटने पाए : डीएम

**संवाददाता।** सीतापुर

**जिलाधिकारी अनुज** सिंह ने कहा कि वोटर कार्ड में किसी भी व्यक्ति का नाम छूटनें न पाये। इसके बाद डीएम ने न्यायालय नायब तहसीलदार का भी विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महत्वपूर्ण दस्तावेजों एवं अभिलेखों का अवलोकन करते हुये उसमें पायी कमियों को सुदृढ़ करने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने अभिलेखागार का भी निरीक्षण किया। उन्होंने तहसील सिधौली स्थित आपूर्ति कार्यालय में आपात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड को निरस्त करते हुये पात्र व्यक्तियों के नाम राशन कार्ड जारी करने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सिधौली राखी वर्मा, तहसीलदार सिधौली, क्षेत्राधिकारी सिधौली यादवेन्द्र सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विद्युत कर्मचारियों का आन्दोलन तीसरे दिन रहा जारी

**संवाददाता।** सीतापुर

**लम्बित 15** सूत्रीय मांगों के समर्थन में विद्युत कर्मचारियों का आन्दोलन तीसरे दिन भी जारी रहा। हड़ताल के चलते बिजली का बकाया बिल भी नहीं जमा हो पा रहा है। सिटी पावर हाउस सीतापुर पर बिल जमा करने आये कई उपभोक्ता बैरंग लौट गए। विद्युत कर्मचारियों ने अधिशाषी अभियन्ता कार्यालय परिसर में एकत्र होकर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति सीतापुर के बैनर तले प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में अधीक्षण अभियन्ता नन्दलाल, अधिशाषी अभियन्ता प्रथम रमेश कुमार, अधिशाषी अभियन्ता बिसवां दिलीप गुप्ता, अधिशाषी अभियन्ता पारेषण डीसी दीक्षित, अधिशाषी अभियन्ता धीरज यादव, संघर्ष समिति संयोजक एसडीओ हिमांशू पटेल, सह संयोजक अवर अभियन्ता रमेश सिह, एसडीएम रवि प्रकाश गौतम, विशाल शर्मा अंकिता रत्ना, सहित जनपद के सभी 22 एसडीओ 55 जेई 128 टेक्निकल ग्रेड 2 कर्मचारी व संविदा कर्मचारी शामिल रहे।

## दवा लेने जा रही महिला की दुर्घटना में मौत

**बरेली ।** दवा लेने के लिए घर से निकली एक महिला को सड़क पार करते समय किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम लिए भेजा। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव ढकिया निवासी 35 वर्षीय आशा देवी पत्नी राकेश कि कल शाम भोजीपुरा के गांव चावंड मुढ़िया में सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई मृतका के परिजनों ने बताया कि आशा देवी कल शाम को दवा लेने के लिए घर से निकली थी उसे चावड़ मुढ़िया स्थित एक मेडिकल स्टोर पर जाना था लेकिन किसी वाहन से चावड़ मुढ़िया पहुंचने के बाद जब वह सड़क पार कर रही थी तभी तेजी से आ रहे किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी ।

# गन्ना घटतौली से नाराज किसानों ने किया प्रदर्शन



**निघासन-खीरी।** गुलरिया चीनी मिल के आदलाबाद बी सेंटर भैयाचाट गन्ना क्रय केंद्र पर किसानों द्वारा पकड़ी गई 1 कुंटल 20 किलो की घटतौली! भंगइयाचाट निवासी भगौती ने बताया कि हमने धर्म कांटा से तौलाकर लाया। जिसमें 1 कुंतल 20 की घटतौली मिली। इसके बाद कई किसान ने अपना अपना गन्ना धर्म कांटा से तौलाकर लाए सभी में अंतर पाया गया। इसमें गन्ना क्रय केंद्र पर काफी किसान इकट्ठा होकर चीनी मिल प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के काफी देर बाद विभागीय व अधिकारी पहुंचकर किसानों को समझाने में लगे रहे क्षेत्रीय भाजपा नेता बनवारी लाल यादव ने बताया कि यह चीनी मिल के उच्च अधिकारियों की मिलीभगत से बाबू उनकी सह पर घर चोरी करता है। किसानों के खून पसीने की कमाई को काट पीट कर यहां से उच्चाधिकारियों तक पहुंचाता है किसानों ने जो प्रदर्शन किया है। इसके बाद यदि हालत नहीं करती है तो चीनी मिल का घेराव कराने को मजबूर होंगे। किसान इस दौरान रामकिशोर वर्मा, महेश अवस्थी, अवधेश कुमार, शादाब, गुड्डू, सर्वेश, मनीराम व रामनाथ आदि काफी किसान मौजूद रहे।

# महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया गया जागरुक



**लखीमपुर-खीरी।** एएचटीयू टीम द्वारा जनपद खीरी में विभिन्न स्थानों पर महिलाओं/बालिकाओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा तथा भेदभाव उन्मूलन के विषय एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के सम्बन्ध में जागरुक किया गया'

उप्र शासन की मंशा के अनुरुप अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस तक महिलाओं के विरुद्ध हिंसा तथा भेदभाव उन्मूलन के विषय में जागरुकता बढ़ाने तथा महिलाओं के समग्र विकास तथा सशक्तीकरण के साथ-साथ महिलाओं तथा बालिकाओं के बुनियादी मानवाधिकारों के प्रति जागरुकता हेतु 16 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक खीरी, संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक/नोडल अधिकारी महोदय के निकट पर्यवेक्षण में एएचटीयू प्रभारी, निरीक्षक जैनेन्द्र कुमार, का राजेश कुमार, महिला कांस्टेबल नीरज गिल, महिला कांस्टेबल का सीमा सिंह चौहान व चाइल्ड लाइन सदस्य विभा सक्सेना, रजनी, ग्राम प्रधान महावीर वर्मा, ग्राम पंचायत सहायक अखिल वर्मा, बीडीसी बृजेन्द्र कुमार वर्मा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ती नीलम वर्मा के साथ-साथ गांव के सम्मानित व्यक्तियों की उपस्थिति में ग्राम सभा मिर्जापुर, बेहजम आदि स्थान पर जन जागरुकता अभियान चलाया गया, जिसमें ग्राम समाज की महिलाओं/बालिकाओं को उनके अधिकारों के सम्बन्ध में जागरुक किया गया।

# चार प्रमुख कारणों से फैलता है एचआईवी एड्स : सीएमओ

## ● गुरु नानक महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**संवाददाता। लखीमपुर-खीरी**

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर गुरु नानक महाविद्यालय में एक संगोष्ठी और जागरूकता शिविर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने शिरकत की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्राचार्य डॉ. बीके शुक्ला व कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता मौजूद रहे।

अपने संबोधन में सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता कहां की एड्स एक जानलेवा बीमारी है। बचाव ही इसका एकमात्र उपचार है। एड्स के होने के चार प्रमुख कारण है। जिनमें संक्रमित रक्त का दूसरे व्यक्ति को चढ़ाया जाना, संक्रमित मां से बच्चे में, संक्रमित सुई से और असुरक्षित यौन संबंध शामिल हैं। (एड्स) एचआईवी जांच व एआरटी की सुविधा जनपद में उपलब्ध है?। उनके द्वारा हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ कर कार्यक्रम को शुरू किया गया। वहीं इस दौरान कई विद्यालयों के बच्चों ने संगोष्ठी में भाग लिया। जिनमें तीन बच्चों को सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता और प्राचार्य डॉ. बीके शुक्ला द्वारा सम्मानित किया गया। इनमें प्रथम पुरस्कार विकास शर्मा बीए प्रथम वर्ष, द्वितीय पुरस्कार गुलमार बेगम बीए द्वितीय वर्ष और तृतीय पुरस्कार प्रवीण गुप्ता बीए प्रथम वर्ष को दिया गया ।कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. बीके शुक्ला व डॉ. अनिल कुमार गुप्ता सहित प्रोफेसर प्रज्ञा मिश्रा, रंजीत कुमार सहित आईसीटीसी काउंसलर डॉ नमिता श्रीवास्तव ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को एड्स पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन फार्मासिस्ट परमानंद द्वारा किया गया। कार्यक्रम में करुणा वर्मा, ऐश्वर्या भारती, शिखर पांडे, आशीष मौर्य, आसिफ, पंकज श्रीवास्तव सहित मानव सेवा संस्थान के कर्मचारी और पदाधिकारी, शिक्षक, शिक्षिकाएं और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।इसी तरह युवराज दत्त महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शिक्षक शिक्षा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संयुक्त रूप से एड्स से बचाव तथा रोकथाम के लिए जागरूकता विषय पर विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया ।विचार गोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य,प्रो हेमन्त पाल ने की ।गोष्ठी में बी. एड विभागाध्यक्ष डॉ0 विशाल द्विवेदी, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी एवं दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ0 सुभाष चंद्रा व एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सतनाम ने एड्स के बारे में जानकारी देकर इस बीमारी से बचने के उपायों के बारे में बताया ।बी. एड. के छात्र जय हिंद, सुनिधि मिश्रा, व गुरुप्रीत ने भी एड्स से बचाव पर विचार व्यक्त किये।

# पेज एक का शेष

## पहले चरण...

(60.46 प्रतिशत) शामिल हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा कि कुछ प्रतिद्वंद्वी समूहों के बीच झड़प की कुछ घटनाओं को छोड़कर मतदान काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा। जामनगर जिले के जामजोधपुर में महिला मतदाताओं ने मतदान केंद्र पर उनके लिए कोई अलग बूथ नहीं होने पर विरोध दर्ज कराया। जूनागढ़ में, पुलिस ने कांग्रेस के एक पदाधिकारी को उस समय रोकने की कोशिश की, जब वह अपने कंधे पर रसोई गैस सिलेंडर लेकर मतदान केंद्र की ओर जा रहे थे। निर्वाचन आयोग ने 104 वर्षीय मतदाता रामजीभाई की तस्वीर ट्वीट की और कहा कि उन्होंने डाक मतपत्र का विकल्प चुनने के बजाय मतदान केंद्र पर आकर मतदान करके लोकतंत्र के उत्सव में भाग लिया। निर्वाचन आयोग ने सुबह 100 वर्षीय मतदाता कामुबेन पटेल की एक तस्वीर ट्वीट की जिसमें वह वलसाड जिले के उंबरगांव विधानसभा क्षेत्र के एक मतदान केंद्र में वोट डालने के बाद अपनी उंगली पर लगी अमिट स्याही दिखा रही हैं। राज्य विधानसभा की कुल 182 सीटों में से 89 सीटों पर चुनाव के पहले चरण के तहत मतदान हुआ।

## मोदी का...

के अपमानजनक शब्दों के इस्तेमाल के लिए कभी माफी नहीं मांगते हैं, अलबत्ता वे देश के प्रधानमंत्री के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल करना अपना अधिकार समझते हैं। गांधी परिवार की तरफ इशारा करते हुए मोदी ने कहा, उनके लिए परिवार ही सब कुछ है। परिवार को खुश करने के लिए वे कुछ भी करेंगे। कांग्रेस के नेताओं में होड़ मची है कि कौन मोदी के खिलाफ सबसे भद्दी गाली देगा और कौन सबसे अधिक जहर उगलेगा। उन्होंने कहा, ऐसे लोगों को सबक सिखाने का एक ही तरीका है। पांच दिसंबर को होने वाले चुनाव में कमल का बटन दबाकर आप भाजपा को वोट दीजिए। और मैं कांग्रेस के लोगों से कहना चाहता हूं कि आप जितना कीचड़ उछालोगे, कमल उतना ही खिलेगा।

## अमेरिका के...

एवं लॉकडाउन लगाए जाने के बारे में एक प्रश्न के उत्तर में बागची ने कहा कि वह किसी देश द्वारा कोविड से निपटने की रणनीति पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि वह उम्मीद करते हैं कि सम्पूर्ण मानवता कोविड से उबर आएगी।

## चुनौतियों का...

तथा वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) क्षेत्र की आवाज को प्रस्तुत करने का मौका प्रदान करती है जो अब तक उपेक्षित रही है। उन्होंने कहा कि एशिया, अफ्रीक, लैटिन अमेरिका के ऐसे देश अपनी आवाज उठाने के लिए भारत पर भरोसा करते हैं और ईंधन, खाद्य सुरक्षा जैसे मुद्दों पर हमने उनकी बात उठाई भी है। विदेश मंत्री ने कहा कि जलवायु कार्यवाही और जलवायु न्याय को लेकर हमारी प्रतिबद्धता मजबूत है। उन्होंने कहा कि भारत जी-20 समूह की अध्यक्षता ऐसे समय में ग्रहण कर रहा है जब कोविड के कारण विकासशील देशों को आर्थिक एवं सामाजिक तबाही का सामना करना पड़ा है एवं टिकाऊ विकास लक्ष्य (एसडीजी) कमतर हुए हैं तथा विकसित एवं विकासशील देशों के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में खाई उत्पन्न हो गई है।

## कैब, कोच...

जिनमें विभिन्न देशों के प्रतिनिधिमंडल शामिल होंगे। संभव है उनका वास्ता, कैब, टैक्सी और लग्जरी बस चालकों से पड़ेगा। इस संबंध में, भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) द्वारा सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किए गए लगभग 300 ड्राइवरों के पहले बैच को हाल ही में यहां आयोजित एक समारोह में केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी द्वारा प्रमाण पत्र और बैज सौंपे गए। आईटीडीसी के अशोक इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म मैनेजमेंट द्वारा जून 2022 से टैक्सी, कैब और कोच ड्राइवरों के लिए सीबीएसपी योजना के पर्यटन जागरूकता कार्यक्रम (टीएपी) कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें उन्हें व्यवहारिक और सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण दिया जाता है। मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि और बैच तैयार किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में भाग लेने वालों को बधाई देते हुए रेड्डी ने कहा कि भारत वसुधैव कुटुम्बकम और अतिथि देवो भव के मूल्यों का समर्थन करता है। फ्रंटलाइन सेवा प्रदाताओं के रूप में यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम सभी आगंतुकों के साथ बातचीत में भारतीय संस्कृति की इस भावना और गर्मजोशी को व्यक्त करें, चाहे वे पर्यटन के लिए भारत आ रहे हों अथवा हमारी संस्कृति का अनुभव करने के लिए, चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाने या जी20 सम्मेलन के कार्यक्रमों में भाग लेने आ रहे हों।

## जी-20...

की जी-20 प्राथमिकताओं को न केवल हमारे जी-20 भागीदारों, बल्कि दुनिया के दक्षिणी हिस्से के हमारे साथी देशों के परामर्श से आकार दिया जाएगा, जिनकी आवाज अक्सर अनसुनी कर दी जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का जी-20 एजेंडा समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्वाई उन्मुख और निर्णायक होगा। उन्होंने कहा, मेरा दृढ़ विश्वास है कि अभी और आगे बढ़ने तथा समग्र रूप से मानवता को लाभान्वित करने के लिए एक मौलिक मानसिकता के बदलाव को उत्प्रेरित करने का सबसे अच्छा समय है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा, समतामूलक स्वास्थ्य समाधान सहित तात्कालिक महत्व के उन विषयों पर समूह के सदस्य देशों का समर्थन जुटाएगा जिसका सामना कोविड के बाद दुनिया को करना पड़ रहा है।

## संसद के...

जवाबदेही बढ़ाने और चुनावी प्रक्रिया में सुधार के उद्देश्य से पेश किया जा रहा है। सत्र के दौरान छावनी विधेयक, 2022 एक और मसौदा कानून है जिसे पेश किए जाने की संभावना है। इस विधेयक के उद्देश्यों में छावनियों में जीवन की सुगमता को बढ़ाने का प्रस्ताव भी शामिल है। इस दौरान पेश किए जाने वाले विधेयकों की सूची में पुराना अनुदान (विनियमन) विधेयक, वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक, तटीय जलकृषि प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक आदि भी शामिल हैं।

## न्यायिक अधिकारी...

लिए भी कहा कि महापंजीयक के संचार के संदर्भ में आगे के सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं और इन कार्यवाहियों में एक अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

## कश्मीरी पंडितों...

फिल्म निर्देशक ने बृहस्पतिवार को कहा कि मैं किसी का अपमान नहीं करना चाहता था। मेरा उद्देश्य कभी भी लोगों या उनके रिश्तेदारों का अपमान करना नहीं था, जो पीड़ित हैं। मैं पूरी तरह से माफी मांगता हूं, लेकिन साथ ही, मैंने जो भी कहा कि मेरे और मेरे साथी जूरी सदस्यों के लिए, यह एक अश्लील प्रोपेगैंडा फिल्म थी। मैं इस बात को बार-बार दोहरा रहा हूं।

## मप्र में...

हर वर्ग की उपस्थिति ने इस यात्रा को सफल बनाया है। स्वरा विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर अपने विचार मुखरता से रखने के लिए जानी जाती हैं। अभिनेत्री ने भी कांग्रेस पार्टी के ट्वीट को रीट्वीट किया है। स्वरा ने राहुल गांधी के साथ यात्रा की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि राहुल गांधी के साथ चलना ऊर्जा, प्रतिबद्धता और प्रेम प्रेरित करने वाला था। गर्मजोशी भरे आम लोगों और उत्साह से भरे कांग्रेस कार्यकर्ताओं का इसमें शामिल होना तथा राहुल गांधी का सभी के प्रति ध्यान देने और अपनेपन का भाव रखना काफी प्रभावशाली पहलू है। इससे पहले अमोल पालेकर, संध्या गोखले, पूजा भट्ट, रिया सेन, सुशांत सिंह, मोना अम्बेगांवकर, रश्मि देसाई और आकांक्षा पुरी जैसी सिनेमा जगत की हस्तियां यात्रा में शामिल हो चुकी हैं। हॉलीवुड अभिनेता जॉन कुसैक ने भी ट्विटर पर इस पदयात्रा का समर्थन किया है। सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से कांग्रेस का यह व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम शुरू हुआ था।

## विहिप ने...

पाए। जैन ने कहा कि विहिप 21 से 31 दिसंबर तक धर्म रक्षा अभियान भी चलाएगी। उन्होंने कहा कि इस बीच विहिप की महिला शाखा दुर्गा वाहिनी भी लड़कियों को लव जिहाद और इसके जाल में फंसने के खिलाफ सचेत करने के लिए अभियान चलाएगी। जैन ने बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, केरल और दिल्ली समेत विभिन्न राज्योंकेंद्र-शासित प्रदेशों में पिछले 10 वर्षों में पुलिस द्वारा दर्ज किए गए 400 से अधिक मामलों की सूची जारी की और आरोप लगाया कि उनका संबंध लव जिहाद से है। विहिप नेता ने कहा कि ऐसी स्थिति से निपटने के लिए सरकार के साथ-साथ सामाजिक संगठनों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, इस परिदृश्य को देखते हुए, हम आज विहिप के राष्ट्रव्यापी जन जागरण अभियान की शुरुआत की घोषणा कर रहे हैं।

# कर्नाटक में मुस्लिम छात्राओं के लिए कॉलेज खोलने का कोई प्रस्ताव नहीं: बोम्मई

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बृहस्पतिवार को उन खबरों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि उनकी सरकार ने वक्फ बोर्ड को राज्य में मुस्लिम छात्राओं के लिए 10 कॉलेज खोलने की सहमति दे दी है। बोम्मई ने कहा कि उनकी सरकार में किसी भी स्तर पर ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई। कुछ दक्षिणपंथी समूहों ने इस विषय पर नाराजगी जताई है, जिसके बाद मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष का व्यक्तिगत विचार हो सकता है। यह उनकी सरकार का रुख नहीं है।

बोम्मई ने एक सवाल के जवाब में कहा,... मुझे नहीं पता, यह उनका (वक्फ अध्यक्ष का) निजी विचार हो सकता है। हमारी सरकार में किसी भी स्तर पर इस पर चर्चा नहीं हुई है और यह मेरी सरकार का रुख नहीं है। अगर कुछ है, तो वक्फ अध्यक्ष मेरे पास आएं और बात करें। कर्नाटक की हज एवं वक्फ मंत्री शशिकला जोले ने भी एक बयान जारी कर स्पष्ट किया है कि मुस्लिम छात्राओं के लिए अलग कॉलेज खोलने के संबंध में सरकार के पास कोई प्रस्ताव या फाइल नहीं आई है। उन्होंने ऐसे कॉलेज खोलने के लिए सरकारी की सहमति मिलने संबंधी खबरों को सच्चाई से परै बताया। उन्होंने कहा, इस संबंध में वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष का बयान उनका निजी बयान है। मैं वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष से बात कर चुकी हूं और उन्हें इस संबंध में पैदा हुई अटकलों को दूर करने लिए स्पष्टीकरण देने को कहा है।

कर्नाटक वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना शफ्ती सादी ने हाल ही में कहा था कि राज्य के विभिन्न जिलों में प्रति कॉलेज 2.5 करोड़ रुपए की लागत से लड़कियों के लिए 10 कॉलेज शुरू करने का फैसला किया गया है और मुख्यमंत्री व मंत्री जोले ने सैद्धांतिक सहमति दे दी है। उन्होंने कहा था कि राज्य के दक्षिण कन्नड़, शिवमोगा, कोडागु, चिक्कोडी, निप्पनी, कलबुर्गी, बीजापुर, बागलकोट और अन्य स्थान पर नए कॉलेज खोले जाएंगे। सादी ने कहा था कि हिजाब विवाद के बाद वक्फ बोर्ड ने मुस्लिम समुदाय की ओर से महिला कॉलेज शुरू करने की मांग की थी। उन्होंने इस संबंध में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी से भी मुलाकात की थी। हालांकि, सादी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वक्फ बोर्ड के स्तर पर चर्चा हो चुकी है और मामला अभी सरकार के पास नहीं पहुंचा है। उन्होंने कहा, प्रस्ताव अभी तैयार किया जा रहा है और आने वाले दिनों में सरकार को भेजा जाएगा।

# जम्मू कश्मीर में परिसीमन को चुनौती देने वाली याचिका पर न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण के लिए एक परिसीमन आयोग के गठन के सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर बृहस्पतिवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। याचिका में कहा गया है कि सरकार ने इस मामले में संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन किया है। न्यायमूर्ति एस.के. कौल और न्यायमूर्ति अभय एस. ओका की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, निर्वाचन आयोग और याचिकाकर्ताओं के वकीलों की दलीलें सुनीं। पीठ ने कहा, जिरह सुनी गई। फैसला सुरक्षित। दो याचिकाकर्ताओं हाजी अब्दुल गनी खान और मोहम्मद अयूब मट्टू की तरफ से पेश वकील ने दलील दी थी कि परिसीमन की कवायद संविधान की भावनाओं के विपरीत की गई थी और इस प्रक्रिया में सीमाओं में परिवर्तन तथा विस्तारित क्षेत्रों को शामिल नहीं किया जाना चाहिए था। याचिका में यह घोषित करने की मांग की गई थी कि जम्मू कश्मीर में सीटों की संख्या 107 से बढ़ाकर 114 (पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 24 सीटों सहित) संवैधानिक और कानूनी प्रावधानों, विशेष रूप से जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 63 के तहत अधिकारातीत है। याचिका में कहा गया था कि 2001 की जनगणना के बाद प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करके पूरे देश में चुनाव क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण की कवायद की गई थी और परिसीमन अधिनियम, 2002 की धारा तीन के तहत 12 जुलाई, 2002 को एक परिसीमन आयोग का गठन किया गया था।



अमृतसर में सरसो के खेत के पास से घोड़ा गाड़ी से जाते हुए ग्रामीण।

## सेना ने जम्मू, पुंछ, राजौरी के युवाओं के लिए आयोजित की फिल्म निर्माण कार्यशाला

**जम्मू।** भारतीय सेना द्वारा दूरदराज के इलाकों के युवाओं का सशक्तिकरण करने की पहल के तहत जम्मू, पुंछ और राजौरी से आए विद्यार्थियों के लिए पुरस्कार प्राप्त निर्देशकों की उपस्थिति में फिल्म निर्माण कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें सैकड़ों विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। अधिकारियों ने बताया कि राहत काजमी और तारिक खान ने फिल्म निर्माण कार्यशाला में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के सूरनकोट, पुंछ, राजौरी और जम्मू के दूर दराज से आए युवाओं से संवाद किया। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र आनंद ने बताया कि सबसे पहले दिल मांगे मोर लघु फिल्म महोत्सव के क्यूरेटर की जिम्मेदारी कैप्टन राहुल बाली ने निभाई। यह भारतीय सेना की उत्तरी कमान की इनोवेशन इंडिया के साथ संयुक्त पहल थी। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र निर्माण के दृष्टिकोण के महत्व को दोहराती है।

**मालेगांव विस्फोट**

# प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने आरोपमुक्त किए जाने संबंधी याचिका वापस ली

**मुंबई।** भाजपा की लोकसभा सदस्य प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने 2008 के मालेगांव बम विस्फोट मामले से खुद को आरोपमुक्त किए जाने संबंधी अपनी याचिका बम्बई उच्च न्यायालय से बृहस्पतिवार को वापस ले ली। प्रज्ञा ठाकुर और मामले के सह-आरोपी समीर कुलकर्णी ने 2018 में दायर अपनी याचिकाएं यह कहते हुए वापस ले लीं कि विस्फोट मामले की सुनवाई अपने अंतिम चरण में है और 289 गवाहों के बयान पहले ही हो चुके हैं। एक अन्य आरोपी लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित ने अपनी विभिन्न याचिकाओं में से वह याचिका वापस ले ली जिसमें उन्होंने गैरकानूनी गतिविधियां निरोधक कानून के प्रावधानों के तहत उनके खिलाफ अभियोग चलाने की मंजूरी को त्रुटिपूर्ण करार दिया था। आरोप मुक्त करने संबंधी पुरोहित की याचिका पर उच्च न्यायालय में पिछले सप्ताह सुनवाई हुई थी और इस पर आदेश सुरक्षित रख लिया गया था।

विशेष अदालत ने दिसम्बर 2017 में इन आरोपियों की याचिकाएं खारिज कर दी थीं, जिसके बाद इन लोगों ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। ठाकुर की ओर से पेश वकील प्रशांत मग्गू ने दलील दी कि निचली अदालत में 289 गवाहों से जिरह हो चुकी है और ऐसे चरण में आरोपमुक्त किए जाने के लिए जोर देना उचित नहीं होगा, इसलिए उनकी मुवक्किल याचिका वापस लेने की अनुमति चाहती हैं। अदालत ने उनके इस अनुरोध को स्वीकार कर लिया। नासिक जिले के मालेगांव स्थित मस्जिद के निकट 29 सितम्बर 2008 को हुए बम विस्फोट के आरोपियों में ठाकुर, कुलकर्णी और पुरोहित के अलावा रमेश उपाध्याय, अजय रहिरकर, सुधाकर द्विवेदी और एस चतुर्वेदी शामिल हैं।

## कर्मियों के वेतन के लिए पर्याप्त धन उपलब्ध है: जम्मू-कश्मीर पुलिस

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसके पास अपने कर्मियों को मासिक वेतन देने के लिए पर्याप्त धन है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी), कश्मीर विजय कुमार ने ट्वीट किया, सोशल मीडिया पर एक झूठी खबर फैल रही है कि पिछले दो महीने से पुलिस कर्मियों के वेतन का भुगतान नहीं किया गया। यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रत्एक आहरण और वितरण कार्यालय (डीडीओ) को वेतन मद में पर्याप्त धनराशि मिली है। पुलिस का स्पष्टीकरण कुछ खबरों के बाद आया है, जिनमें कहा गया था कि बजट नहीं होने के कारण पिछले दो महीने से पुलिस कर्मियों के एक वर्ग को वेतन नहीं मिला है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने भी ट्विटर पर इस मुद्दे को उठाया था। मुफ्ती ने ट्वीट किया था, दुख की बात है कि आगे रहकर काम करने वालों का वेतन दो महीने से रुका हुआ है।

# किसी भी जांच का सामना करने के लिए तैयार हूं : टीआरएस नेता के कविता

**हैदराबाद।** तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) की विधान परिषद सदस्य के. कविता ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) तथा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जैसी केंद्रीय एजेंसियों के निशाने पर आई वह और उनकी पार्टी के नेता किसी भी जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं। वह उन खबरों पर प्रतिक्रिया दे रही थीं, जिनमें कहा गया है ईडी ने दिल्ली शराब घोटाला मामले के आरोपियों में से एक अमित अरोड़ा की रिमांड रिपोर्ट में उनके नाम का उल्लेख किया गया है। कविता ने कहा, हम किसी भी तरह की जांच का सामना करेंगे। अगर एजेंसियां आती हैं और हमसे सवाल करती हैं तो हम निश्चित तौर पर जवाब देंगे। मीडिया को चुनिंदा सूचनाएं लीक करके नेताओं की छवि बिगाड़ना... लोग इसे खारिज कर देंगे।

उन्होंने भाजपा पर लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित आठ राज्य सरकारों को अपदस्थ करने तथा पिछले दरवाजे की राजनीति से सत्ता छीनने का आरोप लगाया। कविता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उन्हें तथा अन्य नेताओं को किसी भी गलत काम का दोषी साबित कर जेल में रखने की चुनौती दी।

उन्होंने कहा, मैं मोदी से अनुरोध करती हूं कि इस रवैए को बदलें। ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल कर चुनाव जीतना संभव नहीं है। तेलंगाना के लोगों के साथ यह बहुत मुश्किल है, जो चतुर हैं। कविता ने कहा, अगर आप कहते हैं कि आप हमें जेल में रखेंगे, तो यह करें। क्या होगा? डरने की कोई बात नहीं है। क्या आप हमें फांसी देंगे? ज्यादा से ज्यादा आप हमें जेल में रखेंगे। बस इतना ही। उन्होंने कहा कि चुनाव वाले राज्यों में ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों को भेजने का नियमित चलन बन गया है।

तेलंगाना में अगले साल नवंबर या दिसंबर में विधानसभा चुनाव होगा। कविता ने कहा, चुनावी राज्यों में मोदी के पहुंचने से पहले ईडी पहुंच जाती है।

टीआरएस पार्टी के कार्यकर्ता एकजुटता व्यक्त करते हुए बड़ी संख्या में उनके आवास पर एकत्रित हो गए। उन्होंने कहा कि जब तक टीआरएस लोगों के कल्याण के लिए काम करेगी, तब तक कुछ नहीं होगा। ईडी ने कहा, अब तक की गई जांच के अनुसार, विजय नायर ने आप के नेताओं की ओर से साउथ ग्रुप (सरथ रेड्डी, के. कविता, मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी द्वारा नियंत्रित) नामक एक समूह से अमित अरोड़ा सहित विभिन्न व्यक्तियों के जरिए कम से कम 100 करोड़ रुपए की घूस प्राप्त की है। एजेंसी ने कहा कि यह खुलासा अमित अरोड़ा ने अपना बयान दर्ज कराने के दौरान किया। अधिकारियों ने कविता की पहचान विधान परिषद सदस्य एवं तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की पुत्री के रूप में की।

## द्रमुक ने रवि पर तंज कसते हुए राज्यपाल को सबसे बेकार पद बताया

**चेन्नई।** तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि पर निशाना साधते हुए सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के विधायक टी आर बी राजा ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्यपाल का पद लोकतंत्र में संभवत: सबसे व्यर्थ चीज है और राजनीतिक दृष्टि से नियुक्त व्यक्ति एक निर्वाचित सरकार के कामकाज को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। राजा ने ट्वीट किया, राज्यपाल का पद लोकतंत्र में शायद सबसे व्यर्थ चीज है। राजनीतिक दृष्टि से नियुक्त व्यक्ति एक निर्वाचित सरकार के कामकाज को बिगाड़ रहे हैं जो लोकतंत्र पर धब्बा है। राजा पार्टी के शीर्ष नेता टी आर बालू के पुत्र, द्रमुक की आईटी शाखा के सचिव व विधायक हैं। उन्होंने दुनिया की सबसे बेकार चीजों की एक तस्वीर पोस्ट की और इसमें रवि की तस्वीर भी शामिल है। गौरतलब है कि सत्तारूढ़ द्रमुक का विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर सहमति और विचाराधारा से जुड़े मुद्दों को लेकर राज्यपाल रवि से टकराव चल रहा है।

# टीआरएस विधायक खरीद मामले में तीन आरोपियों को जमानत

**भाषा।** हैदराबाद

**तेलंगाना** उच्च न्यायालय ने टीआरएस के चार विधायकों को कथित तौर पर खरीदने के षड़यंत्र से संबंधित मामले में गिरफ्तार तीन आरोपियों को बृहस्पतिवार को जमानत दे दी। अदालत ने विभिन्न शर्तों के साथ रामचंद्र भारती उर्फ सतीश शर्मा, नंद कुमार और सिम्हायाजी स्वामी की जमानत याचिकाएं स्वीकार कर लीं। उन्हें तीन लाख रुपए के मुचलके और इतनी ही धनराशि की दो जमानत राशि के भुगतान का निर्देश दिया गया है। साथ ही तीनों को हर सोमवार विशेष जांच दल (एसआईटी) के सामने पेश होने को कहा गया है।

तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के विधायक पायलट रोहित रेड्डी समेत चार विधायकों ने 26 अक्टूबर को इन तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था, जिसके बाद इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। शिकायत के आधार पर इन तीनों के खिलाफ आपराधिक षड़यंत्र, रिश्वत की पेशकश से संबंधित प्रावधानों और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत मामला दर्ज किया था।

एक स्थानीय अदालत ने तीनों की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद इन्होंने उच्च न्यायालय में याचिकाएं दाखिल की थीं। प्राथमिकी की प्रति के अनुसार रोहित रेड्डी ने आरोप लगाया था कि आरोपियों ने उन्हें टीआरएस छोड़ने और अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार बनने के बदले 100 करोड़ रुपए की पेशकश की थी। आरोपियों ने कथित तौर पर रेड्डी से टीआरएस के कुछ और विधायकों को 50-50 करोड़ रुपए की पेशकश करके भाजपा में शामिल कराने के लिए कहा था।

## ईडी ने धनशोधन मामले में झारखंड की आईएएस अधिकारी की 82.77 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जेल में बंद झारखंड की आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की 82.77 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्ति धनशोधन रोकथाम कानून के तहत कुर्क की है। एजेंसी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इन संपत्ति में एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, एक डायग्नोस्टिक सेंटर और रांची में दो भूखंड शामिल हैं। ईडी ने धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया है। सिंघल 2000 बैच की आईएएस की अधिकारी हैं और उन्हें मनरेगा योजना में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के आरोप में 11 मई को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने उनके परिसरों के अलावा उनके कारोबारी पति और एक चार्टर्ड एकाउंटेंट के यहां भी छापे मारे थे। बाद में उन्हें निलंबित कर दिया गया था और वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं।

# नीतीश ने एक देश, एक बिजली शुल्क की नीति का आह्वान किया

**भाषा।** पटना

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक देश, एक बिजली शुल्क की नीति का आह्वान करते हुए कहा कि कुछ राज्य अन्य की तुलना में ऊंची कीमत पर बिजली खरीदते हैं। कुमार ने बुधवार को 15,871 करोड़ रुपए मूल्य की बिजली विभाग की परियोजनाओं का अनावरण करते हुए कहा कि बिहार को अन्य राज्यों की तुलना में केंद्र सरकार के बिजली संयंत्रों से ऊंची दर पर बिजली मिलती है। कुमार ने कहा, सारे राज्य देश के समग्र विकास में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। मैंने पहले भी कई बार कहा था कि एक देश, एक बिजली शुल्क की नीति होनी चाहिए। आखिर कुछ राज्य ऊंची कीमत पर बिजली क्यों खरीद रहे हैं? देश भर में एकीकृत बिजली दर होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए राज्य में स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर लगाने का फैसला किया है। कुछ राज्यों में ऐसी योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा, हम अपने बिजली उपभोक्ताओं को सब्सिडी देते हैं। हम बहुत अधिक दर पर बिजली खरीदते हैं और अपने उपभोक्ताओं को बहुत कम दर पर उपलब्ध कराते हैं। मुझे उन लोगों से कोई दिक्कत नहीं है जो मुफ्त बिजली देने की बात करते हैं।

कुमार ने कहा कि उनकी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि अक्टूबर 2018 में राज्य में हर घर में बिजली का कनेक्शन पहुंचे। उन्होंने कहा, जब हमें 2005 में बिहार में लोगों की सेवा का अवसर मिला तो राज्य में बिजली की खपत महज 700 मेगावाट थी जो अब बढ़कर 6,738 मेगावाट हो गई है।

## एनआईए की विशेष अदालत ने एचएनएलसी के नेताओं को समन जारी किया

**शिलांग।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की यहां स्थित विशेष अदालत ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन हाइनीवट्रेप नेशनल लिबरेशन काउंसिल (एचएनएलसी) के नेताओं को अगले साल चार जनवरी को पेश होने के लिए समन जारी किया है। एचएनएलसी के जिन नेताओं को समन भेजा गया है, उनमें बॉबी मारविन, मारियस रेनजाह और सैंकुपर नोंगट्रॉ शामिल हैं तथा यह स्थानीय अखबारों में प्रकाशित किया गया है। एनआईए ने 12 दिसंबर, 2020 को मेघालय के पूर्वी जयंतिया पर्वतीय क्षेत्र में हुए एक विस्फोट के सिलसिले में एचएनएलसी के इन नेताओं के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। चूंकि ए आरोपी बृहस्पतिवार को एनआईए अदालत में पेश नहीं हुए, इसलिए अदालत ने उन्हें समन जारी कर चार जनवरी को पेश होने को कहा है। एचएनएलसी मुख्य रूप से खासी पर्वतीय क्षेत्र में सक्रिय है और यह मेघालय की राजधानी शिलांग में कई आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे चुकी है।

**क्विक न्यूज**

## मूसेवाला के पिता ने गोल्डी बराड़ की गिरफ्तारी के लिए दो करोड़ रुपए का इनाम घोषित करने की मांग की

**चंडीगढ़।** पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार से मांग की कि उनके पुत्र की हत्या के षड्यंत्रकारी व कनाडा स्थित गैंगस्टर गोल्डी बराड़ की गिरफ्तारी में मदद करने वाली कोई सूचना देने वाले को दो करोड़ रुपए का इनाम देने की घोषणा की जाए। सिंह ने कहा कि अगर सरकार इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थ है, तो वह अपनी जेब से इनाम देने को तैयार हैं। उन्होंने कहा, मैं वादा करता हूं कि अगर वह (सरकार) इतनी राशि नही दे सकती है, तो मैं अपनी जेब से पैसे दूंगा, भले ही मुझे अपनी जमीन बेचनी पड़े। सिंह ने अमृतसर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऑस्ट्रेलियाई पुलिस का एक उदाहरण दिया, जिसने चार साल पहले एक महिला की हत्या करने के बाद वहां से भाग गए भारतीय मूल के एक नागरिक की गिरफ्तारी के लिए 10 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर के इनाम की घोषणा की थी। सिंह ने मांग की कि बराड़ को भारत लाया जाना चाहिए, ताकि वह अपने अपराधों के लिए यहां कानून का सामना कर सके। सिद्धू मूसेवाला के नाम से मशहूर शुभदीप सिंह सिद्धू की 29 मई को पंजाब के मानसा जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य बराड़ ने हत्या की जिम्मेदारी ली थी।

## कांग्रेस ने मंगलुरु में छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा स्थापित करने के फैसले का विरोध किया

**मंगलुरु।** मंगलुरु नगर निगम परिषद के कांग्रेस सदस्यों ने शहर में छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा स्थापित करने के प्रस्ताव पर आपत्ति जताई है। एमसीसी ने गत छत्रपति शिवाजी मराठा एसोसिएशन की मांग पर विचार करते हुए 29 अक्टूबर की अपनी बैठक में शहर के महावीर सर्किल (पंपवेल सर्किल) पर शिवाजी की प्रतिमा स्थापित करने के एक एजेंडे को मंजूरी दी थी। लेकिन परिषद की बुधवार को हुई बैठक में विपक्षी दल के नेता नवीन डिसूजा ने कर्नाटक के खिलाफ महाराष्ट्र एकीकरण समिति (एमईएस) के रुख की ओर इशारा करते हुए इस कदम का विरोध किया। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब एमईएस कर्नाटक-महाराष्ट्र सीमा पर शांति भंग करने की कोशिश कर रही है, तब शहर में शिवाजी की प्रतिमा स्थापित करना अनुचित है। उन्होंने सुझाव दिया कि शिवाजी की प्रतिमा के स्थान पर कोटि-चेन्या की प्रतिमा (तुलुनाडु के दो योद्धा) स्थापित की जा सकती है। कांग्रेस सदस्य शशिधर हेगड़े ने भी कहा कि तटवर्ती क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानियो और महान विभूतियो में से किसी एक की प्रतिमा स्थापित करने पर विचार किया जाना जाना चाहिए। भाजपा सदस्यों ने आलोचनाओ के जवाब में कहा कि कांग्रेस ने अपनी यह आदत बना ली है कि उसे हिदू नेताओं का विरोध करना है। भाजपा पार्षदों ने कहा कि शिवाजी का नाम केवल महाराष्ट्र तक सीमित नही होना चाहिए।

## एड्स बीमारी से शर्मसार होने या डरने की जरूरत नही, युवाओं को जांच करानी चाहिए : तेजस्वी

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि एड्स बीमारी से शर्मसार होने या डरने की जरूरत नही है तथा एड्स पीड़ितों से घृणा नही करनी चाहिए। विश्व एड्स दिवस पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री यादव ने युवाओ का आह्वान किया कि उन्हे बिना किसी शर्म और भय के इसकी जांच करानी चाहिए। यादव ने कहा कि एड्स के मरीजों से घृणा नही करनी चाहिए और युवा पीढ़ी, खासकर गर्भवती महिलाओं के लिए आवश्यक है कि वे बिना किसी भय एवं शर्म के एचआईवी जांच कराएं। एक पार्क में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व क्रिकेटर यादव (33) पैदल ही आए ताकि युवाओं से घुल-मिल सकें। उन्होंने इस मौके पर ट्रैकसूट पहन रखा था। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता ने ट्विटर पर इस समारोह की तस्वीरें भी पोस्ट की। उन्होंने ट्वीट किया, विश्व एड्स दिवस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित जागरूकता मार्च कार्यक्रम में शिरकत की। विश्व एड्स दिवस मनाने का उद्देश्य एचआईवी व एड्स के प्रति लोगों को संवेदनशील बनाना व जागरूक करना एवं एड्स मरीजों का सामाजिक बहिष्कार करने के बजाए उनके साथ अच्छा व्यवहार करने के लिए प्रेरित करना है।

## पाक ने गलती से सीमा पार गए बीएसएफ जवान को सौंपा

**नई दिल्ली।** पंजाब मे पाकिस्तान से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा गलती से पार कर बृहस्पतिवार सुबह पड़ोसी देश की सीमा मे दाखिल हुए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवान को भारतीय अधिकारियो को सौंप दिया गया है। बल के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीएसएफ जवान अबोहर सेक्टर स्थित बल के जी जी चौकी के नजदीक जीरो लाइन पर गश्त लगा रहा था। उन्होने बताया कि इसी सुबह करीब साढ़े छह बजे खराब दृश्यता की वजह से जवान सीमा के उस पार चला गया। प्रवक्ता ने बताया, पाकिस्तान रेंजर ने अपाह्न एक बजकर 50 मिनट पर बीएसएफ के साथ फ्लैग मीटिंग के दौरान उक्त जवान को भारत को सौंप दिया।

## असम में 25,703 लोग एचआईवी से पीड़ितः एएसएसीएस

**गुवाहाटी।** असम राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी (एएसएसीएस) के अनुसार असम में लगभग 25,073 लोग एचआईवी से पीड़ित हैं। एएसएसीएस ने कहा कि इन 25,073 लोगों में 45 प्रतिशत महिलाएं जबकि तीन फीसदी बच्चे हैं। सोसाइटी ने बृहस्पतिवार को विश्व एड्स दिवस के मौके पर नाको एचआईवी अनुमान रिपोर्ट 2021 का हवाला देते हुए कहा कि असम में एचआईवी फैलने की दर 0.09 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय दर 0.21 फीसदी से कम है। एंटीरेट्रोवाइरल उपचार कराकर जीवित रहने वाले लोगों की संख्या 10,765 है। कामरूप जिले में सबसे अधिक 7,610 लोग एचआईवी से पीड़ित हैं। इसके बाद कछार में 5,200, नगांव में।,602 और डिब्रूगढ़ में।,402 लोग इसकी चपेट में हैं। एएसएसीएस ने कहा कि असम में एचआईवी के जितने मामले सामने आए हैं, उनमें से 81.63 प्रतिशत विषमलैंगिकों (हेटेरोसेक्शुअल) के बीच यौन संबंध के माध्यम से सामने आए हैं।

# उच्चतम न्यायालय में मामलों की सुनवाई के लिए महिला पीठ का गठन

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने वैवाहिक विवाद और जमानत के मामलों से जुड़ी स्थानांतरण याचिकाओं पर सुनवाई के लिए बृहस्पतिवार को न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी वाली पूरी तरह महिला न्यायाधीशों की एक पीठ गठित की।

उच्चतम न्यायालय के इतिहास में यह तीसरा मौका है जब पूरी तरह महिला न्यायाधीशों वाली पीठ का गठन किया गया है। दो न्यायाधीशों वाली पीठ अभी शीर्ष न्यायालय की अदालत संख्या 11 में बैठ रही है। पीठ के समक्ष 32 मामले सूचीबद्ध किए गए है जिनमें से वैवाहिक विवाद और जमानत वाली 10-10 स्थानांतरण याचिकाएं हैं।

स्थानांतरण याचिका ऐसी याचिका होती है जिनमें किसी मामले को राज्य एजेंसियों से केंद्रीय एजेंसी या किसी उच्च न्यायालय ने दूसरे उच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय से उच्चतम न्यायालय में स्थानांतरित किए जाने का अनुरोध किया जाता है।

सबसे पहले पूरी तरह से महिला पीठ का गठन 2013 में किया गया था जब न्यायमूर्ति ज्ञान सुधा मिश्रा और न्यायमूर्ति रंजना प्रसाद देसाई की पीठ का गठन किया गया था। इसके बाद 2018 में न्यायमूर्ति आर भानुमति और न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी की पीठ का गठन किया गया। अभी उच्चतम न्यायालय में तीन महिला न्यायाधीश न्यायमूर्ति हिमा कोहली, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी हैं। न्यायमूर्ति नागरत्ना का 2027 में देश की पहली प्रधान न्यायाधीश बनना तय है। उच्चतम न्यायालय में अभी सीजेआई समेत 27 न्यायाधीश हैं जबकि इसकी कुल क्षमता 34 न्यायाधीशों की है।

# उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कांग्रेस विधायकों के लंबित इस्तीफों को लेकर दायर की याचिका

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के उपनेता राजेंद्र राठौड़ ने बृहस्पतिवार को राजस्थान उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर कर सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के 90 से अधिक विधायकों द्वारा दिए गए इस्तीफे पर निर्णय लेने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को निर्देश देने की मांग की। उन्होंने इस्तीफा देने वाले विधायकों के नाम सार्वजनिक करने और उन्हें विधानसभा की कार्यवाही में भाग लेने से रोकने की भी मांग की। 90 से अधिक कांग्रेस विधायकों ने अशोक गहलोत के उत्तराधिकारी का निर्धारण करने के लिए बुलाई गई 25 सितंबर को विधायक दल की बैठक का विरोध करते हुए विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया के नेतृत्व में भाजपा नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने 18 अक्टूबर को विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात की थी और मंत्रियों सहित कांग्रेस विधायकों के इस्तीफे को स्वीकार करने का अनुरोध किया था।

राजेंद्र राठौड़ ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा, मैंने यह जनहित याचिका दायर की है और मैं स्वयं न्यायालय में इसकी पैरवी करूंगा। मैं कोशिश करूंगा कि इस मामले में न्यायालय विधानसभा अध्यक्ष को निर्देश दे कि जो त्यागपत्र उनके पास लंबित हैं उन्हें वह स्वीकार करें। हमने विधानसभा अध्यक्ष को प्रतिवेदन के जरिए इस्तीफे पर फैसला करने का अनुरोध किया था। इस्तीफे जबरदस्ती नहीं लिए गए और इस्तीफा देने वाले मंत्री किस नैतिक अधिकार से मंत्रीमंडल की बैठकों में शामिल हो रहे हैं?

उन्होंने कहा कि सवाल यह है कि जब 91 विधायक इस्तीफा दे चुके हैं तो क्या सरकार बहुमत में है। केंद्रीय संसदीय कार्य (राज्य) मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि विधायकों ने स्वेच्छा से इस्तीफा दिया, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष उन्हें स्वीकार नहीं कर रहे हैं।

मेघवाल ने यहां भाजपा की जन आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यह सब कांग्रेस पार्टी के दो भागो में विभक्त होने के कारण हुआ। विधायक दल की बैठक में कांग्रेस का आलाकमान एक लाइन का प्रस्ताव लेकर आया था। उस प्रस्ताव पर इनकी (विधायकों की) सहमति नहीं थी और उन्होंने (विधायकों ने) विधानसभा अध्यक्ष के पास जाकर इस्तीफे दिए। उन्होंने कहा कि उनके इस्तीफे अब भी विधानसभा अध्यक्ष के पास लंबित हैं, लेकिन दो खेमों में बंटी कांग्रेस सरकार के नेता और मंत्री अब भी सरकारी सुविधाओं का भोग कर हैं जिससे जनता में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि इस पर कोई निर्णय विधानसभा अध्यक्ष को लेना चाहिए।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 2 दिसंबर, 2022



# अफगानिस्तान में 20 परियोजनाओं पर फिर से काम शुरू करेगा भारत

भाषा। काबुल

**अफगानिस्तान में** तालिबान सरकार ने कहा है कि भारत युद्धग्रस्त देश के कई प्रांतों में कम से कम 20 रुकी हुई परियोजनाओं पर काम फिर से शुरू करेगा। जून में भारत ने अफगानिस्तान की राजधानी में अपने दूतावास में एक तकनीकी की टीम तैनात करके काबुल में अपनी राजनयिक उपस्थिति फिर से स्थापित की है। अगस्त 2021 में तालिबान द्वारा सत्ता पर कब्जा करने के बाद भारत ने दूतावास से अपने अधिकारियों को उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता के बाद वापस बुला लिया था।अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इस साल अगस्त में कहा कि देश में भारत की राजनयिक उपस्थिति के परिणामस्वरूप नई दिल्ली द्वारा शुरू की गई अधूरी परियोजनाओं को पूरा किया जाएगा और नई शुरुआत की जाएगी। समाचार पोर्टल टोलो न्यूज के अनुसार, मंगलवार को अफगानिस्तान के शहरी विकास और आवास मंत्रालय (एमयूडीएच) ने कहा कि भारतीय प्रभारी, भरत कुमार ने संबंधों में सुधार और देश में रुकी हुई परियोजनाओं को फिर से शुरू करने में रुचि व्यक्त की है। कुमार ने शहरी विकास एवं आवास मंत्री हमदुल्ला नोमानी के साथ बैठक के दौरान यह टिप्पणी की। एमयूडीएच के अनुसार, उम्मीद है कि भारत देश के कई प्रांतों में कम से कम 20 परियोजनाओं पर काम फिर से शुरू करेगा। टोलो न्यूज ने एमयूडीएच के एक प्रवक्ता मोहम्मद कमाल अफगान के हवाले से कहा, "पूर्व सरकार के दौरान जिन परियोजनाओं को वे लागू कर रहे थे, लेकिन राजनीतिक परिवर्तन या अन्य मुद्दों के कारण देरी हो रही थी --- वे अब इन परियोजनाओं को फिर से शुरू करने में रुचि रखते हैं। अर्थशास्त्रियों ने कहा कि इस कदम से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और देश में विकास को बढ़ावा मिलेगा। रिपोर्ट में एक अर्थशास्त्री दरिया खान बहीर के हवाले से कहा गया है, "इन परियोजनाओं के फिर से शुरू होने से लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा हो सकते हैं और यह लोगों की आय को बढ़ावा दे सकता है और अफगानिस्तान को राजनीतिक अलगाव से बाहर निकाल सकता है। एक अन्य अर्थशास्त्री नज़कामिर ज़रिमल ने कहा, इन परियोजनाओं के फिर से शुरू होने से ग़रीबी और बेरोज़गारी के स्तर में कमी आएगी।भारत ने अफगानिस्तान में नए शासन को मान्यता नहीं दी है और काबुल में वास्तव में समावेशी सरकार के गठन के लिए जोर दे रहा है। इसके अलावा वह इस बात पर जोर दे रहा है कि किसी भी देश के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों के लिए अफगान भूमि का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। देश में सामने आ रहे मानवीय संकट को दूर करने के लिए अफगानिस्तान को अबाध मानवीय सहायता प्रदान करने की भारत वकालत कर रहा है।विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत ने अफगान लोगों को मानवीय सहायता प्रदान की है और वह पहले ही मानवीय सहायता की कई खेप भेज चुका है, जिसमें 20,000 मीट्रिक टन गेहूं, 13 टन दवाएं, 500,000 कोविड वैक्सीन की खुराक और सर्दियों के कपड़े शामिल हैं।इन खेपों को काबुल में इंदिरा गांधी चिल्ड्रन हॉस्पिटल, विश्व स्वास्थ्य संगठन और विश्व खाद्य कार्यक्रम सहित संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों को सौंप दिया गया। इसके अलावा, भारत ने अफगानिस्तान को चिकित्सा सहायता और खाद्यान्न भी भेजा है।

## तालिबान ने अफगानिस्तान में वॉयस ऑफ अमेरिका का प्रसारण रोका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार की आधिकारिक प्रसारण सेवा वॉयस ऑफ अमेरिका (वीओए) ने बुधवार को कहा कि तालिबानी प्राधिकारियों ने बृहस्पतिवार से अफगानिस्तान में उसके तथा रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी के पश्तो रेडियो प्रसारण पर रोक लगा दी है। वीओए ने कहा कि तालिबानी प्राधिकारियों ने बिना कोई खास वजह बताए कार्यक्रम की सामग्री को लेकर मिली शिकायतों का हवाला दिया। वीओए तथा आरएफई अमेरिकी सरकार द्वारा वित्त पोषित है। हालांकि, वे संपादकीय स्वतंत्रता का दावा करते हैं। गौरतलब है कि तालिबान ने अगस्त 2021 को अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा जमा लिया था। अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल कहर बाल्खी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में प्रेस कानून है और अगर कोई भी नेटवर्क इन कानूनों का बार-बार उल्लंघन करता हुआ पाया जाता है तो उनका देश में काम करने का विशेषाधिकार छीन लिया जाएगा। उन्होंने कहा, वीओए और आजादी रेडियो (रेडियो लिबर्टी) इन कानूनों का पालन करने में नाकाम रहे, बार-बार उल्लंघन करते पाए गए, पेशेवर रवैया दिखाने में नाकाम रहे और इसलिए उन्हें बंद कर दिया गया। पेरिस स्थित समूह रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स ने हाल ही में कहा कि अफगानिस्तान तालिबान की सत्ता के बाद से 40 प्रतिशत मीडिया संगठन और 60 प्रतिशत पत्रकारों से हाथ धो चुका है।

## पाकिस्तान में कोयला खदान में धमाके में नौ श्रमिकों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक कोयला खदान में गैस विस्फोट होने से नौ मजदूरों की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जिला पुलिस अधिकारी नजीर खान ने बताया कि ओरकजइ जनजातीय जिले के डोली कोयला खदान में बुधवार को गैस में चिंगारी से विस्फोट हुआ। उस समय वहां 13 मजदूर काम रहे थे। उपायुक्त अदनान खान ने बताया कि ठेकेदार समेत नौ लोगों के शव मिले हैं। उन्होंने बताया कि मलबे से चार खनिकों को निकाला गया है और उन्हें गंभीर हालत में केडीए जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके अनुसार सरकार के खदान विकास विभाग के अधिकारियों के एक दल ने घटनास्थल का मुआयना किया एवं वह इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि गैस में चिंगारी उठने से धमाका हुआ।

## स्पेन : यूक्रेन के दूतावास में धमाके के बाद दो लैटर बम बरामद

**मैड्रिड।** स्पेन की पुलिस ने राजधानी मैड्रिड के बाहरी इलाके में स्थित वायुसेना के ठिकाने पर भेजे गए एक लैटर बम का बृहस्पतिवार तड़के पता लगाया। यह लैटर बम, यूक्रेन के दूतावास में लैटर बम में हुए धमाके के एक दिन बाद मिला है जिसमें एक कर्मचारी घायल हो गया था। स्पेन के गृह एवं रक्षा मंत्रालयों ने यह जानकारी दी। सरकारी अधिकारियों ने बताया कि विस्फोटकों से युक्त एक और पैकेट बुधवार शाम को उत्तरी स्पेन के जारगोजा शहर की सशस्त्र फैक्टरी में मिला था। उन्होंने बताया कि इस कारखाने में ग्रेनेड लांचर का निर्माण किया जाता है जिनका निर्यात यूक्रेन को भी किया गया है।पुलिस ने इस विस्फोटकों में नियंत्रित धमाका कर उन्हें नष्ट कर दिया। सरकारी अधिकारी ने बताया कि जारागोजा और दूतावास में मिले दोनों लैटर बम पर भेजने वाले का एक ही ई-मेल पता दर्ज था। उन्होंने बताया कि मामले में आगे की जांच की जा रही है। स्पेन के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वायुसेना ठिकाने पर मिले पैकेट में संदिग्ध वस्तु थी। उन्होंने बताया कि मैड्रिड के पूर्वी हिस्से में स्थित टॉरजन डी एरोज बेस पर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। मंत्रालय ने बताया कि इस पैकेट को वायुसेना ठिकाने के उपग्रह केंद्र को भेजा गया था।

## टीटीपी संघर्ष विराम से हटा पीछे, पाकिस्तान सरकार कर रही अपनी रणनीति पर पुनर्विचार

**इस्लामाबाद।** संघर्ष विराम संधि से तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के पीछे हट जाने एवं सुरक्षाबलों पर हमले फिर से शुरू कर देने के बाद पाकिस्तान सरकार उसे ले कर अपनी रणनीति पर पुनर्विचार कर रही है। बृहस्पतिवार को मीडिया की एक खबर में इस आशय की खबर आई है। अफगान तालिबान की मध्यस्थता से इस साल जून में यह संघर्षविराम संधि हुई थी जिससे टीटीपी इस सप्ताह के प्रारंभ में पीछे हट गया। टीटीपी पाकिस्तान में शरिया कानून स्थापित करने के लिए संघर्षरत है। एक आधिकारिक सूत्र ने एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार से कहा कि इस सप्ताह में टीटीपी द्वारा संघर्षविराम संधि से पीछे हटने को लेकर किए गए ऐलान तथा आतंकवादी हमले बढ़ जाने के मद्देनजर पाकिस्तान की रणनीति पर पुनर्विचार किया जाएगा। सूत्र ने बताया कि संभावित नई रणनीति पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की बैठक बुलाई जा सकती है। एनएससी राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा के मुद्दों पर चर्चा के लिए उच्चतम मंच है। अफगान तालिबान शासन की मध्यस्थता से दोनों पक्षों के बीच वार्ता हुई थी क्योंकि तालिबान शासन टीटीपी एवं उसके सहयोगी संगठनों के विरूद्ध कार्वाई के लिए पाकिस्तान की ओर पड़ रहे दबाव का विरोध कर रहा था।

## अमेरिका में 10 साल के बच्चे ने वीआर हेडसेट खरीदकर नहीं देने पर अपनी मां की हत्या की

**मिलवॉकी ( अमेरिका )।** अमेरिका के मिलवॉकी में 10 साल के बच्चे ने वर्चुअल रियलिटी (वीआर) हेडसेट खरीदकर नहीं देने पर अपनी मां की गोली मारकर हत्या कर दी। अभियोजकों ने यह जानकारी दी। बच्चे ने शुरू में पुलिस को बताया कि 21 नवंबर को गोली दुर्घटनावश चली थी लेकिन बाद में उसने बताया कि उसने जानबूझकर अपनी मां पर गोली चलाई थी। बच्चे पर पिछले सप्ताह वयस्क की तरह प्रथम डिग्री जानबूझकर हत्या के आरोप लगाए गए। विस्कांसिन कानून के अनुसार गंभीर अपराध के मामलों में 10 साल के बच्चे पर वयस्क की तरह आरोप लगाए जाते हैं। हालांकि बच्चे के वकील इस संबंध में बाल न्यायालय में अपील कर सकते हैं। बच्चे के परिजनों ने बताया कि वह मानसिक स्वास्थ्य की समस्या से ग्रसित है और उसे बाल हिरासत में रखा गया है। बच्चे के वकीलों में से एक एंजेला कनिंघम ने कहा, यह एक पारिवारिक त्रासदी है। मुझे नहीं लगता कि कोई भी इससे इनकार कर सकता है या असहमत हो सकता है...। 10 साल के बच्चे की जरूरतों को पूरा करने के लिए वयस्क (न्याय) प्रणाली ठीक नहीं है। शिकायत के अनुसार, गोलीबारी की यह घटना 21 नवंबर को सुबह करीब सात बजे हुई थी।

## अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन कोरोना वायरस से संक्रमित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने कहा कि वह कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं लेकिन उनमें बीमारी के लक्षण हल्के हैं। साथ ही उन्होंने लोगों से कोविड-19 रोधी टीके की खुराक लेने की अपील की। अमेरिका के 42वें राष्ट्रपति रहे क्लिंटन अक्टूबर 2021 को मूत्र नली के संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती रहे थे। क्लिंटन ने बुधवार को ट्वीट किया, मैं कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया हूं। मुझे हल्के लक्षण हैं लेकिन मैं कुल मिलाकर ठीक हूं और अपने आप को घर पर व्यस्त रख रहा हूं। उन्होंने कहा, शुक्र है कि मैंने टीके की खुराक और बूस्टर खुराक ले रखी है जिसने मेरे लक्षणों को हल्का रखा और मैं सभी से टीका लगवाने की अपील करता हूं खासतौर से जब सर्दियां करीब आ रही हैं। जॉन्स हॉप्किंस यूनिवर्सिटी के ताजा आंकड़ों के अनुसार, करीब तीन साल पहले कोविड-19 महामारी फैलने के बाद से अमेरिका में संक्रमण के 9.86 करोड़ मामले आए।

## अमेरिका की यात्रा पर विलियम और मिडलडन, ब्रिटेन में नस्लवाद को लेकर खड़ा हुआ विवाद

**लंदन।** ब्रिटिश राजकुमार विलियम और उनकी पत्नी केट मिडलडन की अमेरिका यात्रा के बीच ब्रिटेन में नस्लवाद को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल विलियम की गॉडमदर लेडी सुसान हसी पर बकिंघम पैलेस में एक शाही कार्यक्रम के दौरान नस्लभेदी टिप्पणी करने का आरोप लगा है, जिसके बाद सुसान (83) ने शाही घराने के एक मानद सदस्य के तौर पर इस्तीफा दे दिया है। बहरहाल, यह विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। आरोपी महिला लेडी हसी दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की सहयोगी रह चुकी हैं। इस बीच, विलियम के कार्यालय ने एक बयान में कहा, हमारे समाज में नस्लवाद के लिए कोई जगह नहीं है। इन टिप्पणियों को स्वीकार नहीं किया जा सकता। अच्छा हुआ कि उस व्यक्ति (सुसान) ने तत्काल प्रभाव से अपना पद छोड़ दिया है। बकिंघम पैलेस में महारानी कैमिला की मेजबानी में मंगलवार को एक चैरिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

## 1971 में भारत से मिली हार पाकिस्तानी सेना की विफलता : बिलावल भुट्टो

**कराची।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा है कि 1971 में पूर्वी पाकिस्तान को लेकर हुई लड़ाई में भारतीय सेना से मिली शर्मनाक हार पाकिस्तानी सेना की बड़ी विफलता थी। उन्होंने यह टिप्पणी पाकिस्तानी सेना के पूर्व प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा पर निशाना साधते हुए की जिन्होंने भारत से मिली हार को पाकिस्तान की राजनीतिक विफलता करार दिया था। बिलावल ने यह टिप्पणी अपनी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के 55वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में निश्तार पार्क में आयोजित एक रैली में की। पीपीपी के अध्यक्ष ने इस अवसर पर अपनी पार्टी के इतिहास की चर्चा की और इसके संस्थापक एवं अपने नाना जुल्फिकार अली भुट्टो की उपलब्धियों को याद किया।

## यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष के साथ बैठक में चिनफिंग ने यूक्रेन संघर्ष के समाधान पर बातचीत का आग्रह किया



**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बृहस्पतिवार को बीजिंग में यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल के साथ बातचीत में यूक्रेन संघर्ष के राजनीतिक समाधान पर बातचीत का आग्रह किया। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने यह जानकारी दी। सीसीटीवी के अनुसार, शी ने कहा कि राजनीतिक माध्यम से यूक्रेन के संकट को हल करना यूरोप के सर्वोत्तम हित में है और यूरेशिया में सभी देशों का समान हित भी इसी में है। शी ने कहा, वर्तमान परिस्थितियों में, हमें संकट को बढ़ाने और इसके विस्तार से बचना चाहिए तथा शांति के लिए काम करना चाहिए। रूस के आक्रमण की निंदा करने से इनकार और मास्को के खिलाफ प्रतिबंधों की आलोचना करते हुए चीन ने अतीत में बार-बार इस तरह के बयान दिए हैं। आक्रमण से कुछ सप्ताह पहले, शी और रूसी नेता व्लादिमीर पुतिन ने दोनों देशो के संबंधों की कोई सीमा नहीं होने की पुष्टि की थी और बीजिंग ने रूस से तेल खरीद को आगे बढ़ाया, जबकि उनकी वायु सेना ने इस सप्ताह संयुक्त अभ्यास किया था। मिशेल के एक प्रवक्ता ने कहा कि उन्होंने रेखांकित किया कि यूरोपीय संघ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य के रूप में चीन पर भरोसा कर रहा है, ताकि वह संयुक्त राष्ट्र चार्टर के मूल सिद्धांतों का सम्मान करने और क्रूर विनाश और कब्जे को समाप्त करने में योगदान देने के लिए रूस से आह्वान कर सके। यूरोपीय संघ के अधिकारियों ने कहा कि मिशेल की एक दिवसीय यात्रा का उद्देश्य चीन को अधिक निर्यात की यूरोपीय संघ की इच्छा और लोकतंत्र व मौलिक स्वतंत्रता की रक्षा में बीजिंग के साथ दृढ़ रहने की आवश्यकता के बीच संतुलन की तलाश करना था। हाल के वर्षों में जैसे-जैसे चीन ने अपना वैश्विक दबदबा बढ़ाया, यूरोपीय संघ साम्यवादी देश को एक रणनीतिक प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखने लगा।

# जीएसटी संग्रह नवंबर में 11 प्रतिशत बढ़कर 1.46 लाख करोड़

भाषा। नई दिल्ली

**देश में जीएसटी** राजस्व नवंबर महीने में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.46 लाख करोड़ रुपए रहा। वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। मुख्य रूप से उपभोक्ता खर्च बढ़ने और बेहतर अनुपालन से जीएसटी राजस्व बढ़ा है। यह लगातार नौवां महीना है जब माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व 1.40 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है। हालांकि नवंबर में जीएसटी संग्रह अगस्त के बाद से सबसे कम रहा है। इससे पहले, अक्टूबर में जीएसटी संग्रह त्याहरों में खर्च बढ़ने से 1.52 लाख करोड़ रुपए रहा जो दूसरा सर्वाधिक मासिक राजस्व है। वित्त मंत्रालय के बयान के अनुसार सकल जीएसटी राजस्व संग्रह नवंबर महीने में ।,45,867 करोड़ रुपए रहा। इसमें केंद्रीय जीएसटी 25,681 करोड़ रुपए, राज्य जीएसटी 32,651 करोड़ रुपए, एकीकृत जीएसटी 77,103 करोड़ रुपए (आयातित वस्तुओं पर प्राप्त 38,635 करोड़ रुपए समेत) और उपकर 10,433 करोड़ रुपए रहा। इसमें आयातित वस्तुओं से उपकर के रूप में मिले 817 करोड़ रुपए भी शामिल हैं। बयान के अनुसार, इस साल नवंबर महीने में जीएसटी राजस्व पिछले साल के समान महीने के मुकाबले 11 प्रतिशत अधिक रहा। नवंबर 2022 में यह ।,31,526 करोड़ रुपए था। केपीएमजी के पार्टनर (अप्रत्यक्ष कर) अभिषेक जैन ने कहा कि जीएसटी संग्रह बढ़ने में त्योहारी खरीद जारी रहने और साल के अंत में इनपुट टैक्स क्रेडिट का मिलान आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। एनए शाह एसोसिएट्स में पार्टनर (अप्रत्यक्ष कर) पराग मेहता ने कहा कि जीएसटी संग्रह बढ़ने का प्रमुख कारण त्योहार और शादियों का मौसम है। मेहता ने कहा, रियल एस्टेट और वाहन बाजारों में बिक्री बढ़ी है। कुल मिलाकर उपभोक्ता खर्च बढ़ा है। इसके अलावा कर अधिकारी कर चोरी करने वालों के खिलाफ कार्वाई भी कर रहे हैं। आलोच्य महीने के दौरान आयातित वस्तुओं के आयात से राजस्व 20 प्रतिशत अधिक रहा। वहीं घरेलू लेन-देन (सेवाओं के आयात समेत) से राजस्व सालाना आधार पर आठ प्रतिशत अधिक रहा। जीएसटी राजस्व अप्रैल महीने में रिकॉर्ड 1.68 लाख करोड़ रुपए के उच्च स्तर पर पहुंच गया था। मई में यह 1.41 लाख करोड़ रुपए, जून में 1.45 लाख करोड़ रुपए, अगस्त में 1.44 लाख करोड़ रुपए, सितंबर में 1.48 लाख करोड़ रुपए और अक्टूबर में 1.52 लाख करोड़ रुपए रहा था। टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी में पार्टनर विवेक जालान ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में केंद्र सरकार के लिए जीएसटी राजस्व 7.8 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान रखा गया है। इसमें 6.6 लाख करोड़ रुपए केंद्रीय जीएसटी और 1.2 लाख करोड़ रुपए क्षतिपूर्ति उपकर रहने का अनुमान है। इसका मतलब है कि जीएसटी संग्रह 14.4 लाख करोड़ रुपए के करीब रहेगा। नवंबर तक 11.91 लाख करोड़ रुपए पहले ही आ चुके हैं। जालान ने कहा, मोटे अनुमान के तौर पर अगले चार महीनों में जीएसटी संग्रह पांच लाख करोड़ रुपए भी रहता है तो लक्ष्य से लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपए अधिक होंगे जो बजट अनुमान से 17 प्रतिशत ज्यादा होगा।

## मुद्रास्फीति में कमी, उत्पादन में वृद्धि से नवंबर में देश में मजबूत रहीं विनिर्माण गतिविधियां

**नई दिल्ली।** मांग में जुझारूपन तथा लागत के दबाव में कमी आने से नए ऑर्डर की संख्या बढ़ी तथा निर्यात मे वृद्धि हुई जिससे भारत मे विनिर्माण गतिविधियां नवंबर में तीन महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। एक मासिक सर्वेक्षण मे बृहस्पतिवार को यह बात कही गई। मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) अक्टूबर के 55.3 से बढ़कर नवंबर में 55.7 हो गया जो तीन महीनों के दौरान परिचालन परिस्थितियो मे मजबूत सुधार दर्शाता है। नवंबर के पीएमआई आंकड़ों के साथ ही लगातार 17वें महीने में समग्र परिचालन स्थितियों मे सुधार देखने को मिला। पीएमआई की भाषा मे 50 से अधिक अंक का अर्थ है कि गतिविधियो मे विस्तार हो रहा है, जबकि 50 से कम अंक संकुचन को दर्शाते है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस मे अर्थशास्त्र की संयुक्त निदेशक पोल्याना डी लीमा ने कहा, यह अच्छे उत्पादकों के लिए सामान्य बात थी जिन्होने मांग मे जुझारूपन के स्पष्ट रूझान को देखते हुए तीन महीनों के दौरान उत्पादन को काफी बढ़ा लिया। हालिया महीने मे नए ऑर्डर की संख्या बढ़ी तथा निर्यात मे विस्तार हुआ है। इसके अलावा कंपनियां भी वृद्धि की संभावनाओ को लेकर काफी आश्वस्त है। लीमा ने बताया कि सर्वे मे शामिल प्रतिभागियो ने इस बारे मे मजबूत भरोसा जताया कि उनके उत्पादो की मांग मे तेजी बनी रहेगी तथा 2023 मे उत्पादन बढ़ाने की उनकी क्षमता भी अच्छी रहेगी। नवंबर मे सकारात्मक धारणा का जो स्तर देखा गया है वह करीब आठ वर्षो मे सबसे अच्छा है। कीमतो के लिहाज से देखा जाए तो लागत से जुड़ी मुद्रास्फीति 28 महीनों में सबसे कमजोर रही जबकि दाम फरवरी के बाद से सबसे कम गति से बढ़े है। वही रोजगार की दृष्टि से भी नवंबर अच्छा महीना रहा जब लगातार नौवे महीने रोजगार मे मजबूत वृद्धि देखी गई।

## भारत के सारे दोपहिया, तिपहिया को ईवी बनाने के लिए 285 अरब डॉलर की जरूरतः डब्ल्यूईएफ

**नई दिल्ली।** विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) ने कहा है कि दुनिया में दोपहिया एवं तिपहिया वाहनों के सबसे बड़े बेड़े वाले देश भारत के इन सभी वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) में तब्दील करने के लिए 285 अरब डॉलर की भारी रकम की जरूरत पड़ेगी। डब्ल्यूईएफ ने नीति आयोग के साथ मिलकर तैयार किए गए एक श्वेत पत्र में कहा है कि भारत में शहरी परिवहन और लोगों को उनके अंतिम मुकाम तक पहुंचाने के लिए इलेक्ट्रिक दोपहिया एवं तिपहिया वाहनों को तेजी से अपनाया जा रहा है। इसके मुताबिक, दोपहिया एवं तिपहिया श्रेणी के वाहनों को सबसे पहले इलेक्ट्रिक ढांचे में ढाले जाने की संभावना है।

हालांकि इन वाहनों के मालिक एवं चालक दोनों ही ईवी को अपनाने को लेकर थोड़ी हिचकिचाहट दिखा रहे हैं। इसके पीछे ईवी पर आने वाली ऊंची लागत, नई प्रौद्योगिकी को लेकर भरोसे की कमी, विश्वसनीयता का अभाव और वाहन के पुराना हो जाने पर उसकी बिक्री से मिलने वाले मूल्य को लेकर अनिश्चितता होना जैसे कारण हैं। इसके बावजूद पिछले कुछ वर्षों में दोपहिया एवं तिपहिया को ईवी स्वरूप में अपनाने का सिलसिला जोर पकड़ रहा है। भारत में बिकने वाले कुल वाहनों में दोपहिया एवं तिपहिया वाहनों का सम्मिलित हिस्सा करीब 80 प्रतिशत है। देश भर में करीब 45 ऐसी कंपनियां हैं जो इलेक्ट्रिक दोपहिया एवं तिपहिया वाहन बनाती हैं और इनका सम्मिलित बिक्री आंकड़ा 10 लाख इकाई को पार कर चुका है। लेकिन देश में उपलब्ध कुल 25 करोड़ दोपहिया एवं तिपहिया वाहनों की संख्या के अनुपात में ईवी का आंकड़ा बेहद कम है। डब्ल्यूईएफ ने इस श्वेत पत्र में कहा, "भारत के समूचे दोपहिया एवं तिपहिया वाहनों को ईवी में तब्दील करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए करीब 285 अरब डॉलर (लगभग 23 लाख करोड़ रुपए) की पूंजी की जरूरत पड़ेगी" इस अनुमान के पीछे इन वाहनों की संख्या बढ़कर 27 करोड़ हो जाने का आकलन शामिल है।

## रूस ने कम दाम पर कच्चा तेल उपलब्ध करवाने की पाकिस्तान की मांग नकारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने रूसी अधिकारियों के साथ बातचीत में कच्चे तेल पर 30-40 फीसदी की छूट की मांग की थी जिसे रूस ने अस्वीकार कर दिया है। अखबार द न्यूज की खबर के मुताबिक पाकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल में पेट्रोलियम राज्य मंत्री मुसादिक मलिक, पेट्रोलियम सचिव मोहम्मद महमूद, मास्को में पाकिस्तान के दूतावास में संयुक्त सचिव तथा अन्य अधिकारी शामिल थे। रूसी अधिकारियों के साथ बुधवार को वार्ता के दौरान उन्होंने यह मांग रखी थी। इसमें कहा गया कि वार्ता बिना किसी ठोस नतीजे के खत्म हो गई हालांकि रूसी पक्ष ने पाकिस्तान की मांग पर विचार करने का वादा किया है और कहा कि वह अपने फैसले से राजनयिक माध्यमों से बाद में अवगत करवाएगा।

## सिएट का नया ऑल टेरेन टायर भारत में

**मुंबइ।** भारत के प्रमुख टायर निर्माता सिएट लिमिटेड ने भारत में एसयूवी के लिए अपने हाई.परफ ॉर्मेंस ऑल टेरेन टायर्स क्रॉसड्राइव को लॉन्च कर दिया। क्रॉसड्राइव सिएट की अत्याधुनिक 3डी सिप टेक्नोलॉजी और मजबूत शोल्डर डिजाइन जैसे फ ीचर्स से लैस है जो टायर को सभी इलाकों में इस्तेमाल करने के अनुकूल बनाने में मदद करता है। टायर के नए कार्बन ब्लैक ट्रेड कंपाउंड्स बेहतर पकड़ के साथ साथ बेहतर फ्यूल एफिशिएंसी देते हैं और इसका इंदौर में अत्याधुनिक ऑटो टेस्टिंग ट्रैक और इंदौर के पास माइल्ड ऑफरोडिंग पर वृहद पैमाने पर टेस्ट किया गया है। विशेष रूप से सभी 4 गुणा 2 और 4गुणा 4 प्रकार की न्टे में इस्तेमाल के लिए डिज़ाइन किया गया है। लॉन्चिंग के बारे में बताते हुए सिएट टायर्स लिमिटेड के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर अर्नब बनर्जी ने कहा कि क्रॉसड्राइव, एसयूवी के लिए ऑल टेरेन टायर सेगमेंट में हमारी प्रीमियम पेशकशों में से एक है। क्रॉसड्राइव टायरों के लिए नई टेक्नोलॉजी और डिजाइनों की शुरूआत से हमारे उपभोक्ताओं को सेफ्टी के साथ मुश्किल और विविध इलाकों; टेरेंस को पार पाने में मदद मिलेगी।

## दो सौ वंदे भारत रेलगाड़ियों के विनिर्माण, रखरखाव के सौदे के लिए पांच बोलीदाताओं में भेल शामिल

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) उन पांच बोलीदाताओं में शामिल है, जिन्होंने 200 वंदे भारत रेलगाड़ियों के विनिर्माण और अगले 35 वर्षों तक उनके रखरखाव के लिए बोली लगाई है। पूरा सौदा 58,000 करोड़ रुपए का है। भेल ने इसके लिए टीटागढ़ वैगन्स के साथ एक गठजोड़ बनाया है। इस सौदे के लिए बोली लगाने वालों में फ्रांसीसी रेलवे कंपनी एल्सटॉम, स्विटजरलैंड की रेलवे रोलिंग स्टॉक विनिर्माता स्टैडलर रेल और हैदराबाद स्थित मीडिया सर्वो ड्राइव्स का गठजोड़ मेधा-स्टैडलर, बीईएमएल और सीमेंस का गठजोड़ और एक भारतीय फर्म के साथ रूसी रोलिंग स्टॉक विनिर्माता ट्रांसमाशहोल्डिंग (टीएमएच) का गठजोड़ शामिल हैं।

# बाजार में लगातार आठवें दिन तेजी, सेंसेक्स, निफ्टी ने बनाया नया रिकॉर्ड

भाषा। मुंबई

**वैश्विक** रुझानों और विदेशी निवेशकों के समर्थन के दम पर घरेलू शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला लगातार आठवें दिन भी जारी रहने के बीच बृहस्पतिवार को दोनों प्रमुख सूचकांक नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 184.54 अंक यानी 0.29 प्रतिशत चढ़कर 63,284.19 अंक पर पहुंच गया जो इसका नया रिकॉर्ड है। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 483.42 अंक बढ़कर 63,583.07 अंक की ऊंचाई तक भी पहुंच गया था। इसी तरह एनएसई के सूचकांक निफ्टी ने भी नया रिकॉर्ड बनाया। निफ्टी 54.15 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की बढ़त के 18,812.50 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के मुताबिक, खरीद प्रबंध सूचकांक (पीएमआई) के सकारात्मक आंकड़े आने और सूचना प्रौद्योगिकी शेयरों में खरीदारी से भी बाजार को तेजी मिली। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, टीसीएस, टेक महिंद्रा, विप्रो, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और लार्सन एंड टुब्रो ने लाभ दर्ज किया। वहीं, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावरग्रिड और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर नुकसान में रहे। बीएसई के स्मालकैप सूचकांक में 0.63 प्रतिशत और मिडकैप सूचकांक में 0.62 प्रतिशत की बढ़त रही।

एसएंडपी ग्लोबल इंडिया की तरफ से जारी पीएमआई आंकड़ों के मुताबिक नवंबर में यह सूचकांक 55.7 पर रहा जो अक्टूबर के 55.3 की तुलना में बढ़त को दर्शाता है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, "फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल का ब्याज दरों की वृद्धि की रफ्तार को नरम करने वाला बयान बाजार को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का सबब बन सकता है। हालांकि कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, "बाजार ने तेजी का सिलसिला जारी रखा और नई ऊंचाई पर भी पहुंच गया लेकिन आज इसमें उछाल नहीं नजर आया। अब नजरें अगले हफ्ते की मौद्रिक नीति घोषणा पर रहेंगी। एशिया के अन्य बाजारों में सोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग सभी के प्रमुख सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजारों में भी दोपहर के सत्र में काफी हद तक सकारात्मक दिशा देखी जा रही थी। अमेरिकी शेयर बाजार भी बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

## सिंधिया ने दिल्ली हवाई अड्डे पर यात्रियों के लिए कागजरहित प्रवेश की सुविधा डिजियात्रा शुरू की

भाषा। नई दिल्ली

**नागर विमानन** मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राष्ट्रीय राजधानी के हवाई अड्डे पर चेहरे की पहचान के आधार पर हवाई यात्रियों को प्रवेश देने वाली सुविधा डिजियात्रा की बृहस्पतिवार को शुरुआत की। डिजियात्रा के जरिए यात्रियों को हवाई अड्डों पर कागजरहित प्रवेश मिल सकेगा और यात्रियों के विवरण का सत्यापन चेहरे की पहचान के जरिए विभिन्न जांच बिंदुओं पर स्वचालित तरीके से होगा। सुरक्षा जांच वाले क्षेत्रों में भी यही प्रणाली काम करेगी। कागजरहित इस सुविधा की शुरुआत बृहस्पतिवार को दिल्ली के साथ-साथ वाराणसी और बेंगलुरु हवाई अड्डे पर भी हुई है। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को डिजियात्रा ऐप पर पंजीयन करवाना होगा ।

## वाहन कंपनियों के लिए अच्छा रहा नवंबर, बिक्री में आया उछाल

भाषा। नई दिल्ली

**नवंबर का म**हीना वाहन कंपनियों के लिए अच्छा साबित हुआ है। विभिन्न कंपनियों की बिक्री में इस महीने में उछाल आया है। हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड, स्कोडा ऑडो इंडिया, निसान मोटर और एमजी मोटर इंडिया जैसी कंपनियों की बिक्री सालाना आधार पर खासी बढ़ी है। हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) की कुल बिक्री नवंबर 2022 में 36 प्रतिशत बढ़कर 64,004 इकाई हो गई। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि उसने नवंबर, 2021 में डीलरों को 46,910 इकाइयों की आपूर्ति की थी। एचएमआईएल की आलोच्य अवधि में घरेलू बिक्री पिछले साल नवंबर की 37,001 इकाई की तुलना में 30 प्रतिशत बढ़कर इस वर्ष नवंबर में 48,003 इकाई हो गई। हुंदै मोटर इंडिया के निदेशक (बिक्री, विपणन और सेवा) तरुण गर्ग ने कहा कि कंपनी 2022 में अपनी सर्वाधिक घरेलू बिक्री हासिल करने के लिए अच्छी तरह से तैयार है। इसी तरह स्कोडा ऑटो इंडिया की बिक्री पिछले महीने दोगुनी होकर 4,433 इकाई पर पहुंच गई। कंपनी ने नवंबर, 2021 में 2,196 इकाइयां बेची थीं। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक पेट्र सॉल्क ने एक बयान में कहा कि हमारी वार्षिक बिक्री 2021 की तुलना में दोगुनी हो गई जबकि दिसंबर का महीना तो अभी बाकी है। एक अन्य वाहन कंपनी निसान मोटर इंडिया की कुल थोक बिक्री सालाना आधार पर 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 6,746 इकाई रही। कंपनी ने पिछले साल नवंबर में डीलरों को 5,605 इकाइयां भेजी थीं। हालांकि इसकी घरेलू बिक्री पिछले साल नवंबर महीने की 2,651 इकाइयों से घटकर इस वर्ष 2,400 इकाई रह गई इसके अलावा, वाहन कंपनी एमजी मोटर की खुदरा बिक्री नंवबर में सालाना आधार पर 64 प्रतिशत बढ़ा।

# एड्स मरीजों की नियमित काउंसिलिंग कर दी जाएं दवाएं: डीएम

संवाददाता। हमीरपुर

**आज विश्व** एड्स दिवस के मौके पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन में जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण ने कहा कि एड्स से पीड़ित लोगों के साथ समानता का व्यवहार किया जाए उनके साथ किसी भी प्रकार की दुर्भावना या भेदभाव आदि न किया जाए, एड्स मरीजों की गोपनीयता बनाई रखी जाए। मरीजो की नियमित रूप से काउंसलिंग कर दवाएं लेने हेतु प्रोत्साहित करें।

एड्स नियंत्रण कार्यक्रम अधिकारी डॉ महेश चंद्रा ने बताया कि एड्स एक खतरनाक वायरस जनित रोग है ।यह रोग संक्रमित ब्लड चढ़ाने , संक्रमित सूई इंजेक्शन का प्रयोग करने , मां से बच्चे में तथा असुरक्षित यौन संबंध बनाने के कारण फैलता है। एचआईवी संक्रमण के दो से चार सप्ताह बाद मरीज में उसके लक्षण आने लगते हैं तथा एचआईवी संक्रमण के आठ से 10 साल बाद एड्स का संक्रमण हो जाता है। उन्होंने कहा कि एचआईवी संक्रमित लोगों से भेदभाव न करते हुए उन्हें साथ समानता का व्यवहार किया जाए बताया कि नियमित रूप से एड्स की दवाई लेने से यह कंट्रोल में रहता है अत: इसके नियमित रूप से दवाई अवश्य ली जाएं। इस मौके पर एड्स के प्रति जन जागरूकता के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण ने हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। हस्ताक्षर अभियान में दर्जनों लोगों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम अवतार, एड्स नियंत्रण कार्यक्रम अधिकारी डॉ महेश चंद्रा, डा,प्रशान्त आदि लोग उपस्थित रहे।

## जागरूकता व अशिक्षा के अभाव में इस साल रिकार्ड तोड़ एड्स रोगी पाये गये

विनोद शुक्ला। हमीरपुर

**जिले में** आठ साल के अंतराल में इस वर्ष एड्स रोगियों की संख्या बढ़कर 25 हो गयी है जो बीते सालों की अपेक्षा में सबसे ज्यादा बतायी जाती है। जिले में महिला पुरुष मिलाकर करीब सवा दो सौ लोग एड्स का इलाज करा रहे है। हाई रिस्क जोन से जिले से ट्रक चालक यह घातक रोग लेकर पत्नी व अन्य लोगो को बांटते है। एड्स आईसीटीसी के वरिष्ठ परामर्शदाता डा.प्रशांत ने बताया कि जिले में वर्ष 2015 में 18,2016 में 14,वर्ष 2017 में 13,2018 में 7,2019 में 20, 2020 में 14,वर्ष 2021 में 14,वर्ष 2022 में 25 पुरुष एड्स रोगी पाये गये है। इसी प्रकार महिला अस्पताल की परामर्शदाता नीतू ने बताया कि यहा से करीब पति पत्नी मिलाकार सौ लोग एड्स का इलाज करा रहे है। जिसमें महिला व पुरुष मिलाकर सात लोगो की मृत्यु भी हो गयी है। प्रदेश में कुछ हाई रिस्क जोन जिले जैसे बनारस,बस्ती,महाराजगंज,अहमदाबाद सूरत के अलावा विहार मे पटना व विलासपुर जैसे इलाको में यहा के ट्रक चालक जाकर वहा पर असुरक्षित यौन संबंध बनाते है जिससे वे वहा से एड्स जैसी घातक बीमारी लेकर चले आते है। इसके बाद यहा पर यह रोग फैलाते है। जिस मनुष्य व महिला की शरीर की प्रतिरोधात्मक क्षमता कम होती है वही इस रोग का शिकार हो जाता है,गुदा मैथुन से एचआईवी होने की संभावना अधिक बढ़ जाती है। उन्होने दावा किया कि जिले में सर्वाधिक एड्स रोगी सुमेरपुर क्षेत्र में है क्योकि यहा पर फैक्ट्री एरिया होने के कारण ज्यादातर गैर प्रांत से ट्रक चालक आकर यह रोग वितरित कर जाते है। इसके बाद मौदहा व राठ क्षेत्र में भी एड्स रोगी पाये जाते है। जो लोग गैर प्रांत में ईट भट्ठे में काम करने जाते है वे लोग भी अशिक्षा के कारण इस रोग के शिकार हो जाते है,हालाकि इसके लिये जागरुकता कार्यक्रम चलाने के लिये एक एनजीओ को कार्य दिया गया है मगर लोगो में इसके प्रति कोई जागरुकता नही आयी है। जिससे जिले में एड्स रोगियों की संख्या इस साल बढ़ गयी है। महिला व पुरुष अस्तपाल दोनो में रोजाना करीब चालिस लोगो की काउन्सिलग की जाती है उन्हे बचाव के उपाय बताये जाते है। शासन ने इसके लिये सुरक्षा क्लीनिक की स्थापना भी की है। जहा पर निशुल्क जांच,कंडोम आदि की व्यवस्था की गयी है। हालाकि चार साल पहले शासन ने मौरंग खदानो व ढाबों में जाकर जागरुकता कार्यक्रम करने का मन बनाया था मगर वह सफ्ल नही हो पाया।

# बेटी के हाथ पीले करने के दस दिन पहले ही चोर हजारों का सामान उठा ले गये

**मौदहा ( हमीरपुर )।** क्षेत्र के ग्राम अछरेला में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर में धावा बोल हजारों रुपए की नगदी समेत लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए। सुबह पीड़ित के चोरों द्वारा ले जाए गए बैग गांव के बाहर खेत पर मिले। पीड़ित ने बताया की एक सप्ताह बाद उसकी पुत्री की का विवाह होना था।

गांव के बच्चू कुशवाहा की पुत्री का विवाह 11 दिसंबर को होना तय है जिसके लिए बच्चू ने लगभग सारी व्यवस्थाएं कर रखी थी। बुधवार की रात वह परिवार समेत खाना खा पीकर सो गए तभी आधीरात चोरों ने उसके घर में धावा बोल दिया और उनके कमरे में रखा बक्सा व बैग आदि उठा ले गए जिसमें जिनमें 72 हजार रुपये नगद व सोने चांदी के लाखों रुपए के जेवरात रखे थे। सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने माथा पीट लिया। ग्रामीणों ने गांव के बाहर खेत में बक्सा व बैग पड़े होने की सूचना दी लेकिन बैग से रुपया हुआ जेवरात गायब था बाकी कपड़े इत्यादि चोर वहीं छोड़कर चले गए।

# क्विक न्यूज

## खेत पर सो रहे ग्राम प्रधान के चाचा की गोली मारकर हत्या

**बरेली ।** रात के समय खेत पर बने कमरे के बरामदे मे लगे बिस्तर पर सो रहे ग्राम प्रधान के चाचा की किसी ने गोली मारकर हत्या कर दी सुबह होने पर पुत्र वधू ने उन्हें मृत अवस्था में देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी । आंवला थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर पथरा निवासी 50 वर्षीय चतुरी लाल की लाश आज सुबह खेत पर बने कमरे के बरामदे में लगे उनके बिस्तर पर पुत्रवधू सोनी ने सबसे पहले देखी पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि चतुरी लाल का कुछ दिन पहले गांव के कुछ लोगों से मामूली विवाद हुआ था जिसे मौके पर ही मौजूद लोगों ने निपटा दिया था कल शाम को चतुरी लाल खाना खाने के बाद रोजाना की तरह अपने खेत पर जहां अज्ञात हमलावरों ने उनके सीने में गोली मार दी जिससे उनकी सर पर ही मौत हो गई लेकिन किसी को भी इसकी जानकारी नहीं हुई सुबह होने पर जब वह रोजाना की तरह सो कर उठने के बाद घर नहीं पहुंचे तब पुत्रवधू सरोज उन्हें जगाने के लिए कमरे पर पहुंची जहां उसने देखा की चतुरी लाल की लाश खून से लथपथ बिस्तर पर पड़ी है सरोज ने घटना की जानकारी घर वालों को दी जो मौके पर पहुंचे और गांव के लोगों की भीड़ भी मौके पर लग गई घटना की शिकायत पुलिस से की गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**बरेली ।** बीती रात हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेजा जहां से शिनाख्त के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के गांव फसिया पूरा निवासी 24 वर्षीय दीपक चौहान पुत्र करतार सिंह की बीती रात बरेली में आंवला थाना क्षेत्र में आंवला रामनगर मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि दीपक एक फाइनेंस कंपनी में काम करता था और कल शाम को अपने किसी काम से आंवला आया था जहां से वापस घर लौटते समय आंवला रामनगर मार्ग पर एक टैंकर ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाले टैंकर को स्थानीय लोगों ने रोकने की कोशिश की तो उसका चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया दुर्घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल दीपक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई और अस्पताल पहुंचती डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर टैंकर टैंकर कब को कब्जे में लेकर उसके चालक के विरूद्ध कार्यवाही शुरू कर दी मृतक चार भाई बहन थे उसकी मां का नाम तारा देवी है ।

## निकाय चुनाव को देख नगर में अवैध होर्डिंग की आयी बाढ़

**जालौन (उरई)।** नगर पालिका चुनावों को देखते हुए नगर में अवैध होर्डिंग की बाढ़ सी आ गई है। उन्हें लोगों की परेशानियों का भी ख्याल नहीं है। अवैध होर्डिंग से नगर पालिका को एक धेले की कमाई नहीं है। इसके बावजूद अवैध होर्डिंग के खिलाफकोई कार्रवाई नहीं जाती है। कुछ समय बाद नगर पालिका चुनाव प्रस्तावित हैं। ऐसे में नगर में शुभकामनाएं देने वालों की बाढ़ सी आ गई है। नगर में जगह जगह टंगे फ्लैक्स बोर्ड पर तस्वीरों के साथ शुभ कामना संदेश नजर आते हैं। चाहे स्ट्रीट लाइट हो या बिजली के पोल या फिर कोई दीवार ही सही हर जगह आपको होर्डिंग टंगी हुई नजर आ जाएगी। देवनगर चौराहे पर चारों ओर कहीं लकड़ी के खंभे के सहारे तो कहीं दीवार के सहारे होर्डिंग लगाई गई हैं। कहीं जगह नहीं मिली तो एक होर्डिंग के ऊपर ही दूसरी टांग दी गई। यही स्थिति तहसील रोड, झंडा चौराहा, बाजार बैठगंज, औरैया रोड और चुर्खी रोड पर बनी हुई है। अवैध रूप से लगाई गई इन होर्डिंग के कारण नगर पालिका को राजस्व का भी नुकसान होता है। इसके बाद भी इन लोगों के खिलाफकार्रवाई से बचा जाता है। इस संदर्भ में नगर पालिका ईओ सीमा तोमर ने बताया कि अवैध होर्डिंग के खिलाफसमय समय पर अभियान चलाया जाता है। शीघ्र ही पुनः अभियान चलाकर सभी अवैध होर्डिंग को हटाया जाएगा।

## राशन के चावल की बाजार में धड़ल्ले से हो रही खरीदारी

**जालौन (उरई)।** सरकार द्वारा राशनकार्ड धारकों को गेहूं से ज्यादा चावल दिया जा रहा है। कोटेदारों के यहां अधिक मात्रा में राशनकार्ड धारकों के लिए आए चावल की बाजार में धड़ल्ले से खरीद हो रही है। जगह-जगह गल्ला खरीदने वाले दुकानदार सरकारी चावल खरीद कर मुनाफा कमा रहे हैं। पहले राशनकार्ड धारकों को 3 किग्रा प्रति यूनिट की हिसाब से गेहूं व 2 किग्रा चावल दिया जाता था। अब प्रति यूनिट 3 किग्रा चावल व 2 किग्रा गेहूं दिया जा रहा है एवं दूसरी बार प्रतियूनिट 5 किग्रा चावल ही दिया गया जा रहा है। सरकारी खाद्यान्न की दुकान पर आए चावल की बाजार में धड़ल्ले से खरीद व बिक्री हो रही है। गरीबों के लिए सस्ते दर पर आये चावल की बाजार में जगह-जगह बैठे गल्ला खरीदने वाले सरकारी चावल को कम कीमत पर खरीद रहे और बाद में वही चावल ऊंचे दाम बेचकर मुनाफा कमा रहे हैं। वैसे तो सरकारी चावल की कालाबाजारी का कारोबार लंबे से समय से चल रहा। लेकिन इस बार चावल की अधिकता के कारण इसमें तेजी आ रही है। बाजार में सरकारी चावल की बिक्री व खरीद का गोरखधंधा खूब फल-फूला रहा है। इसके बाद भी जिम्मेदार जानकार अनजान बने हुए हैं, जिससे ये धंधा बेरोकटोक चल रहा है।

## पिकअप की टक्कर से मोपेड़ सवार की मौके पर मौत

**कुठौंद (जालौन)।** शंकरपुर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत रोमई मुस्तकिल मोड़ पर शंकरपुर मैं जालौन की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार पिकप ने विक्की सवार रामबाबू पुत्र नंदकिशोर उम्र लगभग 65 वर्ष निवासी लाड़पुर जो औरैया से वापस अपने घर की ओर आ रहे थे तो शंकरपुर में तेज रफ्तार पिकअप ने उनको जोरदार टक्कर मार दी जिससे रामबाबू की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी एवं शंकरपुर चौकी इंचार्ज बलराम शर्मा को राहगीरों के द्वारा दी गई घटना की खबर सुनते ही तत्काल थानाध्यक्ष एवं चौकी इंचार्ज घटनास्थल पर पहुंच गए और पिकअप को अपने कब्जे में लेकर मृतक राम बाबू का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## 180 लीटर अवैध शराब सहित 8 लोगों को पुलिस ने पकड़ा

**जालौन (उरई)।** अवैध शराब के खिलाफचलाए गए अभियान में कोतवाली पुलिस ने अलग अलग जगहों से 8 लोगों को 180 लीटर अवैध शराब सहित पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। कोतवाली पुलिस द्वारा कोतवाली क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफसघन अभियान चलाया गया। जिसमें अलग अलग जगहों से प्लास्टिक की कैन में कच्ची शराब लेकर जा रहे छोटेलाल निवासी सिहरी पड़ैया, महते व गणेश निवासीगण भावनीराम, अहिवरन निवासी उदोतपुरा, राजेंद्र निवासी कैथी थाना कोंच, कल्लू निवासी मेघाझाल रसूलाबाद व गुल्ले निवासी नया खंडेराव को पकड़ा। जिनके पास कैन से 180 लीटर शराब बरामद हुई। वहीं, जितेंद्र निवासी पहलवानबाड़ा बचने के लिए ल जा रहे 23 क्वार्टर के साथ पकड़ा। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों को कोतवाली लाकर उनके खिलाफरिपोर्ट दर्ज की।

## नाबालिग छात्रा को युवक बहला फुसलाकर ले भागा

**जालौन (उरई)।** कक्षा 10 की छात्रा को युवक बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपार्ट दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री कक्षा 10 की छात्रा है। उनके मोहल्ले में रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम कदमपुरा निवासी कैलाश का आना जाना था। इसी दौरान उसने उनकी बेटी को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। जब उन्हें इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने बेटी को समझाया बुझाया। लेकिन उसने किसी तरह फिर से बेटी से दोस्ती कर ली। बीती 24 नवंबर को उनकी बेटी स्कूल जाने की बात कहकर घर से निकली थी। इसी दौरान उक्त कैलाश उनकी बेटी को बहला फुसलाकर अपन साथ भगा ले गया। सभी संभावित स्थानों पर तलाश करने के बाद भी दोनों का कहीं पता नहीं चला। पिता ने पुलिस से पुत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। वहीं, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर प्रेमी युगल की तलाश शुरू की।

## विश्व एड्स दिवस: एनसीसी कैडेट्स ने रैली निकालकर किया जागरूक

**कोंच(जालौन)।** एचआईवी एड्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए 1 दिसंबर को हर वर्ष मनाये जाने वाले विश्व एड्स दिवस पर गुरुवार को नगर के एसआरपी इंटर कॉलिज के एनसीसी कैडिट्सों ने नगर में जागरूकता रैली निकालकर इस बीमारी से बचने के लिए आम लोगों को जागरूक किया। कॉलिज परिसर से प्रारंभ की गई रैली में शामिल एनसीसी कैडिट्सों ने मुख्य मार्ग से गुजर रहे आम लोगों को पोस्टर, बैनर व स्लोगन लिखी तख्तियों के माध्यम से इस बीमारी से बचने हेतु जागरूक किया। उन्होंने आम लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि एड्स का कोई इलाज नहीं है। लेकिन सावधानी बरती जाए तो इस बीमारी से बचा जा सकता है। एड्स मरीज समय से इलाज लेते रहें तो वह सामान्य जीवन भी जी सकता है। उन्होंने जागरूक करते हुए बताया कि एड्स असुरक्षित यौन संबंध, एचआईवी संक्रमित व्यक्ति की इस्तेमाल की गई संक्रमित सुई व रक्त से फैलता है। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भी विश्व एड्स दिवस पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. दिनेश बदरिया ने सीएचसी में मौजूद महिलाओं को एड्स जैसी बीमारी से बचाव हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान सीएचसी में पदस्थ चिकित्सक व अन्य स्टॉफसदस्य मौजूद रहे।

# निजीकरण व पुरानी पेंशन की बहाली के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार: शिवगोपाल

संवाददाता। लालगंज रायबरेली

**रेल कोच** मेंस यूनियन ने पुरी मे ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा ने राष्ट्रीय अधिवेशन के खुले सत्र को संबोधित करते हुए कहाकि पुरानी पेंशन कोई चेरिटी नहीं है ए ये रेल कर्मचारियों के लिए सोशल सिक्योरिटी है ए इसे वापस लेने के लिए फेडरेशन किसी भी हद तक जाने को तैयार है जो विभिन्न मार्गों से होते हुए ए रेलवे स्टेशन पहुँचीए जहाँ खुला सत्र होना था। ओपेन सेशन में महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा ने बड़ी संख्या में मौजूद युवा रेलकर्मियों को संबोधित करते हुए पुरानी पेंशन पर विस्तार से चर्चा की ! महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा में कहाकि पुरानी पेंशन की बहाली आज फेडरेशन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है !आपको जानकारी होनी चाहिए कि उस वक्त युवा रेल कर्मचारियों की संख्या कम थीए हमारी आवाज सुनने वाला कोई नही थाए आज हमारी ताकत ब ?ी है । आज हम अपने हक में फैसला कराने की ताकत रखते है !ऑल इंडिया रेलवे फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने कहा कि न्यू पेंशन योजना सही मायने में नो पेंशन योजना हैए योजना के तहत कर्मचारियों को नाम मात्र की पेंशन मिलती है।

आंदोलन में देशभर के सभी सरकारी कर्मचारीए राज्य कर्मचारी और केंद्रीय कर्मचारी एकजुट होकर हिस्सा लेंगे ! अब उस रकम का कहां निवेश किया जा रहा है ए ये किसी को पता नही है ! अब पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर युवा एकजुट है तो जीत भी हमारी ही होगी ! लेकिन पुरानी पेंशन ऐसा मसला है ए सरकार ने अपना रवैया नहीं बदला तो टकराव तय है ! महामंत्री ने चेताया जो लोग पेंशन पा रहे हैए उन्हें बहुत ज्यादा खुश होने की जरूरत नहीं है ए सरकार और नीति आयोग की उन पर भी नजर है।

# अनियंत्रित बाइक और कमांडर के बीच हुई भिड़ंत में दो की मौत

**पहाड़ी ( चित्रकूट )।** बक्टा पेट्रोल पंप के पास कमांडर और मोटर साइकिल से हुई आमने-सामने की भीषण भिड़ंत में दो व्यक्तियों की दर्दनाक मौत हो गई ।घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार शाम करीब पांच बजे पहाडी थाना क्षेत्र के बक्टा पेट्रोल पंप के पास राजापुर की ओर जा रहीं मोटरसाइकिल और विपरीत दिशा से आ रहीं कमांडर गाडी के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई ।जिसमें मोटरसाइकिल सवार राजकुमार(20)पुत्र मुन्नीलाल निवासी ग्राम लोढवारा थाना कोतवाली कर्वी व शिवकरन (24)पुत्र कृष्णा निवासी ग्राम चर थाना बहिलपुरवा जनपद-चित्रकूट की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे पहाडी थाने के उपनिरीक्षक अवध नारायण ने बताया कि बक्टा पेट्रोल पंप के पास मोटरसाइकिल और कमांडर के बीच आमने-सामने की भिडंत हुई है। जिसमें बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई जबकि दसरे की सांसे चल रहीं थी जिसे तत्काल गाड़ी में लादकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी ले जाया गया जहां डॉक्टर अनुज कुमार ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। मृतक की जेब से मिले मोबाइल व आधार कार्ड के माध्यम से परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। वहीं घटना की सूचना पर पहुंचे पहाड़ी थाना प्रभारी राम सिंह ने मृतकों के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया है। वहीं मृतक राजकुमार के पिता मुन्नीलाल निवासी लोढवारा ने शिनाख्त करते हुए बताया कि राजकुमार मेरा बडा पुत्र है। वहीं दूसरा मृतक शिवकरण (24) पुत्र कृष्णा निवासी चर थाना बहिलपुरवा है।

# टीएलएम से बच्चों को सिखायेंगे गुरुजी



**रायबरेली।** ब्लॉक संसाधन केंद्र राही में टी एल एम निर्माण प्रशिक्षण 21 नवंबर से एक दिसंबर तक खंड शिक्षा अधिकारी राही बृजलाल के मार्गदर्शन में सुचारू रूप से संचालित किया गया। जिसमें कुल 129 विद्यालयों के शिक्षकों ने अलग अलग बैच में निपुण भारत अभियान के अंतर्गत भाषा एवं गणित पर आधारित नए नए टीएलएम का आकर्षक ढंग से निर्माण एवं प्रदर्शन किया। टीएलएम कार्यशाला को मास्टर ट्रेनर धर्मेन्द्र सिंह, गरिमा पांडे, संजीव सिंह एवं दीपक दुबे ने संचालित कराया।

खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वनिर्मित टीएलएम के उपयोग से विद्यालय में सीखने सिखाने की प्रक्रिया को बेहतर और रुचिकर बनाया जा सकता है। सभी प्रशिक्षित अध्यापक इसे अपने अपने स्कूलों में लागूकरना है। इस अवसर पर तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

# समिति के अध्यक्ष की अशिक्षा का लाभ उठा सचिव ने हड़प लिये लाखों,शिकायत

**मौदहा ( हमीरपुर )।** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत में परछछ में मनरेगा में लाखों की धांधली का मामला सामने आया है,कार्यसमिति के अध्यक्ष ने डीएम को बताया कि उनके कम पढे लिखे होने का लाभ उठाकर सचिव ने योजनाओं में मनमानी कर लाभार्थियों से जमकर धन उगाही की है। प्रधान अंशिका गौतम के न्यायालय में नाबालिक साबित होने पर न्यायालय के आदेश द्वारा प्रधान के अधिकार समाप्त करते हुए एक कार्य समिति गठित की गई थी जिसमें चयन समिति द्वारा धर्मू को अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया था समिति के अध्यक्ष धर्मू ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि हमारे कम पढ़े लिखे होने का फायदा उठाते हुए पंचायत में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी महेंद्र प्रताप द्वारा सरकारी योजनाओं सहित विकास कार्यों में भी जमकर धांधली करते हुए सरकारी धन को ठिकाने लगाने का कार्य किया जा रहा है शिकायतकर्ता ने बताया कि पंचायत सचिव द्वारा पीएम आवास योजना के तहत गरीब व निर्धन लाभार्थियों से दस दस हजार की वसूली की गई जिसमें सुनीता, गोमती, पुनीता, नेहा, अनुसुइया, रेखा, गीता, मोतीलाल, इंदी सहित अनिला भारती शामिल है यहां तक की सरकार की महत्वपूर्ण स्वच्छ भारत मिशन के तहत लोगों को मिले शौचालय में भी प्रति लाभार्थी से दो दो हजार रुपये वसूले गए तथा बिना उसकी जानकारी के अपने चहेते ठेकेदारों के माध्यम से ग्राम के विकास कार्य सामुदायिक शौचालय, पुलिया निर्माण व संपर्क मार्ग आदि तमाम ऐसे कार्य कराये गये है। कोई कार्यवाही न होने से भ्रष्ट ग्राम पंचायत अधिकारी महेंद्र प्रताप सहित अन्य भ्रष्ट अधिकारियों कर्मचारियों के हौसले बुलंद है और गरीब ग्रामीण तमाम योजनाओं से वंचित हैं।

# नालंदा ने विक्रमशिला टीम को चौबीस रनों के अंतर से हराया

संवाददाता। लालगंज रायबरेली

**नगर की** बहुप्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ अंग्रेजी माध्यम शिक्षा की शिक्षण संस्थान बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में स्पर्धा 2022.23 के अंतर्गत क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया जिसमें नालंदा ने विक्रमशिला को पराजित किया। उल्लेखनीय है कि बीएमपीएस जहां श्रेष्ठ शैक्षिक व्यवस्था व अनुशासन के लिए जाना जाता है वहीं बच्चों की नैसर्गिक प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से निरंतर विभिन्न प्रकार की क् क्रिया.कलापों वह खेलों का आयोजन करता रहास स्पर्धा2022.23 के अंतर्गत स्पोर्ट्स मीट का आयोजन बीएमपीएस खेल प्रांगण में शुरू हुआए जिसमें आज विक्रमशिलाऔर नालंदा के मध्य क्रिकेट मैच खेला गया। विक्रमशिला के कप्तान ने टास जीता और पहले क्षेत्र रक्षण का निर्णय लिया ।पहले बल्लेबाजी करते हुए नालंदा की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 129रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विक्रमशिला की टीम 105 रन ही बना सके। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह ने खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को खेल भावना व अनुशासन में रहकर ही खेलना चाहिए तभी आशातीत सफ्लता मिल सकती हैए वहीं इस मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्रबंधक शांतनु सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि खेल आपसी भाईचारे व मैत्री भाव को बढ़ाते हैं। छात्रों में खेलों के द्वारा जहां उनकी नैसर्गिक प्रतिभा का विकास होता है वहीं एकजुटता के बारे में भी छात्र निपुण हो जाते हैं। प्रबंध निदेशक सुनील सिंह ने कहा कि छात्रों को ऐसे कार्यक्रमों में बढ़.चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए और खेल की भावना के साथ ही खेलना चाहिए। हार.जीत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

# महिला संबंधी अपराधों पर तत्काल करें कार्रवाई: डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कानून व्यवस्था एवं अभियोजन की बैठक में कहा कि महिला संबंधी मामलों में सुनवाई कराकर कार्यवाही कराई जाये। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अभिषेक आनन्द ने शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि ध्यान दें कि मेडिकल के लिए उम्र की समस्या हो तो समाधान निकालें। लम्बित मामलों को अलग करके उस पर कार्यवाही करायें। पाक्सो के मामलों पर जल्द कार्यवाही कराई जाये। समय से सम्मन जारी व तामील कराये जायें। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी से कहा कि पाक्सो एक्ट के मामलों में विवेचना से संबंधित अधिकारियों के कार्य की समीक्षा करें। जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिये कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलायें। एसडीएम, सीओ व जिला खनिज अधिकारी, एआरटीओ से कहा कि अवैध खनन माफियाओं एवं ओवरलोडिंग के खिलाफ सघन अभियान चलायें। जो गाडियां पकडी जाती हैं। एक मजबूत प्वाइंट तैयार करायें।

खनिज अधिकारी से कहा कि सभी पट्टाधारकों के साथ बैठक कर सुनिश्चित करायें कि माइनटैग सभी को अनिवार्य रुप से लगाना होगा। खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन पर भी प्रभावी कार्यवाही की जाये। बैठक में एसपी अतुल शर्मा, एडीएम न्यायिक वन्दिता श्रीवास्तव, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम सदर राजबहादुर, मऊ एसडीएम नवदीप शुक्ला, राजापुर एसडीएम प्रमोद कुमार झां, मानिकपुर एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव, जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्र कुमार यादव, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह समेत शासकीय अधिवक्ता मौजूद रहे।

# आठ माह में 27 अपराधियों पर की गयी जिला बदर की कार्रवाई:पूनम

संवाददाता। उरई (जालौन)

**गुरुवार को** अपर जिला मजिस्टेट्र पूनम निगम ने बातचीत करते हुये बताया कि माह अप्रैल से लेकर नवंबर 2022 तक आपराधिक कृत्यों में लिप्त रहे 27 अपराधियों पर जिला बदर की कार्रवाई अमल में लायी गयी है ।उन्होंने बताया कि निरंतर आपराधिक कृत्यों में संलिप्त रहने वाले अपराधियों पर कार्यवाही करने में किसी भी तरह की हिचक नहीं दिखायी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अप्रैल से नवंबर तक 8 माह में ऐसे 27 अपराधियों पर जिला बदर की कार्रवाई की गयी है। जिसमें अप्रैल माह में गोलू पुत्र इंद्रपाल निवासी सिकरी रहमानपुर, शैलेंद्र सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह उर्फ भूरे गोराकला, चंद्रप्रकाश पुत्र महाराम यादव निवासी डकोर के नाम शामिल है। मई माह में हेमंत सिंह राजपूत पुत्र अमर सिंह शंकरपुर, रुद्रप्रताप उर्फ रुद्र ठाकुर निवासी शांतिनगर उरई, कुंदन कुशवाहा निवासी तिलक नगर उरई, रवि पुत्र छुन्नू निवासी अमखेड़ा व बाल सिंह पुत्र विशुन प्रसाद निवासी ग्राम शजदानगर जकसिया के नाम शामिल है। जबकि माह जून में चरित्र गुर्जर पुत्र राजू उर्फ राजीव गुर्जर निवासी ग्राम बंगरा, शिवम गुर्जर पुत्र दुष्यंत गुर्जर निवासी बंगरा, शीबू अली पुत्र असरत अली निवासी ग्राम बागी, धर्मेन्द्र द्विवेदी उर्फ गोविंद महाराज पुत्र अजय कुमार द्विवेदी निवासी ग्राम सिहारी पड़ैया, शिवराज सिंह पुत्र गंगाराम निवासी ग्राम कुरसेड़ा, संतोष वैध पुत्र मेवालाल निवासी दावर, आलोक कुमार पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम नुनसाई थाना कोटरा, प्रतीक कौशल पुत्र बंशी बाबू कौशल निवासी गोपालगंज उरई। इसी प्रकार से माह जुलाई 2022 में टिंकल उर्फ राहुल सिंह पुत्र नरेश सिंह निवासी रुद्रपुरा, रावसाहब पुत्र शिवदयाल निवासी ग्राम जुगराजपुरा। माह सितंबर 2022 में रामेंद्र सिंह उर्फ राघवेंद्र ठाकुर पुत्र धर्म सिंह निवासी रावगंज कालपी। जबकि माह अक्टूबर 2022 में बलराम उर्फ बालस्टर पुत्र लल्लन सिंह निवासी ग्राम मलथुआ, गुड्डू उर्फ धीरेंद्र कुमार पुत्र शिवकुमार तिवारी निवासी इंदिरा नगर कालपी, शाहरुख खां पुत्र अनवर हुसैन निवासी मोहल्ला नया पटेल नगर जायसवाल टावर के पीछे उरई, देवेंद्र उर्फ मनफूले पुत्र कालका निवासी मोहल्ला उदनपुरा कालपी व माह नवंबर 2022 में अजय सिंह पुत्र मंगल सिंह निवासी ग्राम कुरसेड़ा, अंकित सिंह पुत्र गोविंद निवासी ग्राम अमखेड़ा, मानवेंद्र सिंह पुत्र महराज सिंह निवासी ग्राम डकोर व विष्णुपाल सिंह उर्फ विष्णु पुत्र मानसिंह निवासी ग्राम टिकरी थाना सिरसा कलार के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई की गयी है।

# सर्राफा कारोबारी के सूने घर से दिनदहाड़े लाखों की चोरी

**कोंच ( जालौन )।** कस्बे के नया गांधी नगर इलाके में रेलवे क्रासिंग के पास एक सर्राफ कारोबारी के सूने घर में दिनदहाड़े लाखों की चोरी से चारों तरफसनसनी फैल गई। सर्राफ कारोबारी अपने पूरे परिवार के साथ एक शादी समारोह में कानपुर गया था। जिसे रात में लेटने के लिए वह घर की चाभी देकर गया था उसी ने शाम को उसे चोरी की सूचना दी। सूचना पर कोतवाली पुलिस के अलावा सीओ भी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने फील्ड यूनिट को भी भेजा था। घटना की खास बात यह रही कि अलमारी के ठीक बगल में टंगी लाइसेंसी बंदूक को चोरों ने छुआ तक नहीं।

जानकारी के मुताबिक कस्बे के नया गांधी नगर के रेलवे क्रासिंग इलाके में रहने वाला सुनील कुमार वर्मा पुत्र स्व. रामजू वर्मा सर्राफ बाजार में सर्राफे का कारोबार करता है। बुधवार की सुबह वह भांजी की शादी में अपने पूरे परिवार के साथ कानपुर गया था। जाते जाते वह घर की चाभी अपने पुराने किराएदार और दुकान के पड़ोस में दर्जी का काम करने वाले धर्मेंद्र वर्मा उर्फकल्लू निवासी छानी को दे गया और उससे रात में घर पर ही लेटने की कह गया। शाम को लगभग सवा छह बजे कल्लू जब सुनील के घर पहुंचा और ताला खोल कर अंदर गया तो उसने कमरे का ताला टूटा और चारों ओर सामान बिखरा पड़ा देखा तो फोन से सुनील को दी। रात में करीब दस बजे सुनील कोंच आ गया और पुलिस को सूचना दी। उसने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि चोर तकरीबन चार लाख के नकदी जेवर ले गए हैं। इस चोरी में हैरान करने वाली बात यह है कि जिस अलमारी से चोरों ने नकदी जेवर चुराए हैं उसके ठीक

## ● बढ़ती चोरियां पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नही

बगल में सुनील की लाइसेंसी बंदूक भी टंगी हुई थी जिसे चोरों ने छुआ तक नहीं क्योंकि वे जानते थे कि बंदूक हजम नहीं कर पाएंगे। सूचना पर कोतवाल बलिराज शाही, सुरही चौकी इंचार्ज कमल किशोर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। घर के आंगन में पड़े लोहे के जाल की तीन पत्तियों को काटा गया था। इसके अलावा कमरे का ताला तोड़ने में घर के ही औजार इस्तेमाल किए गए थे। सीओ शैलेंद्र कुमार वाजपेयी ने भी मौके का जायजा लिया और घटना स्थल पर जिस तरह से चीजें प्लांट की गई थी उसे देखते हुए घटना में किसी करीबी के शामिल होने से इंकार नहीं किया। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने फील्ड यूनिट को भी भेजा था जिसने मौका-ए-वारदात से क्लू ढूंढे। बहरहाल, पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। इसके अलावा चोरों ने कई जगह और हाथ मारे। नदीगांव रोड पर विनोद नामदेव पुत्र करनसिंह की किराने की दुकान के ताले तोड़कर किराने का सामान भर ले गए चोर। इसी नदीगांव रोड पर डॉ. संजीव के पास रामधनी की गुमटी के ताले चटका कर गुटका बीड़ी के साथ गुल्लक में पड़ी नकदी पर चोरों ने हाथ साफ किए। उरई रोड नया पटेल नगर जेपी कुशवाहा पुत्र पशुराम की गुमटी के ताले चटका कर लगभग 12 हजार रुपए और एक मोबाइल चुरा ले गए चोर। ये सभी चोरियां पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं हैं।

# मोरक्को व क्रोएशिया प्री क्वार्टर फाइनल में, बेल्जियम बाहर

● फीफा विश्व कप

भाषा। अल रेयान (कतर)

**मोरक्को ने पहले** हाफ में दागे दो गोल की बदौलत कनाडा को गुरुवार को यहां फीफा विश्व कप के ग्रुप एफ मैच में 2-1 से हराकर अंतिम 16 में जगई बनाई जबकि पिछले विश्व कप में शीर्ष तीन में शामिल दो टीम के बीच हुआ मुकाबला गोल रहित ड्रॉ रहा जिससे क्रोएशिया नॉकआउट में पहुंचा जबकि बेल्जियम ग्रुप चरण से ही बाहर हो गया। अहमद बिन अली स्टेडियम में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम बेल्जियम ने हैरानी भरा फैसला करते हुए शुरुआती एकादश में रोमेलू लुकाकू और एडेन हेजार्ड जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को मौका नहीं दिया। टीम को 21 साल के मिडफील्डर अमादू ओनाना की भी कमी खली। दो पीले कार्ड मिलने के कारण ओनाना निलंबित थे। बेल्जियम के पास हालांकि नियमित समय के अंतिम तीन मिनट में दो बार गोल दागने का स्वर्णिम मौका था लेकिन दोनों बार लुकाकू चूक गए। दोहा के अल थुमामा स्टेडियम में दुनिया की 22वें नंबर की टीम मोरक्को ने हाकिम जिएच (चौथे मिनट) और यूसुफ एन नेसरी (23वें मिनट) के पहले हाफ में दागे गोल से 1986 के बाद पहली बार नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। कनाडा का गोल नोएफ एग्वेर्ड (40वें मिनट) की ओर से आया जिन्होंने आत्मघाती गोल दागा। मोरक्को और कनाडा की टीम इससे पहले सिर्फ एक बार एक दूसरे के आमने-सामने थीं। मोरक्को ने 2016 में इस मैत्री मैच में 4-0 से जीत दर्ज की थी। इस जीत की बदौलत मोरक्को की टीम तीन मैच में दो जीत और एक ड्रॉ से सात अंक जुटाकर शीर्ष पर रही। चार साल पहले फाइनल में पहुंचने वाला क्रोएशिया एक जीत और दो ड्रॉ से पांच अंक जुटाकर ग्रुप एफ से अंतिम 16 में जगह बनाने वाली दूसरी टीम बना। रूस में 2018 में हुए पिछले विश्व कप में तीसरे स्थान पर रहा बेल्जियम एक जीत, एक ड्रॉ और एक हार से चार अंक जुटाकर तीसरे स्थान पर रहा। अंतिम मैच से पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुका कनाडा कोई अंक नहीं जुटा सका और अंतिम स्थान पर रहा। मोरक्को का सामना अब पांच दिसंबर को होने वाले प्री क्वार्टर फाइनल में ग्रुप ई में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा जबकि इसी दिन क्रोएशिया की टीम ग्रुप ई में शीर्ष पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी। दुनिया की 12वें नंबर की टीम क्रोएशिया ने बेल्जियम के खिलाफ बेहतर शुरुआत की। शुरुआती मिनटों में क्रोएशिया का दबदबा दिखा लेकिन गोल करने के मौके बेल्जियम को मिले। पहले मौके पर दाएं छोर से मिले क्रॉस पर गोलमुख के समीप गेंद मिलने के बावजूद यानिक करास्को गेंद को गोल में पहुंचाने में नाकाम रहे। दो मिनट बाद इसी तरह के मूव पर गेंद ड्राइस मर्टेन्स के पास पहुंची लेकिन उन्होंने भी गेंद को गोल के ऊपर से बाहर मार दिया। क्रोएशिया को इसके बाद शानदार मौका मिला। मैच के 15वें मिनट में कप्तान लुका मोर्डिच ने फ्री किक ली लेकिन करास्को ने आंद्रेज करामारिच के खिलाफ फाउल कर दिया जिससे रैफरी ने पेनल्टी दे दी। वीडियो सहायक रैफरी (वीएआर) की सहायता लेने पर हालांकि फ्री किक के समय क्रोएशिया के खिलाड़ी को ऑफ साइड पाया गया और पेनल्टी वापस ले ली गई। दोनों टीम ने मध्यांतर से पहले कई मूव बनाई लेकिन किसी भी टीम को गोल करने में सफलता नहीं मिली। दोनों ही टीम के खिलाड़ियों की फिनिशिंग में कमी दिखी। मिडफील्ड अच्छे मूव बनाकर मौके तो बना रही लेकिन दोनों ही टीम के स्ट्राइकर गोल करने में नाकाम रहे। बेल्जियम ने मध्यांतर के बाद खेल शुरू होते ही मर्टेन्स की जगह अनुभवी रोमेलु लुकाकू को उतारा। दूसरे हाफ के तीसरे ही मिनट में कप्तान केविन डि ब्रून ने बाएं छोर से तेजर्तार शॉट मारा लेकिन गोलमुख के सामने जोसिप जुरानोविच ने खतरा टाल दिया। अगले ही मिनट में लुकाकू के हैडर से लगाए शॉट को गोलकीपर डोमीनिक लिवाकोविच ने रोक दिया।मैच के 50वें मिनट में क्रोएशिया ने पलटवार करते हुए मूव बनाया लेकिन मातियो कोवासिच दनदनाते हुए शॉट को गोल के अंदर पहुंचाने में नाकाम रहे। मोड्रिच को 54वें मिनट में एक और मौका मिला। उन्होंने दो डिफेंडर को छकाकर जगह बनाई लेकिन उनके तेजर्तार शॉट को बेल्जियम के गोलकीपर थिबोट कोर्टोइस ने दाईं ओर गोता लगाते हुए बाहर कर दिया। बेल्जियम को 60वें मिनट में गोल करने स्वर्णिम मौका मिला। मिडफील्ड से गेंद करास्को के पास पहुंची लेकिन उनके शॉट को गोलकीपर ने रोक दिया। गोलकीपर हालांकि गेंद को अपने कब्जे में नहीं ले पाए। गेंद लुकाकू के पास पहुंची जिन्होंने करारा शॉट मारा लेकिन गेंद दाएं गोल पोस्ट से टकराकर बाहर निकल गई। अंतिम 15 मिनट में भी दोनों टीम ने कई मूव बनाए लेकिन दोनों की टीम की रक्षापंक्ति ने डटकर हमलों का सामना किया और विरोधी टीम को गोल करने में सफल नहीं होने दिया। लुकाकु को 87वें मिनट में गोल करने का एक और मौका मिला था लेकिन वह गेंद बाहर मार बैठे। बेल्जियम ने 87वें मिनट में एडेन हेजार्ड को मैदान पर उतारा लेकिन वह कोई जादू नहीं कर सके। लुकाकु को 90वें मिनट में गोल दागने का एक और सुनहरा मौका मिला। गोलकीपर गोल के आगे से हट चुके थे और लुकाकु को सीधे उनके पास आई गेंद को गोल की राह दिखानी थी। लुकाकु ने हालांकि हैडर लगाने की जगह गेंद को छाती से रोका और इसे नियंत्रित नहीं कर पाए जिसे गोलकीपर ने वापस आकर अपने कब्जे में ले लिया।



बेल्जियम व क्रोएशिया के खिलाड़ी गेंद के लिए संघर्ष करते हुए

## विश्व कप ग्रुप में शीर्ष पर रहकर ब्राजील से भिड़ने से बचना चाहेगा पुर्तगाल

**दोहा (कतर)।** लगातार जीत से एक मैच रहते अगले दौर मे पहुंची पुर्तगाल के लिए विश्व कप का ग्रुप चरण इससे बेहतर नही हो सकता था लेकिन अब उसकी निगाहे शुक्रवार को दक्षिण कोरिया के खिलाफ ग्रुप एच मुकाबले मे एक अंक हासिल करने पर लगी है ताकि वह अंतिम 16 मे ब्राजील से भिड़ने से बच सके। पुर्तगाल के कोच फर्नांडो सांतोस ने कहा, अगर हमे एक दूसरे का सामना करना होगा तो यह दो महान टीमो के बीच मुकाबला होगा। लेकिन हमारी इच्छा और ब्राजील की भी यही होगी कि हम टूर्नामेंट मे बाद मे एक दूसरे से भिड़ें। रविवार को उरूग्वे पर 2-0 की जीत के बाद सांतोस ने कहा था कि वह दक्षिण कोरिया के खिलाफ कई अहम खिलाड़ियों को आराम देने की योजना बना रहे है। रोनाल्डो इसमे अपवाद हो सकते है। नौ दिन मे तीन मैच 37 वर्षीय स्ट्राइकर रोनाल्डो के लिए काफी ज्यादा हो सकते है जो इस सत्र मे मैनचेस्टर यूनाईटेड के लिए ज्यादा समय तक मैदान मे नही उतरे है। इंग्लैड के इस फुटबॉल क्लब ने हाल मे रोनाल्डो का अनुबंध समाप्त कर दिया था, जब उन्होने विश्व कप से पूर्व साक्षात्कार मे क्लब के मैनेजर, मालिक और यहां तक साथियो की आलोचना की थी। रोनाल्डो बुधवार को टीम के ट्रेनिंग सत्र मे नही दिखे जबकि वह जिम मे अभ्यास कर रहे थे। हो सकता है कि वह अंतिम 16 मुकाबले मे ही खेले। इससे गोंकालो रामोस या आंद्रे सिल्वा को शुरूआत करने का मौका मिल सकता है। सेंटर बैक दानिलो परेरा के भी मैच मे नही खेलने की उम्मीद है जो पिछले हफ्ते ट्रेनिंग के दौरान पसली मे चोट लगा बैठे थे। वही उरूग्वे के खिलाफ पहले हाफ मे चोटिल हुए लेफ्ट बैक नुनो मेंडेस की जगह भी दूसरे खिलाड़ी को लाया गया था, उनके भी खेलने की संभावना नही है। अगर ब्रूनो फर्नांडिस चुने जाते है तो वह अपनी शानदार फॉर्म जारी रखना चाहेगे। वह अभी तक दो गोल कर चुके है और दो गोल करने मे मदद कर चुके है। वही दक्षिण कोरिया को भी जीत दर्ज करने के अलावा उसी समय घाना और उरूग्वे के बीच हो रहे मुकाबले का नतीजा अपने हक मे आने की दरकार होगी ताकि वह ग्रुप से पुर्तगाल के साथ अगले दौर मे पहुंच सके।



## घाना और उरूग्वे 2010 के विवादास्पद मुकाबले के बाद एक बार फिर विश्व कप में भिड़ेंगे

**दोहा।** घाना और उरूग्वे की टीमे 2010 मे फुटबॉल विश्व कप के सबसे विवादास्पद मुकाबलो मे से एक खेलने के बाद शुक्रवार को अपने अंतिम ग्रुप एच मैच मे फिर आमने-सामने होगी। घाना के कोच ओटो एडो ने कहा, यह काफी लंबे समय पहले की बात है। विश्व कप 2010 के क्वार्टर फाइनल मे उरूग्वे के खिलाफ हार की पीड़ा हालांकि घाना के लोगो के दिल मे ताजा है। अतिरिक्त समय के अंत मे उरूग्वे के स्ट्राइकर लुई सुआरेज ने जानबूझकर हाथ से गेद को रोक दिया था जिससे घाना की टीम निश्चित गोल से वंचित रह गई थी और इसके साथ ही सेमीफाइनल मे जगह बनाने वाली अफ्रीका की पहली टीम बनने से भी महरूम रह गई। हैडबॉल के लिए सुआरेज को मैच से बाहर किया गया और घाना को पेनल्टी मिली। सुआरेज को इसके बाद टीम बॉक्स मे जोरदार जश्न मनाते देखा गया जब पेनल्टी किक पर असामोह ज्ञान का शॉट क्रॉसबार से टकरा गया। उरूग्वे ने इसके बाद पेनल्टी शूटआउट मे जीत दर्ज की। बारह साल बाद अब घाना के पास ग्रुप एच के अपने अंतिम मुकाबले मे उरूग्वे को हराकर बदला चुक्ता करने का मौका है। जीत के साथ घाना अंतिम 16 मे जगह बना लेगा जबकि उरूग्वे की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी।

## ब्राजील के खिलाफ कैमरून को जीत और किस्मत के साथ की जरूरत

**दोहा (कतर)।** फीफा विश्व कप मे शुरुआती दोनो मैचो को जीतने वाली ब्राजील की टीम शुक्रवार देर रात (साढ़े 12 बजे) को जब ग्रुप जी के अपने आखिरी मैच मे कैमरून के खिलाफ मैदान मे उतरेगी तो उसके कोच टिटे सभी रिजर्व खिलाड़ियो को आजमाएंगे। वही दूसरी ओर दो मैचो मे एक हार और ड्रॉ का नजीता हासिल करने वाली कैमरून की टीम को टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल मे जगह बनाने के लिए इस मैच मे जीत के साथ किस्मत की साथ की भी जरूरत होगी। इस ग्रुप मे ब्राजील के छह अंक है जबकि स्विट्जरलैड के नाम तीन और कैमरून तथा सर्बिया के एक-एक अंक है। ब्राजील की टीम नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई कर चुकी है और कोच टिटे अब तक बेच पर बैठे खिलाड़ियो को इस मुकाबले मे परखना चाहेगे। स्टार फॉरवर्ड नेमार, राइट बैक डैनिलो और लेफ्ट बैक एलेक्स सैंड्रो चोटो के कारण उपलब्ध नही होगे। नेमार अभी भी अपने दाहिने टखने की चोट का इलाज कर रहे थे और यह स्पष्ट नही था कि वह कब वापसी करेगे। टिटे ने इस मैच के लिए सभी रिजर्व खिलाड़ियों का उपयोग करने की योजना बनाई है, जिसकी शुरुआत गोलकीपिंग मे एलिसन की जगह एंडरसन से होगी। टीम की रक्षा पंक्ति मे अनुभवी दानी अल्वेस को जगह मिलेगी जबकि फैबिन्हो मिडफील्ड मे खेलने के लिए तैयार है। एंटनी और गेब्रियल मार्टिनेली के अग्रिम पंक्ति मे होने की उम्मीद है।

## नॉकआउट में जगह पक्की करने उतरेंगे स्विट्जरलैंड और सर्बिया

**दोहा।** सर्बिया और स्विट्जरलैड की टीम शुक्रवार को फीफा विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले मे जब आमने-सामने होगी तो यह मैच नॉकआउट की तरह होगा और इसका विजेता अंतिम 16 मे जगह बनाएगा जबकि हारने वाली टीम बाहर हो जाएगी। ग्रुप जी से ब्राजील की टीम शुरुआती दो मैच जीतकर पहले की नॉकआउट मे जगह बना चुकी है। इस ग्रुप से क्वालीफाई करने वाली दूसरी टीम के लिए कैमरून, सर्बिया और स्विट्जरलैड के बीच मुकाबला है। स्टेडियम 974 मे होने वाले इस मुकाबले के संदर्भ मे स्विट्जरलैड के कप्तान ग्रेनित शाका ने सोमवार को ब्राजील के खिलाफ 0-1 की हार के बाद कहा था, हमे टूर्नामेंट की शुरुआत मे ही पता था कि इस ग्रुप मे सर्बिया के खिलाफ मैच बेहद महत्वपूर्ण होगा। स्विट्जरलैड की टीम अभी दूसरे स्थान पर चल रही है और सर्बिया के खिलाफ ड्रॉ भी उसे नॉकआउट मे जगह दिला सकता है। टीम हालांकि जीत के इरादे से ही उतरेगी। स्विट्जरलैड के मिडफील्डर जिब्रिल सोव ने कहा, मै एक भी ऐसी टीम को नही जानता तो मैदान पर गोल रहित ड्रॉ खेलने के लक्ष्य के साथ उतरेगी। यह बेहद खतरनाक है। स्विट्जरलैड की टीम पिछले दो विश्व कप और पिछली दो यूरोपीय चैंपियन के नॉकआउट मे पहुंची है। सर्बिया ने स्वतंत्र राष्ट्र बनने के बाद से विश्व कप नॉकआउट मुकाबला नही खेला है।

## तास्किन भारत के खिलाफ पहले वनडे से बाहर

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ तास्किन अहमद पीठ का दर्द उभरने के कारण मीरपुर मे भारत के खिलाफ चार दिसंबर को होने वाले पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले से बाहर हो गए है। चयन समिति के अध्यक्ष मिनहाजुल अबेदीन ने यह जानकारी दी। मुख्य चयनकर्ता मिनहाजुल ने गुरुवार को क्रिकबज से कहा, तास्किन पहले मैच से बाहर हो गया है क्योंकि उसकी पीठ का दर्द फिर उभर आया है। हम उसकी प्रगति पर नजर रख रहे है जिसके बाद आगे उसके प्रतिनिधित्व पर फैसला किया जाएगा।

## इंग्लैंड ने पाक के खिलाफ पहले दिन चार विकेट पर रिकॉर्ड 506 रन बनाए

**रावलपिंडी।** वायरस के संक्रमण से जूझ रही इंग्लैड की टीम ने चार बल्लेबाजों की शतकीय पारी के दम पर पाकिस्तान के खिलाफ शुरुआती टेस्ट मैच के पहले दिन महज 75 ओवर के खेल मे चार विकेट पर 506 रन बनाकर विश्व रिकॉर्ड कायम किया। सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली और बेन डकेट ने गुरुवार को यहां शतकीय पारी खेलने के साथ पहले विकेट के लिए 233 रन की साझेदारी कर इंग्लैड को आक्रामक शुरुआत दिलाई जबकि ओली पोप और हैरी ब्रुक्स ने दिन के आखिरी सत्र मे शतक ठोककर पाकिस्तान की अनुभवहीन गेंदबाजी का पूरा फायदा उठाया।

## लाबुशेन और स्मिथ के दोहरे शतक

**पर्थ।** मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ के दोहरे शतको से आस्ट्रेलिया ने गुरुवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन चार विकेट पर 598 रन पर पहली पारी घोषित की। वेस्टइंडीज ने खराब रोशनी के कारण हुए स्टंप तक बिना विकेट गंवाए 74 रन बना लिए थे। लाबुशेन का यह दूसरा दोहरा शतक था और वह 204 रन बनाकर लंच से पहले अंतिम गेंद पर आउट हुए।

## पेले नियमित उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती

**साओ पाउलो।** ब्राजील के महान फुटबॉल खिलाड़ी पेले को ट्यूमर के उपचार की जरूरतों के लिए यहां के एक अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। उनकी बेटी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पेले की बेटी केली नैसिमेंटो ने कहा कि उनके 82 वर्षीय पिता के स्वास्थ्य के संबंध मे कोई आपात स्थिति नही है। अमेरिका मे रहने वाली नैसिमेंटो ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट मे यह टिप्पणी की। मेरे पिता के स्वास्थ्य को लेकर आज मीडिया मे काफी चिंता जताई गई। हम वास्तव मे इस प्यार की सराहना करते है। ईएसपीएन ब्रासिल ने पहले बताया था कि तीन बार के विश्व कप चैंपियन को सामान्य सूजन के कारण अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल ले जाया गया था।

# फाइनल मैच में महाराष्ट्र के बल्लेबाजों के सामने और सौराष्ट्र के गेंदबाजों की चुनौती

● विजय हजारे ट्रॉफी

भाषा। अहमदाबाद



**महाराष्ट्र और** सौराष्ट्र की टीमें विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट के फाइनल में शुक्रवार को जब एक दूसरे के सामने मैदान में उतरेंगी तो बल्ले से शानदार लय में चल रहे रुतुराज गायकवाड़ के सामने घरेलू दिग्गज जयदेव उनादकट की धारदार गेंदबाजी से पार पाने की चुनौती होगी। सौराष्ट्र के उनादकट के शुरुआती स्पैल का सेमीफाइनल में कर्नाटक के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। वहीं, महाराष्ट्र के सलामी बल्लेबाज गायकवाड़ ने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में क्रमश: उत्तर प्रदेश और असम के खिलाफ बड़ी शतकीय पारियां खेलकर टीम की जीत सुनिश्चित की। गायकवाड़ टीम के शुरुआती कुछ मैच नहीं खेल सके थे लेकिन फिर भी उन्होंने टूर्नामेंट के चार मैचों में ही 552 रन ठोक दिए हैं। इसमे एक ओवर में सात छक्के लगाने का लिस्ट ए रिकॉर्ड भी शामिल है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के खिलाफ इस मैच में 220 रन बनाए और फिर असम के खिलाफ सेमीफाइनल में 168 रन की पारी खेली। उनके टीम के साथी अंकित बावने ने इस दौरान आठ मैचों में 571 रन बनाए है। राहुल त्रिपाठी ने लीग चरण के दौरान 524 रन बनाए लेकिन वह फाइनल के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। राहुल तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए बांग्लादेश में हैं। इसकी तुलना में सौराष्ट्र की बल्लेबाजी में ज्यादा दमखम नहीं दिखा है। समर्थ व्यास (431 रन) टीम के सर्वोच्च रन स्कोरर है लेकिन टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में दोहरा शतक बनाने के बाद उन्होंने लय गंवा दी। विकेटकीपर हार्विक देसाई ने इस दौरान प्रभावित करते हुए 390 रन बनाए। बल्ले से गायकवाड़ की जैसी मौजूदगी महाराष्ट्र की टीम में है सौराष्ट्र के लिए गेंद से वही काम उनादकट कर रहे है। बीते रणजी सत्र में 67 विकेट लेने वाले अनुभवी उनादकट ने इस एकदिवसीय टूर्नामेंट में अब तक 3.43 की औसत से रन खर्च किए है और 18 विकेट चटकाए है। टीम के बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्र जडेजा (15 विकेट) और तेज गेंदबाज चेतन सकारिया (12 विकेट) ने भी किफायती गेंदबाजी के साथ विकेट चटकाकर प्रभावित किया है।

## अशोक मल्होत्रा, जतिन परांजपे नई क्रिकेट सलाहकार समिति में

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय खिलाड़ी और राष्ट्रीय चयनकर्ता अशोक मल्होत्रा और जतिन परांजपे बीसीसीआई की तीन सदस्यीय क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) से जुड़ेंगे जिसमें सुलक्षणा नायक शामिल हैं। इस नई सीएसी को इस महीने के अंत में नया चयन पैनल चुनने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। मल्होत्रा सीएसी में पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज मदन लाल की जगह लेंगे और परांजपे को रूद्र प्रताप सिंह की जगह शामिल किया गया। रूद्र प्रताप सिंह टैलेंट स्काउट के तौर पर मुंबई इंडियंस से जुड़ गए हैं। केवल पूर्व महिला क्रिकेटर नायक ही पिछली समिति से हैं। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने विज्ञप्ति में कहा, मल्होत्रा ने सात टेस्ट और 20 वनडे में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और हाल में वह भारतीय क्रिकेटरों के संघ के अध्यक्ष रह चुके हैं। परांजपे ने भारत के लिए चार वनडे खेले हैं।

## भाकर ने महिला 25 मीटर पिस्टल में चार स्वर्ण के साथ सूपड़ा साफ किया

भाषा। नई दिल्ली

● राष्ट्रीय निशानेबाजी



**ओलंपियन मनु** भाकर ने गुरुवार को यहां 65वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप प्रतियोगिता में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत महिला और जूनियर महिला वर्ग में स्वर्ण जीता। भाकर ने इससे पहले इसी स्पर्धा के टीम वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीते थे। भोपाल में मध्य प्रदेश निशानेबाजी अकादमी परिसर में महिलाओं के स्वर्ण पदक मैच में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करने वाली भाकर ने सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) की पुष्पांजलि राणा को 33-27 से हराया। भाकर ने इसके बाद जूनियर महिला खिताबी मुकाबले में राज्य की अपनी साथी विभूति भाटिया को 32-24 से हराकर व्यक्तिगत स्पर्धाओं में दोहरा स्वर्ण हासिल किया। वह इससे पहले बुधवार को टीम स्पर्धा का स्वर्ण जीत चुकी है। केरल के तिरुवनंतपुरम में वट्टियूरकावू निशानेबाजी परिसर में राइफल प्रतियोगिता की मिश्रित टीम स्पर्धा में पंजाब की समीक्षा ढींगरा और अर्जुन की जोड़ी ने मध्य प्रदेश की श्रेया अग्रवाल और हर्षित बिंजवा पर 17-5 का आसान जीत दर्ज की। जूनियर मिश्रित टी स्पर्धा में हरियाणा की नैन्सी और गुरमुख की जोड़ी ने कर्नाटक की तिलोत्तमा सेन और डेरियस की जोड़ी को 16-10 से हराया।

## बल्लेबाजी करते हुए स्कोर बोर्ड नहीं देखता था: गावस्कर

**कोलकाता।** अपने करियर में 13,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा कि उन्होंने बल्लेबाजी करते समय कभी स्कोर बोर्ड नहीं देखा और क्रीज पर कभी भी लक्ष्य निर्धारित नहीं किया। भारत के पूर्व कप्तान ने यह भी कहा कि टेस्ट मैच में उनका उद्देश्य हमेशा सत्र दर सत्र बल्लेबाजी करना था, खेल की शुरुआत से लेकर स्टंप तक। गावस्कर ने एबीपी ग्रुप द्वारा आयोजित एक आईटी कार्यक्रम इंफोकॉम 2022 के दौरान स्पॉटलाइट सत्र में कहा, जब मैं बल्लेबाजी कर रहा होता था तो मैं कभी स्कोरबोर्ड नहीं देखता था क्योंकि प्रत्एक बल्लेबाज का लक्ष्य निर्धारित करने का अपना तरीका होता है। छोटे लक्ष्य वो होते हैं जो कोच आपको सबसे पहले बताते हैं। 10, 20 और 30 रन तक पहुंचना, जो एक अच्छा तरीका है।

## आईपीएल-23 की नीलामी के लिए 991 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया


**नई दिल्ली।** कोच्चि में 23 दिसंबर को होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 की खिलाड़ियों की नीलामी के लिए 714 भारतीयों सहित कुल 991 क्रिकेटरों ने पंजीकरण कराया है। इस सूची में भारत के अलावा 14 अन्य देशों के खिलाड़ी शामिल है। विदेशी खिलाड़ी की सूची में ऑस्ट्रेलिया के सबसे ज्यादा 57 क्रिकेटर इस नीलामी में शामिल होंगे। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के 52 खिलाड़ी है। इस सूची में वेस्टइंडीज (33), इंग्लैंड (31), न्यूजीलैंड (27), श्रीलंका (23), अफगानिस्तान (14) आयरलैंड (आठ), नीदरलैंड (सात), बांग्लादेश (छह), यूएई (छह), जिम्बाब्वे (छह)), नामीबिया (पांच) और स्कॉटलैंड (दो) के खिलाड़ी भी शामिल है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से जारी विज्ञप्ति में सचिव जय शाह ने कहा, अगर हर फ्रेंचाइजी अपनी टीम में अधिकतम 25 खिलाड़ियों को शामिल करती है तो इस नीलामी में कुल 87 खिलाड़ियों के लिए बोली लगेगी। इसमें 30 विदेशी खिलाड़ी हो सकते है। खिलाड़ियों की सूची में 185 कैप्ड (राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके), 786 अनकैप्ड और एसोसिएट देशों के 20 खिलाड़ी हैं। इस सूची में 604 अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी है।

# भारत ए की विशाल बढ़त के बाद बांग्लादेश ए की बेहतर बल्लेबाजी

भाषा। कॉक्स बाजार (बांग्लादेश)

**बांग्लादेश ए के** बल्लेबाजों ने गुरुवार को यहां भारत ए को पहले अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन बड़ी बढ़त गंवाने के बाद आसान हो चुकी पिच पर दूसरी पारी में एक विकेट पर 172 रन बनाए। भारत ए ने पहली पारी पांच विकेट पर 465 रन बनाकर घोषित की थी।

दूसरे दिन अभिमन्यु ईश्वरन और यशस्वी जायसवाल के शतक के बाद भारत ए ने तीसरे दिन एक घंटे बल्लेबाजी की। विकेटकीपर बल्लेबाज उपेंद्र यादव (122 गेंद में नाबाद 71) के अर्धशतक पूरा करने के बाद भारत ए ने पारी घोषित की। पहली पारी में 353 रन से पिछड़ने के बाद बांग्लादेश ए के बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में अधिक प्रतिबद्धता दिखाई। जाकिर हसन (नाबाद 81) और टेस्ट स्टार नजमुल हुसैन शंटो (नाबाद 56) दूसरे विकेट के लिए 101 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं। जाकिर ने इससे पहले महमूदुल हसन जॉय (21) के साथ पहले विकेट के लिए 71 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। भारत ए के गेंदबाजों ने तीसरे दिन 63 ओवर गेंदबाजी की और टीम को एकमात्र सफलता बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार (18 ओवर में 45 रन पर एक विकेट) ने दिलाई। सौरभ ने जॉय को जयंत यादव के हाथों कैच कराके मैच का अपना पांचवां विकेट हासिल किए। सौरभ और ऑफ स्पिनर जयंत (18 ओवर में बिना विकेट के 55 रन) को दूसरी पारी में विकेट हासिल करने के लिए जूझना पड़ा क्योंकि विकेट बल्लेबाजी के लिए आसान हो चुका है। भारतीय बल्लेबाजों ने मैच के पहले दिन सुबह नमी का फायदा उठाते हुए शेख कमल अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में बांग्लादेश को पहली पारी में 112 रन पर ढेर कर दिया था।



## स्टोक्स ने वापसी का रास्ता खुला रखा : रिपोर्ट

**रावलपिंडी।** स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने अगले साल भारत में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप मे इंग्लैड की खिताब की रक्षा के अभियान के लिए एकदिवसीय संन्यास से वापसी की संभावना को खारिज नही किया है। इंग्लैड के 31 साल के टेस्ट कप्तान स्टोक्स ने जुलाई मे काम के बोझ का हवाला देते हुए एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी लेकिन इस फैसले के पांच महीन से भी कम समय बाद उन्होने अपनी वापसी के दरवाजे खुले रखे है। ईएसपीएनक्रिकइंफो वेबसाइट ने स्टोक्स के हवाले से कहा, क्या पता उस समय विश्व कप को लेकर मै क्या सोच रहा हूं। वह गुरुवार से यहां पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट से पूर्व बोल रहे थे। स्टोक्स ने 2019 विश्व कप के फाइनल मे इंग्लैड की जीत मे अहम भूमिका निभाई थी और नवंबर मे ऑस्ट्रेलिया मे टीम के टी20 विश्व कप जीतने के दौरान भी वह फाइनल मे स्टार रहे।

## उन्नति बैडमिंटन एशिया जूनियर चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा ने गुरुवार को थाईलैंड में खेली जा रही बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 जूनियर चैंपियनशिप के महिला एकल अंडर-17 वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। ओडिशा ओपन चैम्पियन उन्नति ने प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में थाईलैंड की 14वीं वरीयता प्राप्त नटचावी सित्तीतेरानन को 21-11, 21-19 से हराया। महिला अंडर-17 के एक अन्य मैच में भारत की अनमोल खर्ब को मलेशिया की दानिया सोफिया ने 17-21, 21-19, 13-21 हराकर टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखाया। अंडर-15 महिला युगल में शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी रेड्डी और दुर्गा ईशा कंदरापू की भारतीय जोड़ी ने सुनीसा लेकजुला और पिमचानोक सुथिविरियाकुल की स्थानीय जोड़ी को 21-18, 22-20 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। महिलाओं के अंडर-17 युगल में चौथी वरीयता प्राप्त नव्या कंडेरी और रक्षिता श्री संतोष रातराज की जोड़ी को अंतिम-32 मुकाबले में अकारी कामियो और नायु शिराकावा की जापान की जोड़ी ने 21-12, 21-11 से हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारत की वेन्नाला कलगोटला और श्रियांशी वालिशेट्टी की महिला युगल जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा।

## ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का स्वदेश लौटने पर फीका स्वागत

**बगदाद।** ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का अमेरिका के खिलाफ विश्व कप मुकाबले में हार के बाद स्वदेश लौटने पर फीका स्वागत हुआ। ईरान और अमेरिका के बीच यह मुकाबला उस समय खेला गया जब ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शन चल रहे हैं। खिलाड़ी बुधवार देर रात ईरान लौटे। इससे एक दिन पहले उन्हें अमेरिका के खिलाफ 0-1 की हार का सामना करना पड़ा था। सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों ने टीम को सत्ताधारियों का प्रतीक मानते हुए ईरान के कुछ शहरों में आतिशबाजी और खुशी के साथ हार का जश्न मनाया था। ईरान के खिलाड़ियों ने भी विश्व कप के पहले मैच में देश का राष्ट्रगान नहीं गाया था। कइयों ने इस कदम को प्रदर्शनकारियों से एकजुटता के रूप में देखा था। टीम ने हालांकि बाकी दो मैच में राष्ट्रगान गाया।

## फ्रांस महासंघ ने ग्रिजमान के गोल को ऑफसाइड करने पर फीफा से की शिकायत

**अल रेयान।** फ्रांस फुटबॉल महासंघ (एफएफएफ) विश्व कप में ट्यूनीशिया से मिली 0-1 की हार वाले मैच के अंत में एंटोइन ग्रिजमान के गोल को ऑफसाइड करने करने के लिए फीफा से आधिकारिक शिकायत दायर की। ग्रिजमान ने बुधवार को एजुकेशन सिटी स्टेडियम में स्टापेज टाइम के आठवें और अंतिम मिनट में नीचे शॉट से गोल किया। लेकिन रैफरी मैथ्यू कोगर ने वीडियो समीक्षा के बाद इस बराबरी गोल को खारिज कर दिया। एफएफफए ने गुरूवार रात को बयान जारी कर कहा कि अनुचित रूप से इस गोल के लिए इनकार किया गया लेकिन इसके बारे में ज्यादा ब्यौरा नहीं दिया। रिपोर्ट के अनुसार महासंघ ने इस तथ्य पर ध्यान दिलाया कि कोंगर ने मैच शुरू कर दिया था और फिर सीटी बजाई जिसके बाद उन्होंने वीएआर से संपर्क किया और ग्रिजमान के गोल को खारिज कर दिया।

## कैमरून के खिलाफ मैच के बाद विश्व कप में नेमार को लेकर फैसला करेगा ब्राजील

**दोहा।** ब्राजील विश्व कप में कैमरून के खिलाफ होने वाले मुकाबले के बाद नेमार के टूर्नामेंट में हिस्सा लेने पर फैसला करेगा। नेमार को सर्बिया के खिलाफ टीम के पहले मैच में दाहिने टखने में चोट लग गई थी। इसके बाद वह बाकी ग्रुप मुकाबलों के लिए टीम से बाहर हो गए। चोट के कारण वह कैमरून के खिलाफ अंतिम ग्रुप मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। ब्राजील के सहायक कोच क्लेबर जेवियर ने गुरुवार को कहा, वह प्रगति कर रहे हैं।